आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 30°C | 17°C |

इनसाइड न्यूज

राजधानी में जुटेंगे यूपी के एक लाख किसान, कृषि तकनीक से होंगे...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 15 नवंबर, 2024 / पेज: 12 / मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 34 www.janexpresslive.com/epaper



भारतीय अर्थव्यवस्था चुनौतियों के... 12

# एक ही थाली में खाकर लूट-खसोट करते हैं कांग्रेस, झामुमो व राजद वाले : सीएम योगी

## सीएम ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड के स्थापना दिवस की दी शुभकामनाएं

- बोले, दूसरी, तीसरी, चौथी शादी कराकर जनजाति बेटियों को बहकाकर जमीन पर कर लिया जाता है कब्जा
- हम बंटे थे तो पाकिस्तान व बांग्लादेश बन गया, लेकिन अब बंटना नहीं बल्कि एक और सेफ रहना है
- पहले चरण के मतदान का रुझान बता रहा-झारखंड को लूटने वाले सत्ता से होंगे बेदखल, भाजपा बनाएगी सरकार: योगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। धनबाद/बोकारो

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को झारखंड में तीसरे दिन चुनावी रण में पहुंचे। उन्होंने 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन जयंती और झारखंड के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। सत्तारुढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के साथ ही कांग्रेस, राजद व वामपंथी उनके निशाने पर रहे। बोले कि पहले चरण के मतदान का रुझान बता रहा कि झारखंड को लूटने वाले झामुमो, कांग्रेस व राजद सत्ता से बेदखल होने जा रहे हैं और भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस, कम्युनिस्ट, झामुमो व राजद वाले यहां दिखावा करते हैं और रांची में एक ही थाली में खाकर लूट-खसोट करते हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को निरसा विधानसभा से प्रत्याशी अपर्णा सेनगुप्ता, सिंदरी से तारा देवी, बोकारो से बिरंची नारायण, चंदनक्यारी से अमर कुमार बाउरी व बेरमो से रविंद्र कुमार पांडेय, गोमिया से लंबोदर महतो के लिए जनसभा कर जिताने की अपील की।



### सीएम योगी ने किए श्रीराम व मां काली के दर्शन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरसा रैली से पहले नयाडांगा में श्रीराम मंदिर व मां काली के दर्शन किए। सीएम ने मंदिर कमेटी के लोगों का अभिनंदन करते हुए कहा कि हम लोग पिछड़ गए, लेकिन निरसा ने पहले ही राम मंदिर व मां काली का भव्य मंदिर बना दिया। मां काली व भगवान राम का मंदिर बहुत भव्य बना है। निरसा के लोगों को धन्यवाद।

### मजदूरों को ब्लैकमेल कर माल कमाते हैं वामपंथी

सीएम योगी ने कहा कि धनबाद कोयले की राजधानी भी कही जाती है। यहां का कोयला मजदूर वामपंथियों की ब्लैकमेलिंग का शिकार हो रहा है। वामपंथी संघर्ष का नारा लगवाएंगे, हड़ताल करवाते हैं, फिर ब्लैकमेल करके माल कमाते हैं। मजदूर वहीं का वहीं रह जाता है और लाल सलाम वाले मालामाल बन जाते हैं। कोई बैरियर बनता है तो यह लोग उसकी निर्मम हत्या भी करते हैं। सभी जानते हैं कि भाजपा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के पति के साथ क्या हुआ था। लालसलाम वालों को धक्का देकर बाहर करना है।

### रोटी, माटी और बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने आए हैं कांग्रेस, झामुमो व राजदवाले

सीएम योगी ने कहा कि झारखंड को लव और लैंड जेहाद का अड्डा बना दिया है। दूसरी, तीसरी, चौथी शादी कराकर जनजाति बेटियों को बहकाकर जमीन पर कब्जा कर लिया जाता है। झामुमो, राजद व कांग्रेस वाले रोटी, माटी व बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने आए हैं। लव जेहाद व लैंड जेहाद के माध्यम से बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिंग्या मुसलमानों को घुसाकर यहां के अस्तित्व से खिलवाड़ करना चाहते हैं। यह बेटी की इज्जत से खिलवाड़ करेंगे, रोजगार पर डाका डालकर रोटी की समस्या खड़ा करेंगे। इसे केवल भाजपा ही रोकेगी।

### कांग्रेस सांसद के घर 350 करोड़ और झामुमो मंत्री के घर मिले 35 करोड़

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस प्रभारी कह रहे थे कि सरकार आएगी तो सिलेंडर देंगे। जब तुम्हारी सरकार थी तो क्या कर रहे थे। वे लोग हिंदुओं-जनजातियों का अधिकार घुसपैठियों को भी देंगे। भाजपा कहती है कि योजना का लाभ जनजातीय और झारखंडवासियों को मिलेगा, घुसपैठियों को नहीं। झामुमो, कांग्रेस व राजद ने लूटखसोट के अलावा क्या किया है। कांग्रेस के एक सांसद के घर 350 करोड़ रुपये तो झामुमो सरकार के मंत्री के घर में 35 करोड़ रुपये मिले। यह झारखंड का पैसा है, जो चंद लोग लूटकर घर को भरने का कार्य कर रहे हैं। भ्रष्टाचारियों के लिए राजनीति में कोई जगह नहीं है। इसे रोकने के लिए भाजपा आवश्यक है।

### तीनों दल जाति के नाम पर मुंडा को संथाल, पासवान को मुसहर से लड़ाएंगे

सीएम ने कहा कि चंदनक्यारी में दुर्गा मूर्ति के जुलूस पर हमला कर दिया गया। मूर्ति खंडित कर दी गई, पूजा नहीं करने दिया गया। इन गुंडों व अराजक तत्वों का उपचार केवल भाजपा है। 2017के पहले यूपी में भी ऐसा ही था पर अब वहां सब चंगा है। कांग्रेस, झामुमो व राजद जाति के नाम पर मुंडा को संथाल, पासवान को मुसहर से लड़ाएगी। हम बंटे थे तो पाकिस्तान व बांग्लादेश बन गया। आप बंटेगे तो यह लोग मुस्लिम तुष्टिकरण, जुलूस पर हमला, पर्व-त्योहार में अशांति कराएंगे। इसलिए एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

### झामुमो की गोद में बैठकर झारखंड को गुमराह कर रहे कांग्रेस व राजद

सीएम ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने 15 नवंबर 2000 को झारखंड का निर्माण किया था। उनका सपना था कि झारखंड विकास करेगा तो भारत भी विकास करेगा, लेकिन झारखंड को और भी बदतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जब झारखंड का निर्माण हो रहा था, तब कांग्रेस व राजद विरोध कर रही थी। झामुमो की गोद में बैठकर दोनों पार्टियां झारखंड को गुमराह कर रही हैं। एक तरफ यह लूट रहे हैं तो दूसरी तरफ लुटेरों के सरदार वामपंथियों को सिर पर उठाकर झारखंड को नक्सलवाद का गढ़ बनाने की तरफ उतारू हैं। इन्हें पनपने नहीं देना है।

**बड़ा फैसला:** दिल्ली में बढ़े प्रदूषण का असर अब पढ़ाई पर

# ऑनलाइन मोड में चलेंगे सभी प्राथमिक विद्यालय

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में छोटे बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए दिल्ली सरकार ने 5वीं कक्षा तक के स्कूलों को बंद करने के फैसला किया है। स्कूल अगले आदेश तक बंद रहेंगे। बच्चों की ऑनलाइन कक्षाएं संचालित होंगी। वहीं, बढ़ते प्रदूषण के कारण स्कूल सभी बच्चों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं शुरू करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि बच्चों की पढ़ाई का नुकसान न हो और पाठ्यक्रम को पूरा किया जा सके। पिछले साल भी प्रदूषण के खतरनाक श्रेणी में पहुंचने पर स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया था। स्कूलों ने पहले ही सभी प्रकार की बाहरी गतिविधियों को बंद कर दिया था। प्रार्थना कक्षाओं में हो रही है और खेल गतिविधियां भी बंद हैं। स्कूल दिवाली से पहले ही बच्चों व अभिभावकों को एडवायजरी जारी कर मास्क लगाकर आने की सलाह दे चुके हैं।

### ग्रैप-3 किया गया लागू

इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर काबू पाने की दिशा में सीएक्यूएम ने ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान लागू करने की घोषणा कर दी गई है। राजधानी समेत पूरे एनसीआर में 15 नवंबर से इसे लागू किया जाएगा।

### हो रही सांस संबंधी परेशानी

दिल्ली और एनसीआर इन दिनों वायु प्रदूषण की मार झेल रहा है। हवा में बढ़ते प्रदूषक सांस के माध्यम से शरीर में पहुंचकर कई प्रकार की बीमारियों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं। वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने के कारण सांस से संबंधित समस्याओं का जोखिम तो बढ़ता ही है।

### विशेषज्ञ ने भी इससे बचने की सलाह दी

विशेषज्ञों का कहना है कि घर से बाहर निकलते समय प्रदूषण के स्तर की जांच जरूर कर लें। वायु प्रदूषण गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इसके कारण श्वसन, हृदय और मस्तिष्कवाहिकीय प्रणालियों से संबंधित कई तरह की दिक्कतों का खतरा रहता है। इतना ही नहीं वायु प्रदूषण के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण दीर्घकालिक बीमारियां और इससे मृत्यु का भी जोखिम हो सकता है। इसके प्रतिकूल प्रभाव विशेष रूप से कमजोर आयु वर्ग वाले लोग जैसे कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों में अधिक देखी जाती रही है। ऐसे लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।

# पर्यटकों को लुभा रहा काशी का नमो घाट

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे उद्घाटन, राज्यपाल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी रहेंगे मौजूद

- नमो घाट का 1.5 किलोमीटर आदिकेशव घाट तक हुआ विस्तार, 91.06 करोड़ से हुआ पुनर्निर्माण
- फ्लोटिंग सीएनजी स्टेशन,ओपन थियेटर, कुंड, बाथिंग कुंड का भी हुआ है निर्माण

जन एक्सप्रेस । वाराणसी



काशी की परंपरानुसार उदयागामी भगवान भास्कर का अभिवादन करता ÷नमो घाट÷ का नमस्ते स्कल्पचर पर्यटकों को लुभा रहा है। सुबह सूर्य की सिंदूरी किरणें काशी के अर्धचंद्राकार घाटों की छटा में चार चाँद लगाती हैं। ऐसे ही सुबह-ए-बनारस की अलौकिक दृश्य को देखने के लिए दुनिया से पर्यटक काशी खींचे चले आते हैं। सुबह-ए-बनारस का दिव्य और भव्य नज़ारा का लुत्फ अब पर्यटक विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले खुबसूरत नमो घाट से भी ले सकेंगे। आस्था ,पर्यटन और रोजगार के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं वाला नमो घाट बन कर तैयार हो गया है। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का 15 नवंबर को नमो घाट का औपचारिक उद्घाटन करना प्रस्तावित है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी भी मौजूद रहेंगे। प्राचीनता और आधुनिकता के साथ तालमेल मिलाकर चलती काशी के घाटों की श्रृंखला में एक और पक्का घाट जुड़ गया है। यह वाराणसी के पहले मॉडल घाट के रूप में जुड़ा है। इसका विस्तार नमो घाट से आदिकेशव घाट (लगभग 1.5 किलोमीटर) हुआ है। घाट की बनावट और अंतरराष्ट्रीय सुविधा के साथ नमस्ते का स्कल्पचर पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। जल,थल और नभ से जुड़ने वाले यह पहला घाट होगा, जहां हेलीकाप्टर भी उतारा जा सकता है। यहां फ्लोटिंग सीएनजी स्टेशन, ओपन एयर थियेटर, कुंड, फ्लोटिंग जेटी पर बाथिंग कुंड तथा चेंजिंग रूम का भी निर्माण हुआ है। योग स्थल, वाटर स्पोर्ट्स, चिल्ड्रन प्ले एरिया, कैफ़ेटेरिया के अलावा कई अन्य सुविधाएं हैं। यह वाराणसी का पहला घाट है, जो दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाया गया है। नमो घाट का पुनर्निर्माण दो फेजों मे किया गया है। इसका निर्माण 81000 स्क्वायर मीटर में 91.06 करोड़ से किया गया है। इस परियोजना को स्मार्ट सिटी मिशन तथा इंडियन ऑयल फाउंडेशन द्वारा मिल कर वित्तपोषित किया गया है। डबल इंजन सरकार ने पक्का नमो घाट बनवाया है ,जहाँ वर्ल्ड क्लास सुविधाएं होंगी।

### मेक इन इंडिया का विशेष ध्यान दिया गया

वाराणसी के मंडलायुक्त और स्मार्ट सिटी के अध्यक्ष कौशल राज शर्मा ने बताया कि नमो घाट के पुनर्विकास में मेक इन इंडिया का विशेष ध्यान दिया गया है। इस घाट पर वोकल फॉर लोकल भी दिखेगा। भविष्य में लोग यहाँ वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स और हेली टूरिज्म का भी लुफ़्त ले सकेंगे। सेहतमंद रहने के लिए मॉर्निंग वाक, व्यायाम और योग कर सकेंगे। दिव्यांगजन और बुजुर्गों के लिए माँ गंगा के चरणों तक रैंप बना है।

# अब भगवा ड्रेस में नजर आएंगे राममंदिर के व्हील चेयर चालक, ट्रस्ट ने लागू किया ड्रेस कोड

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

राममंदिर के व्हील चेयर चालक अब भगवा ड्रेस में नजर आएंगे। व्हील चेयर चालकों के लिए राममंदिर ट्रस्ट की ओर से ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है। व्हील चेयर चालक अब भगवा टी-शर्ट में नजर आएंगे। इस टी शर्ट पर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट लिखा हुआ होगा। साथ ही ट्रस्ट का लोगों भी बना है। ड्रेस कोड लागू होने से प्राइवेट व्हील चेयर चालक अब श्रीरामजन्मभूमि पथ पर प्रवेश नहीं कर पाएंगे, इससे श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। राममंदिर ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क व्हील चेयर की सुविधा प्रदान की जाती है। जो श्रद्धालु दिव्यांग हैं या फिर 70 वर्ष से अधिक के हैं वे व्हील चेयर की सेवा ले सकते हैं। इसके लिए उन्हें रामजन्मभूमि पथ पर बने तीर्थ यात्री सेवा केंद्र के काउंटर पर मात्र अपना आधार कार्ड दिखाना होगा। आधार कार्ड दिखाने पर उन्हें व्हील चेयर की सुविधा प्राप्त होगी। एक चालक भी ट्रस्ट की ओर से दिया जाता है। चालक को 150 रुपये देने होते हैं, यह शुल्क निर्धारित है। ट्रस्ट की ओर से 100 व्हील चेयर की सुविधा है।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार को पाकिस्तान से मिली धमकी, एसटीएफ और एटीएस को दिए जांच के निर्देश



जन एक्सप्रेस । मथुरा

श्री कृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही ईदगाह मस्जिद के मुख्यवादी एवं पक्षकार को बुधवार की रात को पाकिस्तान से आए व्हाट्सएप मैसेज में बम से उड़ाने की धमकी दी है। व्हाट्सएप मैसेज में 19 नवंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट और 20 को पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। जन्मभूमि के पक्षकार ने इसकी सूचना मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव ने मामले मामले की जांच एसटीएफ और एटीएस को सौंपी है। इसके साथ ही मथुरा पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले के पक्षकार और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष आशुतोष पांडेय के मोबाइल नंबर पर 13 नवंबर की रात 9.36 बजे पाकिस्तान के नंबर +92 302 9854231 से व्हाट्सएप मैसेज आए। मैसेज भेजने वाले ने पहले तो 19 नवंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट को और 20 नवंबर को उन्हें बम से उड़ाने की धमकी दी। इसकी सूचना उन्होंने तत्काल एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार को दी। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मेल करके साक्ष्य समेत शिकायत की। मुख्यमंत्री के मुख्य सचिव संजय प्रसाद ने उनसे संपर्क किया और डीजीपी को निर्देशित किया। डीजीपी ने मुख्य पक्षकार के साक्ष्यों के आधार पर डिप्टी एसपी एसटीएफ आगरा और एटीएस को संयुक्त रूप से जांच सौंपी है। एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार ने सोशल मीडिया और मेल से आई तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। मुख्य पक्षकार आशुतोष पांडेय ने बताया कि मैसेज करने वाला गंदी-गंदी गाली दे रहा था। बार-बार उन्हें और हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दे रहा था। उन्होंने बताया कि वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में वह पैरवी करते हैं। प्रत्येक मुस्लिम पक्ष के प्रार्थना पत्रों पर लिखित में कोर्ट में आपत्ति दाखिल करने के साथ कोर्ट में बहस भी करते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी शिकायत पर ही शाही ईदगाह की बिजली काटी गई थी और चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था।

### 19 की दोपहर 2 बजे होनी है सुनवाई

इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह के 18 मामलों की सुनवाई होनी है। मुख्य पक्षकार आशुतोष पांडेय ने बताया कि 19 नवंबर को दोपहर दो बजे से कोर्ट नंबर 86 में सभी 18 मामलों के प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई होनी है। सुनवाई में जाने से उन्हें रोकने के लिए यह धमकी दी जा रही है।

### इससे पहले भी सात बार मिल चुकी है धमकी

श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार को इससे पहले भी सात बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि पहली धमकी मार्च 2023 को मिली। इसका मुकदमा थाना जैत में दर्ज कराया। दूसरी धमकी 15 जनवरी 2024 को उनका फेसबुक पेज हैक करके दी गई। इसका भी जैंत थाने में मुख्यमंत्री के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ। तीसरी धमकी 23 फरवरी 2024 को मिली। इसकी रिपोर्ट थाना फतेहपुर में दर्ज कराई। चौथी धमकी 12 मार्च 2024 की रिपोर्ट उन्होंने जिला प्रयागराज के थाना सिविल लाइन में दर्ज कराई। पांचवीं धमकी 19 मार्च 2020 की रात्रि को मिली। इसका मुकदमा जिला कौशाम्बी के थाना सैनी में दर्ज कराया। छठवीं धमकी 16 मई 2024 को व्हाट्सएप पर मिली। इसका रिपोर्ट प्रयागराज के थाना सिविल लाइन में दर्ज कराई। 13 नवंबर 2024 को व्हाट्सएप पर मैसेज के द्वारा आई। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री के अलावा एसएसपी मथुरा से की है।

### 2018 से फंसी थी प्रक्रिया: अब माध्यमिक शिक्षकों की तैनाती का रास्ता साफ; नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ। उत्तर प्रदेश में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में लगभग पांच सौ पदों पर 2018 से भर्ती चल रही है। इसमें संशोधित सूची के अभ्यर्थियों की नियुक्ति का मामला पांच साल से लंबित है। प्रतीक्षा सूची को लेकर लोक सेवा आयोग व विभागों के बीच चल रहे पत्राचार चल रहा है। इस बीच अब शासन ने चयनित अभ्यर्थियों के ऑनलाइन विकल्प लेकर ऑनलाइन ही नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में खाली पदों के लिए लोक सेवा आयोग के माध्यम से सहायक अध्यापक/ प्रवक्ता के पद पर भर्ती प्रक्रिया की गई थी। इसमें फ्रेश सूची के अभ्यर्थियों की तो तैनाती कर दी गई। किंतु काफी पद खाली रह गए थे। इस पर विभाग के पत्राचार पर आयोग ने प्रतीक्षा सूची जारी कर दी। जबकि नियमत- एक साल के बाद प्रतीक्षा सूची मान्य नहीं होती है। इसे देखते हुए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने दोबारा आयोग को पत्र लिखा। जहां से यह मामला कार्मिक विभाग में गया। इसमें काफी समय लग गया। हाल ही में आयोग ने शासन को चयनित अभ्यर्थियों की दूसरी सूची भेजी है।

**रिपोर्ट** होमगार्ड मुख्यालय के अनुसार अरूण कुमार रावत, अवैतनिक कम्पनी कमाण्डर, होमगार्ड का स्थानान्तरण जनपद उन्नाव से लखनऊ अनियमित पाया गया था

# ट्रांसफर निरस्त होने के बावजूद वर्षों से लखनऊ में स्वयंभू तैनात है अरूण कुमार रावत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- झाँसी के गरौठा से विधायक जवाहर लाल राजपूत ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में तमाम ऐसे बिंदुओं को उजागर किया है जो रावत के रसूख को दर्शाता है
- जांच के बाद स्टाफ आफिसर टू कमाण्डेन्ट, जनरल होमगार्ड ने 2008 में ही उन्नाव से लखनऊ स्थानान्तरण निरस्त कर दिया था

अवैतनिक कम्पनी कमाण्डर होमगार्ड लखनऊ अरूण कुमार रावत कम्पनी-11 के भ्रष्टाचार का पिटारा भरा हुआ है। झाँसी के गरौठा से विधायक जवाहर लाल राजपूत ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में तमाम ऐसे बिंदुओं को उजागर किया है जो रावत के रसूख को दर्शाता है। विधायक की शिकायत के बावजूद जांच और कार्रवाई न होना शासन की कार्यशैली पर सवाल उठाता है।

जानकारी के अनुसार रावत द्वारा किए गये भ्रष्टाचार की जांच पूर्व में कई ईमानदार अधिकारियों द्वारा की गयी, जिसमें इनके द्वारा किए गये भ्रष्टाचार की पुष्टि भी हुई है। होमगार्ड मुख्यालय के पत्र सं0- 4013/कार्मिक-राज-218/08, दिनांक जुलाई 28, 2008 के द्वारा अरूण कुमार रावत, अवैतनिक कम्पनी कमाण्डर, होमगार्ड का स्थानान्तरण जनपद उन्नाव से जिला होमगार्ड कार्यालय, लखनऊ अनियमित पाया गया। इनका जनपद उन्नाव से जनपद लखनऊ स्थानान्तरण निरस्त करते हुए इनको इनकी मूल नियुक्ति कम्पनी, औरास, जनपद उन्नाव के लिए स्टाफ आफिसर टू कमाण्डेन्ट, जनरल होमगार्ड ( चित्रांगद आईपीएस ) द्वारा तत्काल अवमुक्त करने के आदेश निर्गत किया गया था।

### 16 वर्षों से लखनऊ में तैनात रहकर अवैध रूप से ड्यूटी भत्ता ले रहे

तत्कालीन नगर कमाण्डेन्ट, होमगार्ड, लखनऊ के पत्र सं0-हो0गा0-नि0पत्रा0/2008-9/146, दिनांक 30 जुलाई, 2008 विनय कुमार मिश्र, नगर कमाण्डेन्ट, होमगार्ड, लखनऊ के द्वारा अवैतनिक कम्पनी कमाण्डर, होमगार्ड, लखनऊ अरूण कुमार रावत कम्पनी नं0-11 को जनपद उन्नाव के लिए अवमुक्त कर दिया गया था। उक्त स्पष्ट आदेश होने के बाद लगभग 16 वर्षों से अवैतनिक कम्पनी कमाण्डर, होमगार्ड, लखनऊ अरूण कुमार रावत कम्पनी नं0-11 लखनऊ में अवैध रूप से कुछ भ्रष्ट उच्चाधिकारियों की मिलीभगत व गुमराह करके जनपद लखनऊ में तैनात रहकर अवैध रूप से ड्यूटी भत्ता ले रहे हैं।

### जांच कर रही आईपीएस अधिकारी का ट्रांसफर करा दिया था

वर्ष 2016-17 में अरूण कुमार रावत द्वारा चलायी जा रही डायल 100 की फर्जी ड्यूटी की जांच स्टाफ आफिसर टू कमाण्डेन्ट जनरल, होमगार्ड (प्रतिभा अम्बेडकर आईपीएस) द्वारा की जा रही थी। जिसमें अरूण कुमार रावत की उक्त शिकायतों की पुष्टि हो रही थी, और यह दोषी पाये गये, परन्तु इन्होंने धन और रसूख के बल पर प्रतिभा अम्बेडकर का स्थानान्तरण करवाकर उक्त जांच भी दबवा दी।


होमगार्ड में अवैतनिक कंपनी कमांडर भ्रष्टाचार का सरगना

झाँसी के गरौठा से विधायक जवाहर राजपूत ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शिकायत की, अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई

- अरुण कुमार रावत अवैतनिक कंपनी कमांडर होमगार्ड लखनऊ कम्पनी नं0-11 में तैनात है

अति महत्वपूर्ण/अति विशिष्ट/ महत्वपूर्ण ड्यूटी स्थलों पर होमगार्ड मुख्यालय/ मण्डलीय कमाण्डेण्ट कार्यालय/ जिला कार्यालय होमगार्ड, लखनऊ में ड्यूटी लगाकर अवैध तरीके से करोड़ों रुपये का धनार्जन कर रहा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में छोटे स्तर पर भी बड़े पैमाने के भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। मामले की शिकायत भी सत्तारूढ़ भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री से की है। इसके बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आरोपी होमगार्ड में अवैतनिक कंपनी कमांडर है। लखनऊ में अपना नेटवर्क तैयार कर चांदी काट रहा है। झाँसी के गरौठा से विधायक जवाहरलाल राजपूत ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शिकायत की है कि अरुण कुमार रावत अवैतनिक कंपनी कमांडर



आय से अधिक सम्पत्ति पेट्रोल पम्प-गैस एजेंसी रहा संचालित

लखनऊ में महत्वपूर्ण पर करते पोस्टिंग

# जनपद में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पं. जवाहर लाल नेहरु की जयंती के अवसर पर गुरुवार को जनपद के सभी विद्यालयों में बाल दिवस मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने खाद्य प्रदर्शनी लगाकर बाल दिवस मनाया।

जिला मुख्यालय स्थित ज्ञान भारती इंटर कॉलिज में बाल दिवस के अवसर पर बच्चों ने विज्ञान मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई। इसके अलावा बच्चों ने खाद्य पदार्थों की दुकाने भी लगाई। इस बाल मेले का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंधक षिवलाल राजपूत व चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी व वरिष्ठ पत्रकार हेमराज सिंह चंदेल ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों की सोच संरचनात्मक और सकारात्मक होती है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य छोटेलाल, प्रवक्ता राजकुमार सिंह, कल्याण सिंह, रामबहोरी, रामनिरंजन, मंगल सिंह, संतोष द्विवेदी, मनोज नामदेव, स्वदेश सिंह, कामता प्रसाद, आशीष श्रीवास्तव, कमलेश विश्वकर्मा सहित अन्य शिक्षक, विद्यार्थी आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार शहर के एकेडमिक हाइट किंगसन इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में बाल दिवस मेले का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ अतिरिक्त उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी व प्रबंधक मिनहाज आलम खान ने पंडित जवाहर लाल नेहरू कि प्रतिमा पर पुष्प अर्जित कर किया। बाल मेले में बच्चों ने खाद्य प्रदर्शनी भी लगाई। इस दौरान विद्यालय में आयोजित साइंस एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी में स्थान प्राप्त करने वाले वाले बच्चो को पुरस्कृत किया गया है। साथ ही सर्वश्रेष्ठ खाद्य प्रदर्शनी लगाने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। जिसमें क्रॉफ्ट प्रदर्शनी में बचपन प्ले ग्रुप के नर्सरी के छात्र अयांश सोनकर ने धनुष चौराहा का मॉडल बनाकर प्रथम स्थान व युकेजी की छात्रा मारिफा हक वाटर ट्रांसपोर्ट का मॉडल बनाकर द्वितीत स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार साइंस प्रदर्शनी में कक्षा पांच की छात्रा अमीन ने कूडे से विद्युत उत्पादन मॉडल बनाकर प्रथम स्थान व कक्षा छह की छात्रा इनाया ने फायर सिक्योरिटी सिस्टम मॉडल बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार बाल मेले में खाद्य प्रदर्शनी में एकेडमिक हाइट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ खाद्य प्रदर्शनी की ट्राफी हासिल की। इन सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक मिनहाज अलाम खान ने बताया कि स्कूल में बच्चो को जिन विषयों का अध्ययन कराया जाता है, उसके व्यवहारिक अनुभव के लिए ऐसी प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, गीत श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश सोनकर, विकास कनौजिया, प्रधानाचार्य रजनी खरे, शिक्षक रामदुलारे विश्वकर्मा, विनोद द्विवेदी, वंदना चौहान, मंयक मिश्रा, अमृतलाल, शशांक गुप्ता, मृदुल पाण्डेय, सुस्मिता शर्मा, स्वाति त्रिपाठी, अजय वर्मा सहित अन्य शिक्षक, छात्र आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा में बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी अतुल दत्त तिवारी पोषक सामग्री वितरित की। इस मौके पर विद्यासागर सिंह, उषा रानी त्रिपाठी, रचना यादव, सुशील पांडेय, सरला देवी, गरिमा सिंह, दीपा देवी, ममता देवी, रंजन चंदेल आदि मौजूद रहे।

# बाल सम्प्रेक्षण गृह में किया गया विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अध्यक्षता में गुरुवार को बाल दिवस के अवसर पर राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) व बालिका इंटर कॉलिज मऊ में राष्ट्रीय विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ माता सरस्वती के चरणों में पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

साक्षरता व जागरूकता शिविर में जनपद न्यायाधीश ने बाल अपचारियों को बताया कि हर साल 14 नवंबर को भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में बाल दिवस मनाया जाता है। बच्चों और उनकी मासूमियत का सम्मान करने के लिए, बाल दिवस पर स्कूलों, कॉलिजों और अन्य संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। माता-पिता अपने बच्चों के साथ प्यार और स्नेह के साथ बाल दिवस मनाते हैं। विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी. राममर्माण पाठक ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू बच्चों के अधिकारों और ऐसी शिक्षा प्रणाली के हिमायती थे, जो सभी के लिए ज्ञान सुलभ बना रही है। उनका ध्यान देश के शैक्षिक बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित था। उनके नेतृत्व में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (ए.आई.आई.एम.एस.) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आई.आई.एम.) जैसे संस्थानों की स्थापना की गई। जिन्होंने भारत के शैक्षणिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि बच्चों के कल्याण के प्रति नेहरू की प्रतिबद्धता का सम्मान करने के लिए 14 नवम्बर को बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिन शिक्षा, पोषण और सुरक्षात्मक वातावरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए सुरक्षित, स्वस्थ बचपन सुनिश्चित करने की आवश्यकता की याद दिलाता है। यह बच्चों के पालन-पोषण के महत्व पर जोर देता है, जो दुनिया के भविष्य के नेता है।

इस मौके पर किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शिनी, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह अधीक्षकबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में बालिका इण्टर कॉलिज मऊ में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर की अध्यक्षता करते हुए जनपद न्यायाधीन ने बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बेटियों की शिक्षा के लिये समर्पित थे। इसका उदाहरण उनके जीवन से ही मिलता है कि उन्होंने अपनी एक मात्र पुत्री इन्दिरा गांधी को इस तरह शिक्षा दीक्षा दिलायी कि यह आगे चलकर भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुयी। वर्तमान समय में शासन एवं सरकार द्वारा बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत सी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसमें से एक प्रमुख बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ है। इस दौरान उन्होंने होनहार बालिकाओं को सम्मानित भी किया।

# कांग्रेसियों ने मनाई पं. नेहरू की जयंती

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला कौंग्रेस इकाई ने गुरुवार को भारत रत्न प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई। पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया।

जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट ने कहा कि स्व पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे और बच्चों से बहुत प्यार करते थे। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू बुलाते थे। इसीलिए पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिला सचिव विजयमणि त्रिपाठी ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत को शून्य से शिखर तक पहुंचने वाले आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। हम सभी लोगों को संकल्प लेना चाहिए कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के बताए हुए रास्ते पर चलते हुए कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में मजबूत करने का काम करें।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा, वरिष्ठ नेता शिव गुलाम वर्मा, अरुण कुमार गुप्ता, महेंद्र सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, किसान कौंग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, जिला सचिव विजयमणि त्रिपाठी आदि कौंग्रेस जन उपस्थित रहे।

# स्वदेशी खादी महोत्सव के तहत हुआ प्रदर्शनी का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**

स्वदेशी खादी महोत्सव के अंतर्गत हैण्डलूम, हैंडीक्राफ्ट हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा व राजापुर थाना प्रभारी मनोज सिंह ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने के बाद फीता काटकर किया। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी से कस्बे तथा आसपास के क्षेत्रों में स्वदेशी खादी के प्रति लोगों को जागरूकता मिलेगी और अपने ही प्रदेश व देश में निर्मित खादी के प्रति लोगों का रुझान बढ़ेगा। ऐसी ही हस्तशिल्प प्रदर्शनी में घरेलू वस्तुओं के अलावा सस्ती दरों में खादी के कपड़ों को मध्यम वर्ग के



लोग भी खरीद पाएंगे। राजापुर थान प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने प्रदर्शनी संयोजक से कहा कि भीड़ को देखते हुए आवागमन के दोनों रास्तों व प्रदर्शनी परिसर में सीसीटीवी कैमरे की तत्काल व्यवस्था करें और संदिग्ध व्यक्तियों के ऊपर नजर रखें। प्रदर्शनी संयोजक अनमोल गुप्ता ने बताया कि हस्तशिल्प उद्योग को बढ़ावा देने के लिए यह प्रदर्शनी बड़े शहरों व कस्बों में बराबर लगाई जाती हैं। इससे मध्यम वर्ग के लोगों को सस्ती दरों में अच्छे सामान व कपड़े खरीदने का सुनहरा अवसर मिलता है।

इस मौके पर श्रवण पाण्डेय, गोरेलाल साहू, सत्येंद्र पांडेय ,पारस गुप्ता, राहुल, पंकज, रंजीत, कासिम, विक्की, प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।

# द हंस फाउंडेशन ने 15वीं वर्षगांठ पर दृष्टि संस्थान के दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

वर्ष 2009 में स्थापित द हंस फाउंडेशन एक सार्वजनिक धर्मार्थ संस्था है जो समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए समर्पित है। अपनी 15वीं वर्षगांठ पूरी करते हुए संस्था ने 40 मिलियन से अधिक लोगों को लाभान्वित किया है और देश के 26 राज्यों के 20,000 गांवों और 20 शहरों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। संस्था के प्रमुख कार्यक्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, और जलवायु संरक्षण शामिल हैं, जिसमें विशेष रूप से बच्चों, दिव्यांगजनों और महिलाओं के कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

बाल दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान ने चित्रकूट के दृष्टि संस्थान की दिव्यांग किशोरियों के साथ एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए 16 प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जैसे चम्मच दौड़, म्यूजिकल चेयर, रस्सी कूद, रिंग गेम, छूकर पहचानों आदि। इसके अतिरिक्त, बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम मोहम्मद जसीम, दृष्टि संस्थान के जनरल सेक्रेटरी शंकर लाल गुप्ता, सचिव बलवीर सिंह, वर्षा गुप्ता, कॉपरेटिव बैंक बांदा चित्रकूट के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, बाल विशेषज्ञ डी.एस. त्रिपाठी, प्रिंसिपल लल्लू राम शुक्ला, द हंस फाउंडेशन से उप प्रबंधक रजनीश कुमार पाल, परियोजना प्रबंधक रामेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा, संतोष कुमार मिश्रा, परियोजना समन्वयक राधा, अतुल कुमार गुप्ता और अन्य सदस्यों जुनैद, आशीष, अरविंद, सुरभी, अंकिता, प्रमोद, हरिभाग, जितेंद्र आदि ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## किशोरी से छेड़खानी, मारपीट में चार दोषियों को सजा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सात साल पहले घर में घुसकर किशोरी से छेड़खानी करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश ने मुख्य दोषी को तीन साल की सजा सुनाई और पंद्रह हजार रुपये अर्थदंड लगाया। घटना में शामिल तीन साथियों को मारपीट सहित अन्य धाराओं में दोषी पाते हुए दो दो साल की सजा सुनाई। साढ़े सात सात हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा न करने पर एक एक वर्ष का कारावास भुगतना पड़ेगा। थाना क्षेत्र एक एक गांव निवासी पिता ने 17 अप्रैल 2017 को थाना पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी 16 अप्रैल को घर पर अकेली थी तभी गांव का कमलेश घर में घुस आया और उससे छेड़खानी करने लगा। जब उसने इसका विरोध किया तो कमलेश ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने जब घटना की पूरी जानकारी अपने परिजनों को दी तो वह कमलेश के घर पर जाकर शिकायत करने पहुंचे। कमलेश का बेटा पंकज व उसके परिवार के गोविंद, वसंत लाल ने उसके साथ एकराय होकर मारपीट की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# सरल एवं दुष्प्रभाव रहित चिकित्सा पद्धति है होम्योपैथी



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

धर्मनगरी में आाधा दर्जन स्थानों पर होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजो का निःशुल्क चिकित्सीय परीक्षण कर दवा का वितरण किया।

जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिलीप सिंह ने बताया कि जनपद चित्रकूट में आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थान एवं धार्मिक स्थलों में समय पर निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। जिससे शासन की मंशानुरूप अधिक से अधिक लोगों को होम्योपैथी चिकित्सा का लाभ मिलता रहे। इसी क्रम में तीर्थ स्थल रामघाट, तहसील परिसर मानिकपुर, दीपदान प्राथमिक विद्यालय खंडेहा में स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। इसके अलावा जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में भी निःशुल्क होम्योपैथी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 385 छात्रों एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधि वितरण किया गया। शिविर का शुभारंभ विश्वविद्यालय के डीन डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय एवं डॉ दिलीप सिंह जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी द्वारा महात्मा हेनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी ने बताया कि होम्योपैथी सरल एवं दुष्प्रभाव रहित चिकित्सा पद्धति है। शिविर में डॉ मुकेश कुमार पांडेय, डॉ प्रीति झा, डॉ शैलेंद्र सिंह, अशोक कुमार तिवारी फार्मासिस्ट एवं अन्य कर्मचारियों ने सेवा कार्य किया।

## दस किलोमीटर मार्ग पर हजारों गड्ढे, पैदल चलना भी मुश्किल

**जन एक्सप्रेस । उरई**

ओवरलोड वाहनों ने आटा -इटौरा के दस किलोमीटर मार्ग को गड्ढेदार कर दिया है। हालत यह है कि मार्ग में एक हजार से अधिक गड्ढे हो चुके हैं। वाहन तो दूर पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग से उड़ने वाली धूल से लोगों को कई परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। विभाग ने 25 करोड़ का बजट बनाकर शासन को भेजा गया है। लेकिन स्वीकृति न मिलने से सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। अधिकारियों का कहना है कि अब सड़क को चौड़ा किया जाएगा। आटा से इटौरा के इस मार्ग में लगातार ओवरलोड वाहन निकलने से पूरा मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुका है। इस मार्ग से करीब दो दर्जन गांवों के लोगों का प्रतिदिन आना जाना रहता है। खराब सड़क होने से धूल उड़ रही है। सड़क पर एक कदम भी चलना मुश्किल हो रहा है। इसके बाद भी विभाग ध्यान नही दे रहा है। सड़क पर दो से तीन फीट गहरे गड्ढे हैं।

## प्रिंट रोल खत्म, पर्चे में पीछे लिखी जा रही रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस। उरई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रिंट रोल खत्म हो जाने से मरीजों के पर्चे पर ही लैब टेक्नीशियन जांच रिपोर्ट लिखकर दे रहे हैं। एसीएमओ ने निरीक्षण के दौरान नाराजी जताई। वहीं परिसर में अल्ट्रासाउंड मशीनें लगाने के लिए जगह का भी चयन किया गया है। शीघ्र ही जरूरतमंदों के लिए जांच सुविधा मुहैया होगी। सीएचसी में प्रतिदिन लगभग 500 से 700 मरीज उपचार के लिए आते हैं। मरीजों की संख्या में जनपद में सीएचसी पहला स्थान रखता है। सीएचसी प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता ने बताया कि लगातार अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने की मांग शासन को भेजी जा रही थी। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने की स्वीकृति मिल गई है। मशीन लगाने से पहले पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। पंजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। प्रक्रिया पूरी होने पर अल्ट्रासाउंड मशीन लगवा दी जाएगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत ऐलहाबढ़ैया, विकास खण्ड मानिकपुर, जनपद चित्रकूट

पत्रांक : मेमो./राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त/निविदा/2023-24 दिनांकः 13/11/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजना के अर्न्तगत **ग्राम पंचायत ऐलहाबढ़ैया, वि.खं. मानिकपुर, जनपद चित्रकूट** की स्वीकृत कार्य योजना 2023-24 में निम्नलिखित निर्माण हेतु सामग्री सन्दर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा **दिनांक 16/11/2024 से दिनांक 22.11.2024 तक अपराहन 3 बजे** अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा प्राप्त निविदायें उसी दिन अर्थात **दिनांक 22.11.2024 को अपराहन 5 बजे** समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत रु0 में | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत ऐलहाबढ़ैया में में मेनरोड से शारदा यादव के घर तक इण्टरलाकिंग खड़ंजा का निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 7.10 लाख | 15 दिन |

**नियम व शर्तें:-** 1. उपरोक्त कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार ही कार्य कराये जायेंगे।, 2. निविदाकर्ता कार्यालय दिवस में **सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक दिनांक 15/09/2023 तक** निविदा सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।, 3. निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर व व्यापार कर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना टिन नम्बर व पैन नम्बर के निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।, 4. **दिनांक 22/11/2024 को** यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस मे यह कार्य सम्पन्न होगा।, 5. निविदा स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा।, 6. बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान : (नत्थू)**
**ग्राम पंचायत : ऐलहाबढ़ैया,** वि.खं.: मानिकपुर, जनपद : चित्रकूट

**ग्राम पंचायत अधिकारी/सचिव : (बालगोविन्द)**
**ग्राम पंचायत : ऐलहाबढ़ैया,** वि.खं.: मानिकपुर, जनपद : चित्रकूट


# छपरा स्पेशल ट्रेन 15 घंटे देरी से आई, इंतजार में ऊबे यात्री

**जन एक्सप्रेस । उरई**

रेलवे त्योहारों पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन करती है लेकिन इनकी चाल इतनी धीमी रहती है कि यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में निर्धारित समय से 12 घंटे से अधिक समय लगता है। बुधवार को मुंबई से छपरा जाने वाली ट्रेन नंबर 05114 अपने निर्धारित समय सुबह पांच बजे के स्थान पर दूसरे दिन सुबह साढ़े आठ बजे साढ़े 15 घंटा देरी से आई।

बता दें कि इस बार दिवाली और छठ पूजा के लिए रेलवे ने झांसी कानपुर रेलखंड पर लगभग 18 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है। जिसमें मुंबई, अहमदाबाद, सिकंदराबाद, छपरा, गोरखपुर, फारबिसगंज व आगरा स्टेशनों से ट्रेनों का संचालन किया गया। जिन ट्रेनों से यात्री त्योहार पर अपने-अपने घरों पर पहुंचे। यात्रियों का कहना है कि स्पेशल ट्रेनों का दैनिक ट्रेनों से किराया भी अधिक है, जिसमें स्लीपर के किराए में उरई से मुंबई के स्लीपर का दैनिय यात्रियों को स्पेशल ट्रेन में यात्रा करने के लिए 140 रुपये अधिक देना पड़ते हैं। जबकि एसी में यात्रा करने के लिए 335 अधिक देने पड़ते हैं।

इस बाबत झांसी मंडल के पीआरओ मनोज कुमार सिंह का कहना है कि स्पेशल ट्रेनों के संचालन में कई मंडलों में ट्रैक मरम्मत का काम के चलते ब्लॉक और मार्ग परिवर्तन की वजह से ट्रेनों के संचालन में देरी हो जाती है। रेल प्रशासन की कोशिश रहती है कि स्पेशल ट्रेनों के संचालन में किसी प्रकार का विलंब न हो।

# भजनाश्रम की ओर से बच्चों को वितरित किए गए गर्म कपड़े



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मानिकपुर स्थित वनवासी कल्याण केन्द्र में छात्र-छात्राओं को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का वितरण जिला उपभोक्ता फोरम के पूर्व सदस्य केशव प्रसाद यादव और भजनाश्रम के प्रबंधक रामऔतार यादव ने किया। साथ ही बच्चों को रोजगारपरक शिक्षा के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर रूप नारायण यादव, सत्येन्द्र मिश्र व शिवशंकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।



**पंजाब-हरियाणा का जमा 'जहर' पहुंच रहा...**

राजधानी में हवा की गति व दिशा बदलने से वायु प्रदूषण गंभीर श्रेणी में बरकरार है। गुरुवार को सीजन में पहली बार वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 424 दर्ज किया गया। इसमें बुधवार की तुलना में छह सूचकांक की वृद्धि देखने को मिली। इससे हवा और दमघोंटू हो गई है... पढ़ें पेज 12 पर...

# राजधानी में जुटेंगे यूपी के एक लाख किसान, कृषि तकनीक से होंगे रूबरू

- सीएम योगी आदित्यनाथ की पहल पर पहली बार यूपी में आयोजित होगा कृषि भारत 2024 मेला
- 15 से 18 नवंबर तक वृंदावन योजना मैदान में कृषि भारत 2024 के नाम से आयोजित होगा 16वां संस्करण
- प्रदेश के किसानों को नई तकनीकों और सरकारी स्कीम्स के बारे में दी जाएगी जानकारी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर 15 से 18 नवंबर तक उत्तर प्रदेश में पहली बार कृषि भारत 2024 मेला का आयोजन होगा। प्रदेश में कृषि और पशुपालन क्षेत्र में नई तकनीकों को बढ़ावा देने और उत्पादन को बढ़ाने के लिए आयोजित होने जा रहे इस चार दिवसीय मेले का शुक्रवार को राजधानी के वृंदावन योजना मैदान में सीएम योगी के हाथों शुभारंभ होगा। इसमें प्रदेशभर के करीब 1 लाख किसानों के जुटने का अनुमान लगाया जा रहा है। मेले में कृषि उद्योग से जुड़े देश और दुनिया के 200 एग्जीबिटर्स अपने उत्पादों और तकनीक की प्रदर्शनियां लगाएंगे। गुरुवार को लोकभवन लोकभवन में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा एग्रो टेक इंडिया - कृषि भारत 2024 के आयोजन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

### उन्नत उपकरणों के उपयोग के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित

कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस गर्ग ने बताया कि मेले में पराली प्रबंधन पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। सरकार द्वारा किसानों को यंत्रों पर सब्सिडी दी जा रही है, लेकिन उनका पर्याप्त लाभ किसान नहीं उठा रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों को फार्म मशीनरी बैंक के माध्यम से उन्नत उपकरणों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

### योगी सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरि

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त, मोनिका एस गर्ग ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है, जहां 75त्न भूमि कृषि उपयोग में लायी जाती है। उन्होंने बताया कि योगी सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि मानती है और उनके कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। चूंकि, प्रदेश में कृषि क्षेत्र में मैकेनाइजेशन की कमी महसूस की जाती रही है। किसान अभी भी पारंपरिक तरीके से खेती कर रहे हैं, जबकि उन्हें लाइन बुवाई और जीरो सीड ड्रिल जैसी तकनीकों का उपयोग करना चाहिए। इससे न केवल उत्पादकता में वृद्धि होगी बल्कि खेती की लागत भी कम होगी।

### उत्तर प्रदेश में पहली बार हो रहा आयोजन

प्रमुख सचिव कृषि, रविंद्र ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य कृषि में उन्नत तकनीकों को अपनाना और किसानों की आय को दोगुना करना है। इस चार दिवसीय कार्यक्रम में बायो टेक्नोलॉजी, पशुपालन, मत्स्य पालन और सिंचाई की नई तकनीकों को भी शामिल किया गया है। इसके माध्यम से किसानों को आधुनिक खेती के तरीकों के साथ-साथ सरकारी योजनाओं और सब्सिडी की जानकारी भी दी जाएगी।

### 200 से अधिक कंपनियां होंगी शामिल

सीआईआई की प्रतिनिधि स्मिता अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन में दुनियाभर की 200 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। इसमें महिन्द्रा, आयशर, सोनालिका और एस्कॉर्ट जैसी बड़ी कंपनियां भी अपनी तकनीकों और उपकरणों का प्रदर्शन करेंगी। 11 तकनीकी सत्र और 8 किसान गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे।

### किसानों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

कार्यक्रम में किसानों को सरकारी योजनाओं और सब्सिडी के बारे में जानकारी दी जाएगी। किसानों के लिए बसों की व्यवस्था की गई है, जिससे एक लाख से अधिक किसानों को इस आयोजन में लाया जाएगा। यहां वे नई तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### नीदरलैंड्स होगा पार्टनर कंट्री

इस आयोजन में नीदरलैंड्स को पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल किया गया है। नीदरलैंड्स से आए विशेषज्ञ और सप्लायर्स अपने आधुनिक कृषि उपकरणों और तकनीकों का प्रदर्शन करेंगे। इससे उत्तर प्रदेश के किसानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीकों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

### फार्मिंग में उद्यमिता को बढ़ावा

कार्यक्रम के दौरान फार्मिंग में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया जाएगा। किसानों को अपने कृषि व्यवसाय को उन्नत बनाने के लिए तकनीकी और व्यावसायिक जानकारी दी जाएगी, जिससे वे खेती को एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में देख सकें।

# एलडीए से बिना मानचित्र पास कराए, कराया जा रहा अवैध निर्माण

- निर्माण करा रहें मालिक ने बताया कि हमारे रिस्तेदार एलडीए विभाग में है

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ विकास प्राधिकरण से बिना मानचित्र पास कराएं किया जा रहा है अवैध निर्माण। प्राधिकरण जोन 3 के पारा क्षेत्र के तिकोनिया चौराहा के नजदीक शिव मार्बल के बगल में बिना नगर निगम अनापत्ति प्रमाण पत्र व लखनऊ विकास प्राधिकरण से मानचित्र पास कराएं बिना किया जा रहा है अवैध निर्माण कार्य। सूत्रों ने बनाया कि करीब चार हजार स्क्वायर फीट की जमीन पर जो निर्माण हो रहा है वह अवैध है क्योंकि सम्बंधित विभाग से कोई भी मानचित्र पास नहीं है। इस दौरान निर्माण करा रहे निर्माण मालिक ने बताया कि हमारे रिस्तेदार लखनऊ विकास प्राधिकरण विभाग में है, जब अवैध निर्माण करा रहे निर्माण मालिक के रिस्तेदार लखनऊ विकास प्राधिकरण विभाग में है तो इन्हें मानचित्र कि क्या जरूरत। इस सम्बन्ध में जब क्षेत्रीय नगर निगम अधिकारी से जानकारी कि तो उन्होंने बताया कि हमारे यहाँ से निर्माण करा रहे निर्माण मालिक द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं जारी कराया गया। जब इस सम्बन्ध में लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से जानकारी कि तो उन्होंने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है आपके द्वारा संज्ञान में आया है इसकी जाँच कर कार्यवाही की जाएगी।

# चित्रांशु अग्रवाल को मिला 'एक्सीलेंस इन एजुकेशन 2024' पुरस्कार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ जिले के आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सचिव चित्रांशु अग्रवाल को लखनऊ के होटल सेंट्रम में रेड एफएम द्वारा बुधवार को आयोजित %रेड अचीवर्स अवार्ड 2024% समारोह में बॉलीवुड निर्देशक और अभिनेता अनुराग कश्यप द्वारा %एक्सीलेंस इन एजुकेशन 2024% पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सचिव को शिक्षा क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित %एक्सीलेंस इन एजुकेशन% पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी अटूट प्रतिबद्धता, नवीन दृष्टिकोण और छात्रों को सशक्त बनाने के जुनून ने अनगिनत जीवन पर गहरी छाप छोड़ी है। इस अवसर पर चित्रांशु अग्रवाल ने कहा कि मैं इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्राप्त करने के लिए अत्यंत आभारी और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान मेरी टीम और छात्रों की अटूट मेहनत और प्रतिबद्धता का परिणाम है, जिनके बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। मैं इस मान्यता के लिए गहरा आभारी हूं, जो मुझे उत्कृष्टता की ओर बढ़ने और दूसरों के जीवन में अर्थपूर्ण प्रभाव डालने के लिए प्रेरित करेंगी।

# इटौंजा के 33 के0वी0 लाइन पर ट्री कटिंग, जम्फरिंग अन्य काम के चलते बिजली रहेंगी बाधित

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ जिले इटौंजा विद्युत उपखण्ड अधिकारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र इटौंजा के 33 के0वी0 लाइन पर ट्री कटिंग, जम्फरिंग तथा पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना प्रस्तावित हुआ है, जिस कारण शुक्रवार को विद्युत उपकेन्द्र इटौंजा के सभी समस्त फीडरों की बिजली आपूर्ति सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेंगी। जिन को बिजली संबंधित कार्य करना है वह सुबह 11 तक कर सकते हैं और दोपहर 2 के बाद कर सकते हैं। सुबह 11 से लेकर दोपहर 2 तक इटौंजा विद्युत उपखण्ड क्षेत्र के सभी फीडर पर बिजली बाधित रहेंगी। 33 के. वी लाइन पर कई काम किए जाएंगे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### मनरेगा कार्यों की ड्रोन से निगरानी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजनांतर्गत किये गये कार्यों की ड्रोन तकनीकी से निरंतर निगरानी और निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है ।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग की ग्रामोन्मुखी योजनाओं का क्रियान्वयन जहां बेहतर तरीके से किया जा रहा है, वहीं योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में कहीं घालमेल न होने पाये ,इसके लिए सतत् रूप से निगरानी किये जाने की व्यवस्था की गयी है। मनरेगा योजनांतर्गत कार्यों की गुणवत्ता पर प्रभावी व पैनी नजर रखने के भी सख्त निर्देश दिए गए हैं। मनरेगा कार्यों की ड्रोन तकनीक से वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी कर निगरानी का कार्य निरंतर जारी है। राज्य मुख्यालय स्तर पर तैनात टीमों द्वारा जनपदों में जाकर कार्यों की निरंतर ड्रोन तकनीक से वीडीयोग्राफी,फोटोग्राफी का कार्य किया जा रहा है, इसी क्रम में अब टीम बिजनौर और बदायूं में पहुंची टीम भ्रमण कर योजनांतर्गत किये गये कार्यों को परखेगी। मनरेगा योजना के अन्तर्गत कार्यस्थलों पर निगरानी ड्रोन प्रणाली के माध्यम से भी की जा रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशो के क्रम में राज्य मनरेगा मुख्यालय पर ड्रोन टीम तैनात की गयी थी। राज्य स्तरीय ड्रोन टीम का उपयोग मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण निगरानी के लिये किया जा रहा है।

### खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में यूपी के बढ़ते कदम

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा कई प्रभावी व ठोस कदम उठाए गए हैं। खाद्य प्रसंस्कृत पदार्थो के उत्पादन व विपणन के लिए भी सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। इस क्षेत्र में उद्योग लगाने के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएं व अनुदान आदि की व्यवस्था भी की गयी है।आर फ़ैंक के निदेशक एसके चौहान ने कहा,उत्तर प्रदेश में इंटरनेशनल स्कूल ऑफ़ मिलिंग टेक्नोलॉजी के निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 5 एकड़ ज़मीन लखनऊ में रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया को दी गई है।जिस पर सेंटर फॉर एक्सीलेंस के निर्माण के लिए एक त्रिपक्षीय एमओयू फ़ूड प्रोसेसिंग डिपार्टमेंट, सेंट्रल फ़ूड टेक्नोलॉजी रिसर्च इंस्टीट्यूट एवं रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के मध्य साइन किया गया ।इस सेंटर फॉर एक्सीलेंस का निर्माण रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए एक सोसाइटी का गठन किया जाएगा।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सेंटर के निर्माण से रोजगार के अवसर प्रदेश में बढ़ेंगे एवं रोजगार के लिए प्रदेश के युवाओं को तकनीकी शिक्षा भी प्राप्त होगी । ज्ञातव्य है कि खाद्य एवं प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए खाद्य प्रसंस्करण औद्योगिक नीति-2023 पिछले वर्ष लागू की गयी थी।

# एस.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस बीकेटी में हुआ बाल मेला का आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ जिले के बीकेटी स्थित एस.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत एस.एस. इंटरनेशनल स्कूल, मामपुर, अस्ती रोड़, एवं एस.एस. पब्लिक स्कूल, हेमी, कुम्हरावां में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मेले का आयोजन करके मनाया गया। मेले की शुरुआत संस्था के संस्थापक अनिल सिंह चौहान ने फीता काट कर की। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान एवं वाइस चेयरपर्सन हेमा सिंह चौहान, दोनो विद्यालयों की प्रिंसिपल सी.के. शर्मा , प्रिया उपाध्याय, सभी शिक्षक एवं अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर कैंपस में छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा अलग-अलग व्यंजन, झूले और खेल-कूद के स्टॉल लगाए गए। संस्था के चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने कहा कि आज का दिन हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिन की उपलक्ष में मनाया जाता है हालांकि यह उत्सव हर साल मनाया जाता है, लेकिन हर साल यह हमें हमारी मूलभूत शिक्षा को सुदृढ़ बनाने और छात्रों को उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रेरित भी करता है।

# न्यायमूर्ति बीआर गवई बने नालसा के नए कार्यकारी अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा में 11 नवम्बर से न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, भारत को कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नामित किया गया है। यह घोषणा भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत की गई है। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना 8 नवम्बर को राजपत्र में प्रकाशित की थी।पूर्व में यह पद मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के पास था। प्रचलित परंपरा के अनुसार, नालसा का कार्यकारी अध्यक्ष सर्वोच्च न्यायालय के दूसरे वरिष्ठतम न्यायाधीश होते हैं। न्यायमूर्ति गवई, जो पहले सर्वोच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विसेज कमेटी के अध्यक्ष थे, अब इस जिम्मेदारी को संभालेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति गवई का उद्देश्य नालसा के मिशन को और मजबूत करना है, जो विशेष रूप से समाज के हाशिए पर रहने वाले और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को निरूशुल्क एवं सुलभ विधिक सहायता प्रदान करने के लिए कार्यरत है। उनके नेतृत्व में नालसा संविधान के अनुच्छेद 39-क के तहत सभी नागरिकों को न्याय सुलभ कराने की दिशा में और मजबूती से कदम बढ़ाएगा।

# श्री सिद्ध पीठ साईं बाबा धाम मंदिर के तेरहवां वार्षिकोत्सव एवं विशाल भंडारे का होगा आयोजन



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ। आने वाले शनिवार को श्री सिद्धपीठ शनिधाम,श्री सिद्धपीठ माता बंगलामुखीधाम,श्री पशुपतिनाथ द्वादश ज्योर्तिलिंग,श्री बजरंग बली धाम,श्री सिद्ध पीठ साईं बाबा धाम मंदिर के तेरहवां वार्षिकोत्सव एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आपको बता दें कि बख्शी का तालाब क्षेत्र के चंद्रिका देवी रोड पर छोटी देवरई गांव स्थित श्री सिद्धपीठ शनिधाम,श्री सिद्धपीठ माता बंगलामुखीधाम,श्री पशुपतिनाथ द्वादश ज्योर्तिलिंग,श्री बजरंग बली धाम,श्री सिद्ध पीठ साईं बाबा धाम मंदिर के तेरहवां वार्षिकोत्सव एवं विशाल भंडारे का आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सुबह साढ़े आठ बजे शनि महाराज का तेलाभिषेक भी किया जायेगा।

### क्या बोलें मुख्य पुजारी

मंदिर के मुख्य पुजारी नरेश चंद्र शास्त्री ने विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर का विशाल भंडारे के साथ वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। यह वार्षिकोत्सव तेरहवां वार्षिकोत्सव है।

# अवैध खनन की अब डिजिटल निगरानी करेगी योगी सरकार

- अवैध खनन की गतिविधि पर तुरंत त्वरित कार्रवाई करेगी योगी सरकार
- अवैध खनन पर रोक से प्रदेश के राजस्व में बढ़ोतरी की उम्मीद
- प्रदेश में पारदर्शी खनन व्यवस्था से अवैध खनन पर लगेगी लगाम

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की शासन व्यवस्था में लगातार तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। तकनीक का सहारा लेकर योगी सरकार प्रदेश में पारदर्शी शासन व्यवस्था लागू करने की दिशा में लगातार आगे बड़ रही है। इसी के मद्देनजर प्रदेश का भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग अवैध खनन और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए खनन पट्टों की निगरानी के लिए विशेष निरीक्षण ऐप की शुरुआत की है। माइनिंग मित्र पोर्टल के सफल संचालन के बाद अब अवैध खनन पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने के लिए सरकार अब खनन की गतिविधियों की डिजिटल निगरानी करेगी। बता दें कि उत्तर प्रदेश माइन मित्र, खनन व्यवसाय में पारदर्शिता लाने और अवैध गतिविधियों से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की एक योजना है। इस योजना के तहत, खनन से जुड़ी कई सेवाओं को ऑनलाइन किया गया है। सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय ने राज्य के खनन पट्टों पर प्रभावी निगरानी के लिए एक विशेष %निरीक्षण ऐप% विकसित किया है। इस ऐप का उद्देश्य खनन क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण रखने और खनन कार्यों को पारदर्शी बनाने बनाना है। ऐप के माध्यम से प्रत्येक खनन पट्टे का निरीक्षण अब डिजिटल माध्यम से एक क्लिक पर संभव हो सकेगा, जिससे किसी भी अवैध खनन गतिविधि पर तुरंत नजर रखी जा सकेगी और त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी।

### सचल दलों द्वारा वास्तविक समय पर होगी निगरानी

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की निदेशक माला श्रीवास्तव ने बताया कि %निरीक्षण ऐप% का उपयोग सचल दलों द्वारा राज्यभर के खनन पट्टों में नियमित जांच के लिए किया जाएगा। यह ऐप न केवल निरीक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाएगा, बल्कि जांच के परिणामों को त्वरित और एक क्लिक पर उपलब्ध कराने में भी सक्षम होगा। ऐप के माध्यम से विभिन्न जिलों में सक्रिय खनन पट्टों की निगरानी की जाएगी, जिससे राज्य में अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

### खनन पट्टा धारकों की तय होगी जवाबदेही

इस ऐप के माध्यम से खनन पट्टा धारकों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जाएगी। ऐप के डेटा से हर खनन पट्टे की जानकारी अब डिजिटल रूप में उपलब्ध होगी, जिससे स्थानीय और उच्च स्तर के अधिकारियों को सभी गतिविधियों का सटीक निरीक्षण प्राप्त होगा। निदेशक माला श्रीवास्तव ने बताया कि यह ऐप खनन पट्टे पर हुई प्रत्येक गतिविधि को रिकॉर्ड करेगा और इसकी समीक्षा करने की सुविधा भी देगा। इससे खनन पट्टा धारकों के कार्यों में पारदर्शिता बनी रहेगी और उन्हें अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में खनन पट्टा धारकों की।

### ऐप के माध्यम से अवैध खनन पर रोक के साथ ही राजस्व में बढ़ोतरी की है उम्मीद

माला श्रीवास्तव ने बताया कि निरीक्षण ऐप से अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगेगा। किसी भी पट्टे में अनाधिकृत खनन गतिविधि होने पर ऐप द्वारा त्वरित सूचना संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई जा सकेगी, जिससे अवैध खनन पर त्वरित कार्रवाई करना संभव होगा। इसके अतिरिक्त राज्य के खनन क्षेत्र में अनुशासन और पारदर्शिता आने से राजस्व में भी बढ़ोतरी की उम्मीद है।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण

निदेशालय द्वारा ऐप का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को ऐप की सभी विशेषताओं, कार्यप्रणाली और डेटा एंट्री प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। ऐप के सुचारू उपयोग से अवैध खनन पर निगरानी सटीकता से की जा सकेगी।

### डिजिटल निगरानी से कुशल खनन संचालन की उम्मीद

भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय द्वारा विकसित निरीक्षण ऐप से राज्य में खनन पट्टों की निगरानी में सुधार होगा। इससे जहां एक ओर अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगेगी, वहीं दूसरी ओर राज्य के खनन क्षेत्र में अनुशासन और पारदर्शिता की नींव मजबूत होगी। ऐप के सफल क्रियान्वयन से न केवल राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि राज्य के खनन क्षेत्र का डिजिटलीकरण और सुगम प्रशासन की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### सहकारिता मंत्री ने किया सहकारी सप्ताह का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। कोआपरेटिव यूनियन लि. पीसीयू एवं इण्डियन कोआपरेटिव फारमर्स फर्टिलाइजर्स कोआपरेटिव लि इफको के संयुक्त तत्वाधान में ''71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह-2024'' के अवसर पर ''सहकारिता मंत्रालय की नई पहल के माध्यम से सहकारी आन्दोलन को सशक्त बनाना'' विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन आज सहकारिता भवन के चौधरी चरण सिंह सभागार में किया गया। सहकारी सप्ताह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर श्री राठौर ने ''सहकारिता'' हिन्दी मासिक पत्रिका के विशेषांक का विमोचन एवं पीसीयू की वेबसाइट लांच किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये माननीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि मुझे बहुत हर्ष हो रहा है कि वर्ष 2021 में भारत सरकार द्वारा भारत के सहकारिता आन्दोलन के दृष्टिगत केन्द्रीय स्तर पर 06 जुलाई, 2021 को सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार का गठन किया गया।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरे घर में दिनांक 31 अक्टूबर 2024 को आग लग जाने के कारण मेरी पुत्रियों क्रमश: अनुजा पांडेय व अंकिता पांडेय के शैक्षणिक प्रमाण पत्र व अंक पत्र जल गए हैं, जिनका विवरण निम्नांकित है-

**विवरण अनुजा पांडेय**
हाईस्कूल अनुक्रमांक- 5190632,
इंटरमीडिएट अनुक्रमांक- 5700015,
बी.कॉम अनुक्रमांक- 213082,
एम.कॉम अनुक्रमांक- 417067,
सी.ए. परीक्षा अनुक्रमांक- CR00487213

विवरण अंकिता पांडेय
हाईस्कूल अनुक्रमांक- 5222948,
इंटरमीडिएट अनुक्रमांक- 5662960,
बी.कॉम अनुक्रमांक- 160403013523,
एम.कॉम अनुक्रमांक- 180012125170

**वी. के. पांडेय**
निवासी- 3/85, रुचि खंड-1,
शारदा नगर, लखनऊ-226002

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर राइजिंग चाइल्ड के होनहार बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में शहर रायबरेली के राइजिंग चाइल्ड स्कूल में ब्रेन-ओ-ब्रेन संस्थान द्वारा होनहार बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों को उनके तार्किक और रचनात्मक मस्तिष्क को एक साथ तेज करने के लिए व्यायाम प्रदान कर उनके मस्तिष्क के दोनों भागों का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित करना प्रारंभ से ही आवश्यक होता है। प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव एडवोकेट ने विजयी बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए आये हुए अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। सामान्य ज्ञान पर आधारित लिखित परीक्षा के आधार पर विजयी बच्चों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। अयतिका साहू आहान सिंह और शशांक ने जहाँ गोल्ड मेडल जीता वहीं ईशानी अवंतिका शिवाय वैष्णवी शौर्य को सिल्वर मेडल प्रदान किए गए
ब्रेन-ओ-ब्रेन के रायबरेली प्रमुख अमित श्रीवास्तव ने बताया कि बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से ही सामान्य ज्ञान पर विशेष ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिससे भविष्य में होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने की अपार संभावनाएं रहती है। इस अवसर पर सेंटर हेड प्रियंका श्रीवास्तव ने बताया कि मस्तिष्क विकास पर दुनिया भर में किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि कोई भी व्यक्ति जो अपने मस्तिष्क के दोनों हिस्सों का उपयोग करने में सक्षम है वह अपने जीवन भर बुद्धिमान बना रहेगा इस अवसर पर विद्यालय की कोऑर्डिनेटर स्मृति सिंह एनिमा सिन्हा विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रवींद्रनाथ हरीसहितसमस्तशिक्षक-शिक्षिकाएँ विशेष रूप उपस्थित रहीं।

### 18 नवंबर को श्रीराम का तिलकोत्सव

# प्रभु की ससुराल जनकपुर से अयोध्या आएंगे 251 तिलकहरू, 501 तरह के नेग लाएंगे

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



अगहन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी को प्रतिवर्ष अयोध्या में राम विवाह का आयोजन धूमधाम से किया जाता है। दशरथ महल, कनक भवन और रंग महल सहित 10 से ज्यादा मंदिरों से रामबारात बहेद भव्यता के साथ निकलती है। इस देश-विदेश के लाखों भक्त बड़े ही श्रद्धा और विश्वास के साथ न केवल शामिल होते हैं।बल्कि महोत्सव की एक, एक परपंरा का निर्वहन कर परम आनंद का अनुभव करते हैं। विवाह पंचमी के दिन माता सीता और प्रभु श्री राम का विवाह लेकिन इस वर्ष पहली बार प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रीराम के तिलकोत्सव का भी आयोजन किया गया है। जिसमें जनकपुर से बड़ी संख्या में लोग अयोध्या पहुंचेंगे और तिलकोत्सव का कार्यक्रम शामिल होंगे। विवाह पंचमी पंचमी के दिन आयोजित होने वाले प्रभु श्रीराम और माता सीता के विवाह की तैयारियां तेज हो गई है। अयोध्या से बड़ी संख्या मे साधु संत और अयोध्या वासी बाराती बनकर जनक पुर जाते है और विवाह पंचमी के दिन विधि विधान के साथ माता सीता और प्रभु श्री राम का विवाह संपन्न होता है। विवाहोत्सव से पूर्व इस बार प्रभु श्रीराम के तिलकोत्सव विवाहोत्सव से पूर्व इस बार प्रभु श्रीराम के तिलकोत्सव का भी आयोजन होगा। जनकपुर से माता सीता के राजमहल से तिलक सामग्री भेजी जा रही है। प्रभु श्रीराम की ससुराल जनकपुर से पहली बार 251 तिलकहरू 501 प्रकार के नेग सामग्री के साथ 16 नवम्बर को चलकर 17 नवम्बर को अयोध्या पहुंच नवम्बर को चलकर 17 नवम्बर को अयोध्या पहुंच जाएंगे और 18 नवम्बर को तिलकोत्सव का आयोजन होगा। नेग में परिधान, आभूषण, विभिन्न प्रकार के मिष्ठान्न, मेवा, फल आदि शामिल होंगे। तिलकोत्सव को लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि नेपाल के लोग आज भी राम विवाह की परंपरा की बेहद भाव से मनाते हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में वहां से 500 लोग अनेक उपहरों को लेकर आए थे। अयोध्या से जनकपुर राम बारात पहुंचने से वहां महिलाएं विवाह की गारी गाकर स्वागत करती हैं। विहिप के केंद्रीय मंत्री यहां से राजा दशरथ बनकर जा चुके हैं। आधुनिकता के दौर में भी प्राचीन मूल्यों का महत्व जनकपुर से सीखा जा सकता है।

## बाल दिवस पर याद किए गए चाचा नेहरू व खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री प. जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन पर उन्हें याद किया गया। एनएसपीएस के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति और शिक्षकों के साथ नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। साथ ही 15 नवम्बर को मनाई जाने वाली कार्तिक पूर्णिमा और गुरु नानक जयन्ती के उपलक्ष्य में सिक्खों के प्रथम गुरु नानक देव जी के चित्र पर माल्यार्पण कियाछात्र कुशाग्र ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि प. जवाहर लाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे और उन्हें बच्चों से अगाध प्रेम था ,इसी बाल प्रेम के कारण उनकी जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं छात्र सत्यार्थ ने बताया कि गुरु नानक देव जी एक आध्यात्मिक गुरु थे,उन्हें सिक्ख धर्म के संस्थापक और प्रथम गुरु के रूप में सम्मानित किया जाता है,उनकी जयन्ती पर सिक्ख धर्म के लोग गुरु पर्व मनाते हैसंस्थापक-प्रबंधक डा शशीकांत शर्मा ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और उनका विकास ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करेगा। चाचा नेहरू की जयंती बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि आज का दिन बच्चों की खुशियों,अधिकारों और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मनाया जाता है। बच्चे हमारे बगीचे की कलियों की तरह है जिनके बेहतर पालन-पोषण से वह खूबसूरती के साथ खिलेंगें और ऊँची उड़ान भरेंगे।
विद्यालय में बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल,शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, विवेक सिंह, अजयराज सिंह, कामरान, पूजा सिंह गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तुलसी महारानी जी का अनुष्ठान एवं विधि पूर्वक पूजन से होते सारे मनोरथ पूर्ण- स्वामी विंदु गद्या चार्य

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या धाम**



श्री राम की पावन नगरी अयोध्या धाम मे गौ,संत,परमार्थ सेवा के केंद्र दशरथ महल,बड़ा स्थान में तुलसी विवाह महोत्सव घूम धाम से मनाया गया। दशरथ महल के पीठाधीश्वर विंदु गद्या चार्य स्वामी श्री देवेन्द्र प्रसादाचार्य जी महाराज की अध्यक्षता एवम पावन सानिध्य में आचार्य पंडित श्री विष्णु देव नायक शास्त्री जी के आचार्यत्व में संपादित विवाह उत्सव में शास्त्रीय संगीत के गायक,वादक संत, संगीतज्ञ कलाकारों ने अनेक भक्ति गीत,विवाह गीत ,भजन प्रस्तुत कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर प्रांगण में विवाह उत्सव का आयोजन परंपरानुसार किया गया। श्री धनुषधारी भगवान के विग्रह का तुलसी महारानी जी से अनुष्ठान एवं विधि पूर्वक विवाह की रश्म अदायगी की गई। इस मध्य संतो ने एक दूसरे पर पुष्प वर्षा कर विवाह उत्सव को दिव्यता,भव्यता प्रदान की। बड़ी संख्या में संत,महंत,भक्त उपस्थित रहे। इस पुनीत अवसर पर आचार्य श्री विष्णु प्रसाद नायक शास्त्री जी महाराज,प्रख्यात मृदंग वादक महंत श्री विजय राम दास,तालमणि जी महाराज,श्री रमाकांत शास्त्री जी,शास्त्रीय गायक श्री राम किशोर दास जी महाराज,मधुकरिया संत शास्त्रीय गायक श्री मिथिला बिहारी दास जी महाराज,डॉ राघवेशाचार्य जी महाराज,संत श्री वरुण दास जी,तबला वादक श्री विजय जी,तबला वादक श्री शिरोमणि दास जी,तबला वादक श्री कालिका दास जी, वरिष्ठ पुजारी श्री द्वारिका दाद जी,पुजारी श्री राम जी दास,पुजारी श्री राम नंदन दास जी,पुजारी श्री अम्बर दास जी महाराज सहित अन्य संत ,महंत एवं भक्त उपस्थित रहे। सभी समागत संत, महंतो, अतिथियों, गायक,वादक कलाकारों का विंदु गद्याचार्य स्वामी श्री देवेन्द्र प्रसादाचार्य जी महाराज द्वारा अंग वस्त्र दक्षिणा भेंट,विदाई प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा 05 जनवरी तक लागू: एडीएम ई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जनपद में 15 नवम्बर को गुरु नानक जयंती/कार्तिक पूर्णिमा, 16 नवम्बर को वीरांगना ऊदा देवी शहीद दिवस, 23 नवम्बर को चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस, 24 नवम्बर को श्री गुरु तेज बहादुर शहीद दिवस, 25 दिसम्बर को क्रिसमस डे, निकट भविष्य में पी0सी0एस0 (प्रा0) परीक्षा होना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त संचारी रोगों के प्रभावी रूप से रोकथाम के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देश का क्रियान्वयन किया जाना है उक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत वर्तमान में समयाभाव के कारण पक्षों को सुनने के उपरान्त आदेश पारित किया जाना सम्भव नहीं है अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थ ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए एकपक्षीय रूप से 14 नवम्बर 2024 से 05 जनवरी 2025 तक संपूर्ण जनपद में निषेधाज्ञा जारी किया है।

## बाल दिवस के अवसर पर एम जे एस स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न

**जन एक्सप्रेस । गौरीगंज अमेठी**



देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिन बाल दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को एम जे एस मेमोरियल ग्रीन वैली स्कूल एंड कॉलेज राजगढ़ गौरीगंज में बाल विज्ञान एवम् कला प्रदर्शनी का आयोजन हुआ।तथा नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया।और खाने पीने के स्टॉल लगाए गए।कार्यक्रम का शुभारंभ बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी तथा खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह द्वारा किया गया।तथा सभी गणमान्य लोगों द्वारा मां सरस्वती का माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक मंशा राम तथा प्रबंध निदेशक संदीप मौर्य एवं प्रिंसिपल संतोष तिवारी ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का बुके तथा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ स्वागत गीत गाया गया।बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अतिथियों ने अवलोकन कर रसास्वादन किया।और लगे हुए स्टॉल पर छात्र, छात्राओं की व्यवस्था को देखकर उनका प्रोत्साहन किया। साथ ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के भविष्य निर्माण में काफी सहायक सिद्ध होते हैं।प्रत्येक विद्यालय में ऐसे आयोजन होने चाहिए।कार्यक्रम का समापन नगरपालिका गौरीगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक सिंह द्वारा किया गया।इस मौके पर बड़ी संख्या मेंअभिभावक,बच्चे,अध्यापक तथा नागरिकगण मौजूद रहे।

## सरकार द्वारा किसानों को उपलब्ध कराए गए मुफ्त लहसुन के बीज

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के गृह जनपद रायबरेली में किसानों को मुफ्त लहसुन के बीज दिए जा रहे है। बीज पाकर किसानों के चेहरे खिल उठे है। लहसुन का बीज मार्केट में बिक रहा है मगर उद्यान विभाग मे किसानों को भी मुफ्त में सरकार द्वारा बीज दी जा रही है कृषि अधिकारी ने कहा कि हम लोग किसानों को मुफ्त में लहसुन मिर्च और प्याज के बीज उपलब्ध करा रहे हैं। जो लक्ष्य मिला था उसके सापेक्ष किसानों को हम लोगों ने लहसुन मिर्च और प्याज के बीज उपलब्ध कराए हैं जिला उद्यान अधिकारी जय राम वर्मा ने बताया कि इस वक्त जो किसान है ज्यादातर किसान लहसुन के बीज की डिमांड कर रहे हैं।मेरा उन सभी किसानों से निवेदन है कि कृषि विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण करा लें। उसके बाद भी अगर उन्हें दिक्कत आ रही है तो अपने सभी दस्तावेज के साथ कृषि विभाग आ जाए तो यहां से हम उन्हें उपलब्ध करा देंगे। उन्होंने कहा कि सभी किसानों को फ्री में बीज उपलब्ध कराया जा रहे हैं। किसी भी प्रकार के पैसे की डिमांड नहीं की जा रही है अगर कोई पैसे की डिमांड करता है तो उसकी शिकायत आप कृषि विभाग में कर सकते हैं। इसके अलावा अभी लहसुन बोने का यह पीक समय है मौसम बहुत अच्छा है और हमारा लहसुन का जो बीज है वह शुरू में ही आ गया था और किसानों को मिल गया था तो उस वजह से सभी किसान इन बीजों को अपने यहां बो रहे हैं और ज्यादातर किसानों को लहसुन के बीज मिल गए हैं जो बचे रह गए हैं उसके लिए वह हमारे विभाग में आकर संपर्क कर सकते हैं। डीह से आए किसान सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि उन्हें 5 किलो लहसुन का बीज मिला है और यह बीच मुफ्त में मिला है हालांकि हमने कृषि विभाग में पंजीकरण कराया था जिसकी वजह से यह बी आज हमें मिला है और हम बहुत खुश है की प्रदेश सरकार हम किसानों के लिए इतना कुछ कर रही है।अमावा ब्लाक से आए किसन संतोष ने बताया कि हमें भी आज 5 किलो लहसुन के बीज मिले हैं मैंने भी रजिस्ट्रेशन कराया था। उन्होंने कहा कि बहुत अच्छा कदम है प्रदेश सरकार का कि वह किसानों को लहसुन उपलब्ध करा रही है।

## रामशंकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धाजलि सभा का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

महराजगंज सथानीय नगर के संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा कस्बे के प्रमुख समाजसेवी एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय परिषद सदस्य, जिलाध्यक्ष, विभाग संयोजक, बीजेपी से लोकसभा प्रत्याशी, विधानसभा प्रत्याशी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तथा श्रीराम मंदिर कर सेवक के जिला संयोजक रामशंकर वर्मा (बाबू ज़ी) की तृतीय पुण्यतिथि पर ब्लाक सभागार में श्रद्धाजलि सभा का आयोजन हुआ।कार्यक्रम के संचालक एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा ने बाबू ज़ी के बारे में कहा कि आज नगर में विकास की जो बुनियाद दिखाई पड़ रही। वह बाबू ज़ी के कार्यकाल की देन हैं। भाजपा की महिला मोर्चा अध्यक्ष सुधा अवस्थी ने बताया कि नगर ही नहीं, वरन पार्टी के प्रत्येक पुराने कार्यकर्ताओं सहित समाज से जुड़े व्यक्ति के बीच रामशंकर जी पहुंचने का कार्य जरूर करते रहे। इस अवसर पर सत्येंद्र प्रताप सिंह, अवधेश मिश्रा, प्रेम मिश्रा, लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव, मातादीन पासी, सुधा अवस्थी, सूर्य प्रकाश वर्मा, राघवेंद्र सिंह, शिवशंकर शुक्ला, रिंकू जायसवाल, अमित प्रकाश वर्मा, कंचन वर्मा, संदीप वैश्य, मन्शा राम सिंह, बरखंडी प्रताप सिंह, वीरेंद्र मिश्रा, दिनेश अवस्थी, किशन कसेरा, संतोष मौर्य, राम प्रकाश गौतम, पंकज श्रीवास्तव, नंद कुमार वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## आधुनिक भारत के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा आधुनिक भारत के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई सर्वप्रथम जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय तिलक भवन में उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि कर उनको अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए सच्ची श्रद्धांजलि दी इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी विजयशंकर अग्निहोत्री ने उनके बारे में बताया स्वतंत्रता आंदोलन में नेहरू जी के योगदान को बुलाया नहीं जा सकता नेहरू जी ने देश में बड़े-बड़े कारखाने जैसे इस्पात कारखाना आईटीआई जैसी संस्थाओं को देश में लगाया इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी उपाध्यक्ष सईदुल हसन महामंत्री शशिकांत पांडे सेवादल के मुख्य संगठन कल्यांचंद श्रीवास्तव जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव अभय सिंह वरिष्ठ नेता नंदकिशोर शुक्ला वरिष्ठ

## इफको गौरीगंज में उर्वरक वितरण में अव्यवस्था को संज्ञान में लेते हुए स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे अपर जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




बृहस्पतिवार को अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने जनता की शिकायतों के मद्देनज़र गौरीगंज स्थित इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव इकाई का निरीक्षण किया।लोगों की शिकायतें थीं कि उर्वरक संग्रहण और वितरण में अव्यवस्था व अनियमितताएँ हो रही हैं।जिससे जनता को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।एडीएम ने शिकयत को संज्ञान में लेते हुए पारदर्शिता और निष्पक्षता बरतने के लिए संबंधित कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने इकाई के अधिकारियों से वितरण प्रक्रियाओं का विश्लेषण किया।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने जोर दिया कि जनता तक उचित सेवाएँ और सुविधाएँ पहुंचाने में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि है। इस मौके पर जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपर जिला अधिकारी अर्पित गुप्ता ने स्पष्ट किया कि किसी भी अनियमितता की स्थिति में कठोर कदम उठाए जाएंगे।उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि वितरण में सुधार कर जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरा जाए। उन्होंने बताया कि पुरुष और महिलाओं की भीड़ ज्यादा होने पर पुलिस फोर्स की व्यवस्था भी कराई गई है,जिससे कि कोई आव्यवस्था न हो।निरीक्षण के पश्चात एडीएम ने जनता को भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन उनकी हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।और उर्वरक वितरण व्यवस्था को प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए हरसंभव कदम उठाएगा।

### शिक्षण संस्थाओं के इन्स्टीट्यूट नोडल ऑफिसर (INO) के Bio Auth/Face Auth की कार्यवाही तत्काल पूर्ण करना करें सुनिश्चित: मोहन त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया है निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उ0प्र0 एवं अनु सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार विज्ञान द्वारा Top Class School Education For O??, EBC & DNT स्कॉलरशिप योजनान्तर्गत सम्बन्धित शिक्षण संस्थाओं के इन्स्टीट्यूट नोडल ऑफिसर (INO) के Bio Auth/Face Auth कराए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि चयनित शिक्षण संस्थाओं की सूची एनएसपी पोर्टल पर उपलब्ध है।

## बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सेमरोता एवं तिलोई का रहा दबदबा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के विकास क्षेत्र तिलोई की ब्लाक स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता बृहस्पतिवार को सुभाष पशुपतिनाथ इण्टर कालेज के क्रीड़ा स्थल पर धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रेम कुमार मिश्र प्रधानाचार्य एवं विशिष्ट अतिथि राम किशन कश्यप खण्ड शिक्षा अधिकारी रहे।प्रतियोगिता ओंकार नाथ सिंह व्यायाम शिक्षक एवं शशि कुमारी सिंह-नोडल शिक्षिका के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।दस न्याय पंचायतों की विजेता प्रतिभागी बच्चों ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रेम कुमार मिश्र एवं खंड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप ने संयुक्त रुप से किया।प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक स्तर बालक दौड़ 100 मी में सूरज प्रथम,राघवेन्द्र द्वितीय,200 मी में अरूण प्रथम, बालिका दौड़ 100 मी में ज्योति प्रथम शशि द्वितीय,200मी में अंशिका प्रथम,नैनसी-द्वितीय रहीं।लम्बी कूद बालक में राघवेन्द्र प्रथम पंकजद्वितीय,बालिका में ज्योति प्रथम,शशि द्वितीय,ऊंची कूद बालक में पंकज प्रथम,राघवेन्द्र द्वितीय, गोला फेंक में आदर्श-प्रथम,रोहित कुमार-द्वितीय,बालिका लम्बी कूद में ज्योति-प्रथम,शशि-द्वितीय,ऊंचीकूद में शशि-प्रथम,ज्योति द्वितीय खो- खो बालक में सेमरौता-प्रथम,तिलोई द्वितीय,कबड्डी में सेमरौता प्रथम,जमुरवा द्वितीय,बालिका खो-खो में सेमरौता प्रथम लोधवरिया-द्वितीय रहे।खो-खो में सेमरौता प्रथम, तिलोई द्वितीय रहा।प्रतियोगिता में न्याय पंचायत सेमरोता चैम्पियन एवं तिलोई उप चैम्पियन रहा। प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में धीरेन्द्र सिंह बघेल,महामंत्री रमा कान्तमौर्य महामंत्री,सुनील सिंह अध्यक्ष,संतोष तिवारी अध्यक्ष,प्रहलाद सिंह अध्यक्ष,अतुल श्रीवास्तव मंत्री यतीन्द्र मोहन वैश्य कोषाध्यक्ष, बृजराज शुक्ला,कोषाध्यक्ष,बृजेश कुमार सिंह माधवेन्द्र प्रताप सिंह,शालिनी सिंह,अमिता जायसवाल,रजिया बानो,पूजा रावत,शिवानी शुक्ला,विजय सिंह,गिरिजेश प्रताप सिंह,चन्द्र प्रकाश यादव सहित सैकड़ों शिक्षकों का सहयोग रहा।

# सरयू को समर्पित हुई 151 मीटर की चुनरी

**जन एक्सप्रेस । औयोध्या**



बड़ा भक्तमाल मंदिर के संस्थापक आचार्य महंत राम शरण दास महाराज के 49 वें वार्षिकोत्सव पर चल रहे नौ दिवसीय महोत्सव में बड़े महाराज महंत कौशल किशोर दास के नेतृत्व में मंदिर के वर्तमान महंत स्वामी अवधेश कुमार दास के संयोजन में मां सरयू को चढ़ाई गई 151 मीटर की चुनरी। बड़े भक्तमाल मंदिर से ढोल नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में अयोध्या के संत महंत एवं आश्रम से जुड़े भक्ति श्रद्धालु सम्मिलित हुए यह महोत्सव प्रत्येक वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है जिसमें देश के कोने-कोने से लोग अपनी उपस्थिति दर्ज करते हैं। आश्रम से निकलकर शोभायात्रा मां सरयू के तट आरती घाट पहुंची जहां मां सरयू का पूजन किया गया दुग्धाभिषेक किया गया और पूजन अभिषेक की उपरांत मां सरयू को चुनरी समर्पित की गई। महंत अवधेश कुमार दास महाराज ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बड़े भक्तमाल महाराज की पुण्यतिथि पर मंदिर परिसर में नौ दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होता है जिसमें श्री राम कथा जगतगुरु रामानुजाचार्य डॉ स्वामी राघवाचार्य महाराज द्वारा कहीं जा रही थी जो आज संपन्न हुई। मां सरयू को पूजन अर्चन और दुग्धाभिषेक के बाद 151 मीटर की चुनरी चढ़ाई गई और मंदिर को फूल बंगले से सजाया गया ठाकुर जी फूल बंगले में विराजमान हुए उनको छप्पन भोग लगाया गया और प्रसाद भक्तों में वितरण किया गया। इस महोत्सव में बड़े भक्तमाल परिवार से जुड़े देश-विदेश से लोग पहुंचते हैं और उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में सम्मिलित होते हैं। इस अवसर पर संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास, महंत वैदेही वल्लभ शरण, तुलसीदास छावनी के महंत जनार्दन दास, हनुमानगढ़ी के वरिष्ठपुजारी हेमंत दास, मोतिहारी मंदिर के महंत रामप्रवेश दास, नागाराम लखन दास, कृष्ण दास सहित दर्जनों संत महंत सम्मिलित हुए मां सरयू का पूजन और अर्चन दुग्धाभिषेक कर चुनरी चढ़ाई।

# एक लाख रुपए का इनामी सुपारी किलर हुआ गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कर्नलगंज थाना क्षेत्र से एसटीएफ ने एक लाख रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश की पहचान चतुर सिंह उर्फ चतुर्भुज सिंह उर्फ बाबा कालिया के रूप में हुई है। वह सुपारी लेकर अपहरण करके हत्या की घटना को अंजाम देता था। उसके खिलाफ कानपुर और हमीरपुर में 13 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

एसटीएफ प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एसटीएफ काफी समय से अपराधियों की घर पकड़ को लेकर लगातार अभियान चला रही है। यह अभियान इनामी अपराधियों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहा है। हमीरपुर में सुपारी लेकर अपहरण कर हत्या के एक मामले में जलाल गांव घाटमपुर निवासी शातिर चतुर सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद से चतुर सिंह फरार चल रहा था। इसके बाद उसके ऊपर एक लाख की घोषणा की गई थी। जिसके बाद एसटीएफ लगातार इसकी तलाश कर रही थी।

### इनामी बदमाश कानपुर में किया गया गिरफ्तार

हमीरपुर में अपहरण और हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी चतुर सिंह ने एक और कारोबारी की सुपारी ले ली थी। और भिंड मुरैना के जंगलों में छुपकर दूसरी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था। इस दौरान एसटीएफ को इसकी लोकेशन के बारे में जानकारी मिली। जानकारी मिलते ही एसटीएफ इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह ने उसकी लोकेशन ट्रेस करना शुरू कर दिया। गुरुवार को लाल इमली के पीछे वाली एक्सेल रोड से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### 10 लाख रुपए में महिला को उतरा था मौत के घाट

एसटीएफ द्वारा चतुर सिंह से की गई पूछताछ में चतुर सिंह ने बताया कि हमीरपुर के धर्मेंद्र सिंह ने अपनी बहन अमन की हत्या के लिए आरोपी को 10 लख रुपए की सुपारी दी थी। चतुर सिंह ने उसकी बहन और दोनों बच्चों का अपहरण कर लिया। अमन की हत्या करने के बाद उसके दोनों बच्चों को जंगलों में फेंक दिया था। इसके बाद एसडीएम द्वारा पूछे जाने पर उसने अपने सारे गुनाहों को कबूल लिया है। एसटीएफ में उसके पास से 315 बोर का तमंचा तो 315 बोर के कारतूस एक 315 बर खोखा कारतूस एक कीपैड मोबाइल व 2100 रुपए कैश बरामद किए हैं।

# राष्ट्रीय शर्करा संस्थान की एडवाइजरी बोर्ड की 56वीं बैठक हुई संपन्न





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर में 14 नवंबर, 2024 को अपराह्न 3.00 बजे अश्वनी श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव (शर्करा), उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार, कृषि भवन, नई दिल्ली की अध्यक्षता में एडवाइजरी बोर्ड की 56वीं बैठक संपन्न हुई। इस अति महत्वपूर्ण बैठक में जिन विशिष्ट अतिथि सदस्यों ने भाग लिया उनमें संगीत सिंगला, संयुक्त सचिव, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, नई दिल्ली, आशीष गर्ग, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, सस्टेनेबल एनर्जी इंजीनियरिंग, आई.आई.टी., कानपुर, रसप्पा विश्वनाथन, निदेशक, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ, प्रभाकर राव, अध्यक्ष, भारतीय चीनी मिल संघ, नई दिल्ली, नायक नावरेकर, अध्यक्ष, राष्ट्रीय सहकारी चीनी मिल संघ, नई दिल्ली, शेखर स्वरूप, अध्यक्ष, अखिल भारतीय आसवनी संघ, नई दिल्ली, डॉ.गोविंद राज, निदेशक, गन्ना प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर सहित प्रो.सीमा परोहा, निदेशक, राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर, सदस्य सचिव के रूप में उपस्थित रहीं। आमंत्रित विशिष्ट अतिथि सदस्यों ने संस्थान के हरियाली से युक्त विशाल कैंपस की प्रशंसा करते हुये प्राकृतिक सौंदर्य के संवर्धन हेतु निदेशक, प्रो.सीमा परोहा को साधुवाद दिया और सभी सदस्यों ने हरियाली को बढ़ाने में अपना योगदान देते हुये संस्थान परिसर में छाया और फूल देने वाले पेड़ लगाये। इस अवसर पर संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु माननीय संयुक्त सचिव के कर कमलों द्वारा संस्थान में नव विकसित, हाईटेक सुविधाओं से युक्त दो ए.सी. स्मार्टक्लासरुम का उद्घाटन भी किया गया। बैठक में एडवाइजरी बोर्ड की 55वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि के पश्चात गत बैठक की संस्तुतियों पर की गई कार्रवाई पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त बैठक में 1 जून, 2023 से 31 अक्टूबर, 2024 तक की अवधि में संस्थान के विभिन्न विभागों द्वारा किये गये कार्यों व संस्थान की अन्य मुख्य गतिविधियों तथा संस्थान की मूलभूत और अन्य सुविधाओं के विकास की दिशा में हो रही प्रगति की समीक्षा करते हुये संस्थान की पुनर्संरचना एवं तदनुसार कर्मियों (स्टाफ) की आवश्यकता पर विचार विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त संस्थान को विकास के शिखर पर स्थापित करने के लिये कई लक्ष्य निर्धारित किये गये, जिनकी प्राप्ति के लिये हर संभव प्रयास किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

# कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने रेप के आरोपी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर पुलिस ने रेप के आरोपी जितेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। जितेन्द्र सिंह ने युवती को शादी का झांसा देकर पहले तो युवती का भरोसा जीतने के लिए उसके साथ मंदिर में शादी रचाई। इसके बाद एक साल तक युवती के साथ रेप करता रहा। बाद में जब युवती ने रीति रिवाज से शादी करने का दबाव बनाया तो युवती को मारपीट कर धमकाया। इसके बाद छात्र ने आरोपी के खिलाफ गुजैनी थाने में रेप की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद से युवक फरार हो गया था अब कहीं जाकर पुलिस के हफ्ते चढ़ा है।

गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी के मुताबिक जरौली में रहने वाली युवती एक कपड़े की दुकान पर काम करती थी। वहां पर इलाके का जितेन्द्र सिंह भी नौकरी किया करता था। इस दौरान दोनों के बीच में नजदीकी बढ़ गई। जितेंद्र ने ज्योति को शादी का झांसा दिया और भरोसा जमाने के लिए एक मंदिर में गुपचुप तरीके से उसके साथ शादी रचाई। इसके बाद 2030 से 28 जुलाई 2024 तक आरोपी युवती के साथ लगातार रेप की घटना को अंजाम देता रहा। इसके बाद युवती ने जब रीति रिवाज से शादी करने की बात कही तो युवती को मारना पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद युवती ने गुजैनी थाने में आरोपी जितेंद्र के खिलाफ रेप की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है मुकदमा लिखा जाने के बाद से आरोपी पर चल रहा था पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से गुरुवार को जितेन्द्र को अरेस्ट कर लिया। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर छात्र एवं छात्राओं ने बलखंडेश्वर मंदिर का किया भ्रमण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। परियर। विश्व पर्यटन दिवस व बाल दिवस के अवसर पर दिनांक 14 नवंबर को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, अटल बिहारी इंटर कॉलेज, श्याम कुमारी सेठ इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं को जिला पर्यटन अधिकारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में स्थानीय महर्षि वाल्मीकि आश्रम जानकी कुंड एवं बाबा बलखंडेश्वर महादेव का स्थानीय पर्यटन भ्रमण कराया गया। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पर्यटन भ्रमण की शुरुआत हरी झंडी दिखा कर की। जानकी कुण्ड आश्रम में रवि मिश्रा ने सभी को आश्रम के पौराणिक इतिहास के संबंध में व पर्यटन विभाग द्वारा कराए गए विकास कार्यों के संबंध में बताया।

# सपा विधायक समेत 127 लोगों के खिलाफ मुकदमा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कानपुर के फजलगंज थाने में सपा विधायक अमिताभ बाजपेई धरने पर बैठ गए थे। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए थे। मामले में विधायक अमिताभ बाजपेई, पूर्व पार्षद प्रत्याशी वरुण जायसवाल समेत 127 सपाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

एसआई दीपक तिवारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। तहरीर में बताया गया है कि आठ नंवबर को उन्होंने फजलगंज निवासी अशोक कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया था। अशोक पर सार्वजनिक स्थान पर अभद्र भाषा का उपयोग करने का आरोप थे।

इसके बाद ही सपा विधायक अभिताभ बाजपेई अपने साथ वरुण जायसवाल व कुछ अन्य समर्थक व कार्यकर्ताओं को लेकर थाने पहुंच गए थे। उन्होंने में जमकर हंगामा किया था और धरना भी दिया था। विधायक के नेतृत्व में पांच घंटे तक प्रदर्शन चला था।

### मोपेड सवार वृद्ध सड़क पर पड़ा मिला

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कानपुर में घाटमपुर कस्बे के कानपुर रोड स्थित फायर स्टेशन के पास एक वृद्ध लावारिस हालत में पड़ा मिला। उसी के पास उसकी मोपेड खड़ी हुई थी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। गुरुवार की सुबह फायर स्टेशन के पास वृद्ध के पड़े होने पर वहां लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। यहां उसका इलाज चल रहा है। वृद्ध अभी अपना नाम पता स्पष्ट नहीं बता पा रहा है। उसने फतेहपुर का नाम लिया है, लेकिन अभी उसकी पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन ने टक्कर हुई होगी।

# बांदा का हिस्ट्रीशीटर भाई की कार से रेकी कर करता था चोरी



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

महाराजपुर और आसपास के क्षेत्र के बंद घरों व खाली प्लॉट में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले बांदा निवासी दो मौसेरे भाइयों को महाराजपुर पुलिस और सर्विलांस टीम ने गुरुवार को धर दबोचा। दोनों को नवोदयनगर स्थित सुनहला रोड से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी का माल भी बरामद हुआ है। आरोपी मौसेरे भाई कार से रेकी कर घटना को अंजाम देते थे।

डीसीपी पूर्वी एसके सिंह ने बताया कि पकड़े गए बदमाश बांदा के कोतवाली क्षेत्र के मर्दन नाका निवासी गुलफाम और आसिफ अली उर्फ कल्लू है। आसिफ बांदा जिले का हिस्ट्रीशीटर है। आरोपियों के पास से चोरी के दो सबमर्सिबल पंप और एक इन्वर्टर बरामद हुआ है।

16 अगस्त को उनका एक साथी अंसार कार और दो बैट्रियों के साथ पकड़ा गया था।

### बूढ़े बाघ ने चिड़ियाघर में ली अंतिम सांस

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। चिड़ियाघर के सबसे बुजुर्ग 19 साल के आदमखोर बाघ प्रशांत ने मंगलवार देर रात दम तोड़ दिया। वह लंबे समय से बीमार चल रहा था। इसे आठ लोगों के कत्ल के गुनाह में उम्र कैद की सजा मिली थी। 14 साल से वह चिड़ियाघर की छोटी सी कोठरी में बंद था। उसने आठ लोगों को क्यों और किन हालतों में मारा इसे समझने के लिए लिए जानते हैं साल 2010, फर्रुखाबाद के जंगल पांच साल के बाघ की दहाड़ से गूंज उठते थे। जंगल के सबसे बड़े शिकारियों में शामिल यह बाघ शिकार को निकलता तो एक झपट्टे में सामने वाले जानवर की गर्दन दबोच कर उसका काम तमाम कर देता। एक दिन उसका मुकाबला उससे ज्यादा ताकतवर बाघ से हो गया। इस हादसे में इसका एक कैनाइन टीथ टूट गया। इसके टूटने से उसकी पूरी जिंदगी बदल गई। पहले जो शिकार आसानी से कब्जे में आ जाते थे, वह जबड़ों की पकड़ से छूटने लगे।

# हाईवे पर ट्राला पलटने से लगा 20 किलोमीटर लंबा जाम

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



बिधनू में बुधवार रात कानपुर-सागर हाईवे पर रमईपुर के पास लोहे की चादर लदा ट्राला अनियंत्रित होकर सड़क के बीचो-बीच पलट गया। इसकी वजह से हाईवे के दोनों तरफ से वाहनों का आवागमन बंद होने से करीब 20 किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। करीब 16 घंटे बाद गुरुवार शाम को हाईवे पर यातायात सामान्य हो सका।

जानकारी के अनुसार घाटमपुर की तरफ से लोहे की चद्दर लादकर कानपुर की ओर जा रहा ट्राला बुधवार रात आठ बजे रमईपुर के पास अनियंत्रित होकर हाईवे के बीचो-बीच पलट गया। इसकी वजह से हाइवे के दोनों तरफ भारी वाहनों की लंबी लाइनें लगनी शुरू हो गईं। छोटी गाड़ियों के जल्दी निकलने की कोशिश के चक्कर में हाईवे पर तीन-तीन लाइनें बन गईं। इससे जाम और भीषण हो गया। ट्राला हटवाने की कोशिश में जुटी पुलिस को मौके तक हाइड्रा पहुंचाने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी।

देर रात हाइड्रा की मदद से ट्राला को हाईवे से हटाकर आवागमन बहाल कराने की कोशिश की गई लेकिन तब तक लोगों की जल्दबाजी की वजह से नौबस्ता से पतारा घाटमपुर के बीच हाइवे के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। स्थिति संभालने के लिए पुलिस ने रमईपुर से साढ़ और बिधनू नहर से किसाननगर की तरफ वाहनों को डायवर्ट करना शुरू किया। इससे हाईवे पर धीरे-धीरे आवागमन शुरू हुआ। इस बीच गुरुवार सुबह बिधनू कस्बे और बिनगवां मौरंग मंडी के पास दो ट्रक खराब हो गए।

इसकी वजह से सामान्य हो रहे हालात फिर से बिगड़ गए। गुरुवार दोपहर 12 बजे तक यातायात रेंगता रहा।

स्कूल जाने व घर आने वाले दौरान बच्चें को समय से स्कूल पहुंचने में भी परेशानी झेलनी पड़ी।

कड़ी मशक्कत के बाद करीब 16 घंटे बाद हाईवे पर यातायात बहाल करा पाई।

# फैक्टरी में काम करते वक्त मशीन से कटे युवती के दोनों हाथ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




रूमा औद्योगिक क्षेत्र स्थित साइकिल के पैडल तथा गद्दी बनाने की फैक्टरी में काम करते वक्त मशीन की चपेट में आने से एक युवती के दोनों हाथ कट गए। कंपनी के संचालक ने इलाज कराने का आश्वासन दिया, लेकिन कुछ दिन बाद पल्ला झाड़ लिया। परेशान युवती ने फैक्टरी मालिक अंकित अरोड़ा समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। महाराजपुर के महुआ गांव निवासी युवती कुंती (24) ने बताया कि वह पिछले चार साल से फैक्टरी में ग्लैंडर मशीन बनाने का काम करती थी। मशीन पहले ऑटोकट थी, लेकिन पिछले कुछ समय से मशीन का स्टार्टर काम नहीं कर रहा था, जिसकी शिकायत उसने कई बार कंपनी के मालिक अंकित अरोड़ा से की थी। कोई सुनवाई नहीं हुई। दूसरा काम करने को कहा तो उससे जबरिया मशीन चलाने के लिए जोर दिया। 27 सितंबर की दोपहर करीब चार बजे बिजली जाने के बाद वह मशीन के पास बैठी थी। इस बीच मालिक ने मशीन की सफाई करने के लिए कहा। इसी दौरान बिजली आने से मशीन चलने लगी और उसके दोनों हाथ कंधे से कट गए। हादसे के बाद कंपनी के मैनेजर तथा मालिक ने अस्पताल में भर्ती कराया जहां 19 दिन उपचार कराने के बाद पैसे देने बंद कर दिए। युवती और उसके परिजनों ने इलाज के लिए कहा तो धमकी देने लगे। महाराजपुर थानाप्रभारी ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# चमनगंज, कर्नलगंज सहित विभिन्न मोहल्लों में 22 अवैध निर्माण सील




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

केडीए ने गुरुवार को कर्नलगंज, बजरिया सहित सहित विभिन्न क्षेत्रों में 22 अवैध निर्माण सील किए। सीसामऊ क्षेत्र में 10 दिन में दूसरी बड़ी कार्रवाई के दायरे में चार अवैध निर्माण और 10 बेसमेंट आए हैं। सभी में कपड़ा, बिस्कुट, गद्दा, चप्पलें आदि बनाने के कारखाने चल रहे थे। सील परिसरों को पुलिस के सुपुर्द किया गया है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल ने पूरे शहर में अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विकास प्राधिकरण जोन - 1 के विशेष कार्याधिकारी (प्रवर्तन) सत शुक्ला के नेतृत्व में कंघी मोहाल में मोहम्मद नईम, कर्नलगंज में मोहम्मद नफीस, बेकनगंज में मोहम्मद माइले आलम, कर्नलगंज बड़ा मैदान के पास मोहम्मद जावेद की ओर से कराए जा रहे अवैध निर्माण सील किए। इसी तरह चमनगंज स्थित हसरत मोहानी कंपाउंड में मोहम्मद नजमी के छह मंजिला अपार्टमेंट का बेसमेंट, इसी कंपाउंड में अनवर खान के छह मंजिला अपार्टमेंट के बेसमेंट पर कार्रवाई की गई। वहीं, अशरफ खान के छह मंजिला अपार्टमेंट के बेसमेंट, हबीबुर्रहमान खान के पांच मंजिला अपार्टमेंट के बेसमेंट, सराय कंपाउंड भन्नापुरवा में मोहम्मद अवकार के पांच मंजिला अपार्टमेंट का बेसमेंट, कर्नलगंज में मोहम्मद सरफराज के सात मंजिला भवन के बेसमेंट को सील किया। इसके अलावा नाला रोड पर परवेज के पांच मंजिला अपार्टमेंट के बेसमेंट, आरिफ के पांच मंजिला अपार्टमेंट के बेसमेंट, नाला रोड पर ही अदनान अंसारी के छह मंजिला अपार्टमेंट के बेसमेंट और मोहम्मद आगम के छह मंजिला अपार्टमेंट के बेसमेंट में चल रहे कारखाने बंद कराकर सील कर दिया गया।

### निर्माणाधीन अपार्टमेंट सहित चार निर्माण सील

केडीए जोन-4 के विशेष कार्याधिकारी बृजेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में किदवई नगर ओ-ब्लाक सब्जी मंडी में अवैध रूप से बन रहे अपार्टमेंट, किदवई नगर के-ब्लाक और श्यामनगर में भवन के साथ रमईपुर चौराहे के पास बन रहीं 20 से ज्यादा दुकानें सील कीं।

केडीए जोन-2 के प्रवर्तन दस्ते ने ओएसडी डॉ. रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में पनकी एफ ब्लाक में अभिषेक यादव और ई-ब्लाक में विनय वर्मा की के अवैध निर्माण सील किए। सील तोड़ने पर एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी। अगले चरण में नोटिस जारी होने के बाद भी निर्माण न रोकने वाले भवन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बाल दिवस पर विद्यालयों में हुआ बाल मेले का आयोजन







जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। गुरुवार को इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में बाल मेले और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने पर चढ़कर भाग लिया और अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेला और पड़ोसन में पहुंचे लोगों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कस्बे के जवाहर नगर स्थित सरस्वती बल विद्या मंदिर में बाल दिवस पर मेले का आयोजन किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष देवीदीन सविता, प्रबंधक देवेन्द्र सविता व प्रधानाचार्या श्रीमती शिप्रा ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके उपरांत विद्यालय के अध्यक्ष ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मेले में बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए फल, मिठाई, फास्ट फूड व खिलौने आदि की दुकानें लगाई। मेले में पहुंचे अभिभावक एवं नगर व क्षेत्र के लोगों ने खरीदारी कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। मौके पर रागिनी प्रजापति श्रीमती अर्चना प्रजापति प्राची गुप्ता सहित समस्त शिक्षक शिक्षाएं मौजूद रहे।

### विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

इसी तरह क्षेत्र के सुभानपुर स्थित रोजवेल पब्लिक स्कूल में मेले के साथ-साथ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती वंदना श्रीवास्तव की नेहरू जी को माल्यार्पण कर किया। मेले में जहां बुशरा, छवि, प्रिंस, आरव, विनय, आयशा सहित दर्जनों छात्र-छात्राओं ने खाद्य वस्तुओं एवं खिलौनों के स्टाल लगाए वहीं गरिमा, नितिन, विराट, मृदुल, युवराज, तेजस, सूर्यांश, सृष्टि व दीपाली आदि छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के मॉडल जैसे प्रदूषण, चंद्रयान, सोलर सिस्टम, ड्रोन, प्लांट सेल, इलेक्ट्रॉनिक बल्ब, वाटर साइकिल, मिनी सिटी वर्किंग मॉडल, भूकंप मापक, वर्षा मापक आदि मॉडल लगे और प्रदर्शनी में पहुंचे अभिभावकों को अपनी अपनी मॉडल की कर प्रणाली के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। प्रदर्शनी में जीवन की विशेषताओं को दर्शाते हुए महापुरुषों के चित्र भी लगाए गए। आगंतुकों के द्वारा कार्यक्रम में शामिल सभी बच्चों की प्रतिभा को सराहा गया। इस दौरान हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीवास्तव ने प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शालिनी बाजपेई व श्रवण कुमार, आनंद मोहन, स्मिता श्रीवास्तव, सौम्या शुक्ला ज्योति शुक्ला उदय प्रताप आदि शिक्षक शिक्षाएं मौजूद रहे।

## कोहरे के असर ने 26 ट्रेनों की रफ्तार में लगाया ब्रेक, ज्यादातर ट्रेनों 50 किलोमीटर की गति से चलीं

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। ट्रेनों की दृश्यता बढ़ाने की तमाम कोशिशों के बीच सीजन की पहली ही धुंध का ट्रेनों के संचालन पर भारी असर पड़ा। गुरुवार की सुबह वाराणसी-दिल्ली वंदे भारत, भुवनेश्वर दुरंतो, शताब्दी और स्वर्ण शताब्दी जैसी प्रीमियम ट्रेनों के अलावा पूर्वोत्तर संपर्क क्रांति, श्रमशक्ति समेत 26 ट्रेनें कई घंटे की देरी से सेंट्रल स्टेशन पर पहुंची। कुछ ट्रेनें सात से आठ घंटे लेट रहीं। उनकी स्थिति जानने के लिए यात्री परेशान रहे। कभी पूछताछ केंद्र तो कभी रेलवे के एप से ट्रेनों की जानकारी जुटाई। कई यात्री तो यात्रा रद कराकर दूसरी ट्रेनों से अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। श्रमशक्ति सात घंटे 37 मिनट की देरी से सेंट्रल स्टेशन आई। दरअसल, दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और पंजाब में पिछले तीन दिन से धुंध का असर ट्रेनों के संचालन पर पड़ रहा था। लेकिन कानपुर से आगे के क्षेत्रों में दृश्यता होने की वजह से ट्रेनें समय कवर कर ले रही थीं। हालांकि अब ठंड व धुंध बढ़ने के चलते कानपुर में भी संचालन पर असर पड़ रहा है। विशेषज्ञ इसके पीछे मौसम में ठंड बढ़ना और वायु प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी को वजह मान रहे हैं। इसी का असर गुरुवार की सुबह चार बजे कानपुर और आसपास के शहरों में रहा। दिल्ली की ओर से प्रयागराज व पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन की ओर जाने और हावड़ा की ओर से दिल्ली के लिए जाने वाली ट्रेनें धुंध के असर से प्रभावित हो गईं। कम दृश्यता की वजह से ट्रेनों की रफ्तार कम रही। 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से सेंट्रल स्टेशन आईं और रवाना हुईं।

▶ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# जम्मू-कश्मीर में फिर अनुच्छेद 370 का राग

**पांच वर्ष पूर्व केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 और 35ए को विलोपित कर दिया। भाजपा का यह कदम किसी भी प्रकार से किसी के विरोध में इसलिए नहीं कहा जा सकता, क्योंकि भाजपा के हर घोषणा पत्र में इसे हटाने की बात कही गई। इन्हीं वादों को पूरा करने के लिए भाजपा को समर्थन मिला। जब जनता ने भाजपा के वादों को पूरा करने के लिए समर्थन दिया, तब स्वाभाविक रूप से यही कहा जा सकता है कि भाजपा ने वही काम किया, जो जनता चाहती थी।**

*जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद प्रदेश की नई सरकार ने पुराने एजेंडे पर काम करना प्रारम्भ कर दिया है। इससे निश्चित ही यह संकेत मिलता है कि जिस अनुच्छेद 370 और 35ए के कारण कश्मीर को शेष भारत से अलग दिखने जैसी स्थिति थी, वैसी ही स्थिति पैदा करने का प्रयास नई सरकार यानी नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस द्वारा किया जा रहा है। राज्य की नई सरकार का यह कदम पाकिस्तान के हौसले बढ़ाने वाला लगता है, क्योंकि पाकिस्तान अनुच्छेद 370 के कारण ही कश्मीर को अपना बताने का कुचक्र रचता रहा है। अनुच्छेद 370 के बहाने राज्य को मिले विशेष अधिकारों के चलते ही पाकिस्तान ने अपना नेटवर्क स्थापित किया था, जिसके कारण वहां के नागरिक भारतीय सेना के प्रति अलगाव का व्यवहार करते दिखाई दिए। उस समय पाकिस्तान परस्त आतंकी कश्मीर में युवाओं को भ्रमित करते रहते थे। अब उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली प्रदेश की नई सरकार ने जम्मू-कश्मीर में फिर से अलगाव के बीज रोपित करने का काम किया है। जिसमें कांग्रेस की भी भागीदारी है। हालांकि कांग्रेस सरकार को बाहर से समर्थन दे रही है। जम्मू-कश्मीर में जब अनुच्छेद 370 कायम था, तब राज्य ने क्या खोया था, यह पूरा देश जानता है। घाटी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी घटनाएं होती रहती थी। वर्तमान केंद्र सरकार ने इसे हटाकर कश्मीर को शेष भारत से समरस करने का काम किया है। इसीलिए आज जम्मू-कश्मीर आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगा पाने में बहुत हद तक सफल हुआ है। वर्तमान में पूरे देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के स्वर मुखरित होने लगे हैं। समान नागरिक क़ानून निश्चित ही सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का हिमायती है, लेकिन दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर में अलग संविधान को मान्यता देने वाले अनुच्छेद 370 को लाने का प्रयत्न किया जा रहा है। यह जम्मू-कश्मीर को अलग पहचान देने का काम करता है। इसके चलते कश्मीर का संविधान और ध्वज अलग हो जाएगा, जो भारत के संविधान और तिरंगा से अलग होगा। यह स्थिति डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से अलग प्रकार की होगी। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का वह बयान स्वतः ख़ारिज हो जाता है, जिसमें वह कहते हैं कि भाजपा संविधान फाड़कर फेंकना चाहती है। इसका एक आशय यह भी है कि कांग्रेस संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस कौन से संविधान को बचाना चाहती है, यह और स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि बाबा साहब अम्बेडकर कभी भी जम्मू-कश्मीर को अलग दर्जा देने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने संविधान में इसको जोड़ने से इनकार कर दिया था। अम्बेडकर जी के मना करने के बाद शेख अब्दुल्ला, तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पास पहुंचे, जिन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर की भावना को दरकिनार कर शेख अब्दुल्ला को प्रसन्न करते हुए अनुच्छेद 370 का समावेश संविधान में करा दिया। आज कांग्रेस भले इस बात का दम्भ भरे कि वह संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस के कार्य ऐसे लगते नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की सरकार ने ही आपातकाल लगाकर भारत के नागरिकों के सारे अधिकार छीन लिए थे। उस समय आपातकाल लगाने जैसी स्थिति नहीं थी लेकिन अपनी कुर्सी को बचाने के लिए देश पर इसे थोपा गया।आपातकाल संविधान की हत्या जैसा ही कृत्य था।*

### एक्सप्रेस आलेख

**यह तो वापस गंगा में ही जा रहा है और यहां पानी देने से आपके खेतों में पानी जा भी कैसे सकता है?'' गुरु नानक ने उनसे पूछा कि यदि पानी नजदीक में ही मेरे खेतों तक नहीं पहुंच सकता तो इस प्रकार आप द्वारा दिया जा रहा जल इतनी दूर आपके पूर्वजों तक कैसे पहुंच सकता है? लोगों को अपनी गलती का अहसास हुआ और वे गुरु जी के चरणों में गिरकर प्रार्थना करने लगे कि उन्हें सही मार्ग दिखलाएं ताकि जिससे उन्हें परमात्मा की प्राप्ति हो सके। गुरु नानक सदैव मानवता के लिए जीए और जीवनपर्यन्त शोषितों व पीड़ितों के लिए संघर्षरत रहे। उनकी वाणी को लोगों ने परमात्मा की वाणी माना और इसीलिए उनकी यही वाणी उनके उपदेश एवं शिक्षाएं बन गई।**

# समस्त मानव जाति के लिए उपयोगी गुरु नानक के उपदेश



योगेश कुमार गोयल

**गंगा में स्नान करते समय अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पूर्व दिशा की ओर उलट रहे हैं। उन्होंने विचार किया कि लोग किसी अंधविश्वास के कारण ऐसा कर रहे हैं। तब उन्होंने लोगों को वास्तविकता का बोध कराने के उद्देश्य से अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पश्चिम दिशा की ओर उलटना शुरू कर दिया।**

प्रतिवर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा को गुरु नानक जयंती मनाई जाती है और इस वर्ष 15 नवम्बर को यह पर्व पूरे जोश और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। 'सिखों के प्रथम गुरु' गुरु नानक जी की जयंती को 'प्रकाश पर्व' भी कहा जाता है। इस बार गुरु नानक जी का 555वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। पाखण्डों के घोर विरोधी रहे गुरु नानक देव की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना और बाह्य आडम्बरों से दूर रखना था। गुरु नानक जयंती के अवसर पर उनके जीवन, आदर्शों तथा उनकी दी हुई शिक्षाओं का स्मरण किया जाता है। इस दिन धर्म गुरु और समाज के सम्माननीय लोग गुरु नानक की शिक्षाओं और संदेशों को दोहराते हैं ताकि लोगों के बीच उनके पवित्र विचारों को फिर से ताजा किया जा सके। सितम्बर 2019 में 550वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नेपाल द्वारा सौ, एक हजार तथा ढ़ाई हजार रुपये के तीन स्मारक सिक्कों का सेट जारी किया था। पाकिस्तान सरकार द्वारा भी गुरु जी के 550वें प्रकाश पर्व पर 50 रुपये का एक सिक्का जारी किया गया था। कोलकाता टकसाल द्वारा 550वें प्रकाशोत्सव पर 12 नवम्बर 2019 को 44 मिलीमीटर गोलाई वाला 35 ग्राम वजनी 550 रुपये का एक स्मारक सिक्का जारी किया गया था, जिसमें 50 फीसदी चांदी, 40 फीसदी तांबा और पांच-पांच फीसदी निकल व जिंक का मिश्रण है। सिक्के के एक ओर गुरुद्वारा श्री बेर साहिब का चित्र उकेरा गया था और उसी ओर सिक्के पर देवनागरी व अंग्रेजी में 'श्री गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व' लिखा गया था। गुरु नानक का विवाह 19 वर्ष की आयु में गुरदासपुर के मूलचंद खत्री की पुत्री सुलखनी के साथ हुआ था किन्तु धार्मिक प्रवृत्ति के नानक को गृहस्थाश्रम रास नहीं आया और वे सांसारिक मायाजाल से दूर रहने का प्रयास करने लगे। पिता ने उन्हें व्यवसाय में लगाना चाहा किन्तु व्यवसाय में भी उनका मन न लगा। एक बार पिता ने कोई काम-धंधा शुरू करने के लिए उन्हें कुछ धन दिया लेकिन नानक ने सारा धन साधु-संतों और जरूरतमंदों में बांट दिया और एक दिन घर का त्याग कर परमात्मा की खोज में निकल पड़े। पाखंडों के घोर विरोधी रहे गुरु नानक की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना किन्तु बाह्य आडम्बरों एवं पाखंडों से दूर रखना ही था। वे सदैव छोटे-बड़े का भेद मिटाने के लिए प्रयासरत रहे और उन्होंने निम्न कुल के समझे जाने वाले लोगों को सदैव उच्च स्थान दिलाने के लिए प्रयास किया। 'एक पिता एकस के हम बारिक' नामक उनका सिद्धांत समाज में ऊंच-नीच और अमीर-गरीब के भेद को मिटाता है। 555वें प्रकाश पर्व के विशेष अवसर पर गुरु नानक से जुड़ी कुछ ऐसी घटनाओं और किस्सों का उल्लेख करना अनिवार्य हो जाता है, जो उनकी महानता और चमत्कारिक शक्तियों को स्पष्ट परिलक्षित करती हैं। गुरु नानक एक बार हरिद्वार पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बहुत से लोग गंगा में स्नान करते समय अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पूर्व दिशा की ओर उलट रहे हैं। उन्होंने विचार किया कि लोग किसी अंधविश्वास के कारण ऐसा कर रहे हैं। तब उन्होंने लोगों को वास्तविकता का बोध कराने के उद्देश्य से अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पश्चिम दिशा की ओर उलटना शुरू कर दिया। जब लोगों ने काफी देर तक उन्हें इसी प्रकार पश्चिम दिशा की ओर पानी उलटते देखा तो उन्होंने पूछ ही लिया कि भाई तुम कौन हो और पश्चिम दिशा में जल देने का तुम्हारा क्या अभिप्राय है? नानक ने उन्हीं से पूछा कि पहले आप लोग बताएं कि आप पूर्व दिशा में पानी क्यों दे रहे हैं? लोगों ने कहा कि वे अपने पूर्वजों को जल अर्पित कर रहे हैं ताकि उनकी प्यासी आत्मा को तृप्ति मिल सके। इस पर नानक ने पूछा कि तुम्हारे पूर्वज हैं कहां? लोगों ने जवाब दिया कि वे परलोक में हैं लेकिन तुम पश्चिम दिशा में किसे पानी दे रहे हो? गुरु नानक बोले कि यहां से थोड़ी दूर मेरे खेत हैं। मैं यहां से अपने उन्हीं खेतों में पानी दे रहा हूं। लोग आश्चर्यचकित होकर पूछने लगे, ''खेतों में पानी! पानी खेतों में कहां जा रहा है? यह तो वापस गंगा में ही जा रहा है और यहां पानी देने से आपके खेतों में पानी जा भी कैसे सकता है?'' गुरु नानक ने उनसे पूछा कि यदि पानी नजदीक में ही मेरे खेतों तक नहीं पहुंच सकता तो इस प्रकार आप द्वारा दिया जा रहा जल इतनी दूर आपके पूर्वजों तक कैसे पहुंच सकता है? लोगों को अपनी गलती का अहसास हुआ और वे गुरु जी के चरणों में गिरकर प्रार्थना करने लगे कि उन्हें सही मार्ग दिखलाएं ताकि जिससे उन्हें परमात्मा की प्राप्ति हो सके। गुरु नानक सदैव मानवता के लिए जीए और जीवनपर्यन्त शोषितों व पीड़ितों के लिए संघर्षरत रहे। उनकी वाणी को लोगों ने परमात्मा की वाणी माना और इसीलिए उनकी यही वाणी उनके उपदेश एवं शिक्षाएं बन गई। ये उपदेश किसी व्यक्ति विशेष, समाज, सम्प्रदाय अथवा राष्ट्र के लिए ही नहीं बल्कि चराचर जगत एवं समस्त मानव जाति के लिए उपयोगी हैं।



**555वें प्रकाश पर्व के विशेष अवसर पर गुरु नानक से जुड़ी कुछ ऐसी घटनाओं और किस्सों का उल्लेख करना अनिवार्य हो जाता है, जो उनकी महानता और चमत्कारिक शक्तियों को स्पष्ट परिलक्षित करती हैं। गुरु नानक एक बार हरिद्वार पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बहुत से लोग गंगा में स्नान करते समय अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पूर्व दिशा की ओर उलट रहे हैं।**

### एक्सप्रेस कविता

*शिद्दत से निभाई है तुमने अदावत,*
*दुश्मनी का अंदाज पसन्द आया।।*
*रंजिश करने की नहीं उम्र अभी*
*तेरा चेहरा लाल हमें पसंद आया।*
*कातिल नजरों से यूँ न देखा करो,*
*आंखों का कहर हमें पसंद आया।*
*आते तो हर शाम सुलह के लिए,*
*फिर हो जाना खफा हमें पसंद आया।*
*दुश्मनी का अंदाज भी फकत हसीन है,*
*ख्वाब में लेना खबर हमे पसंद आया।*
*खुदा ने नफासत बक्शी है सिर्फ तुम्हे,*
*बिजली सा कड़क जाना हमे पसंद आया।*
*न आएंगे कभी कहकर जाना फिर*
*साँझ को नजर आना हमे पंसन्द आयाद्य*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**उन पर ध्यान मत दीजिए जो आपकी पीठ पीछे बातें करते हैं इसका सीधा सा अर्थ है आप उनसे दो कदम आगे हैं**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पूर्णिमा 26:58 तक |
| नक्षत्रः | भरणी 21:55 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | व्यतिपाता, 07:24 |
| सूर्योदयः | 06:48 |
| सूर्यास्तः | 17:23 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 10:46-12:06 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:45-12:27 |

## जन एक्सप्रेस

### आंकना ना कम !


*होने लगे दावे ।*
*बहने लगी बयार ।।*
*जीतेगा गठबंधन ।*
*तय मिलना है प्यार ।।*
*आंकना ना कम ।*
*ला रहे सुधार ।।*
*सजग हो कर उनसे ।*
*रहना खबरदार ।।*
*है कोशिश भरपूर ।*
*एड़ी चोटी ज़ोर ।।*
*देख कर ये दुर्दशा ।*
*हुए भावविभोर ।।*
*देकर एक मौका ।*
*लें हमको संभाल ।।*
*वरना होंगे सारे ।*
*और भी बेहाल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर की जांच किस उम्र से शुरू करनी चाहिए?



**महिलाओं** में ब्रेस्ट कैंसर सबसे आम कैंसर माना जाता है। आंकड़ों के अनुसार, डब्लूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में दुनियाभर में 6 लाख 70 हजार महिलाओं की मृत्यु की वजह ब्रेस्ट कैंसर था। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि दुनिया के हर देश में ब्रेस्ट कैंसर के मामले पाए गए हैं। डब्लूएचओ ने साल 2022 की इस रिपोर्ट में यह भी बताया कि 185 देशों में से 157 देशों में ब्रेस्ट कैंसर सबसे आम कैंसर है। अगर महिलाओं को समय रहते ब्रेस्ट कैंसर का पता चल जाए, तो इलाज की प्रक्रिया काफी हद तक सरल हो सकती है। ऐसे में सवाल उठता है कि महिलाओं को किस उम्र से ब्रेस्ट कैंसर की जांच शुरू कर देनी चाहिए।

**ब्रेस्ट कैंसर की फैमिली हिस्ट्री न होने पर जांच की उम्रः** डॉ. कुमारदीप दत्ता ने बताया कि वैसे तो महिलाओं को सेल्फ चेकअप 20 साल की उम्र में शुरू कर देना चाहिए। ब्रेस्ट को हाथ से दबाकर देखें कि कहीं कोई गांठ तो नहीं है। इसके अलावा, ब्रेस्ट के बगल में भी दोनों तरफ हाथ से चेक करना जरूरी है। अगर फैमिली में कैंसर हिस्ट्री नहीं है, तो महिलाओं को 40 की उम्र के बाद साल में एक बार मेमोग्राफी करवानी चाहिए। अगर एक साल में नहीं करवा रही हैं, तो दो साल में एक बार तो जरूर ही करवाएं।

**ब्रेस्ट कैंसर की फैमिली हिस्ट्री होने पर जांच की उम्रः** फैमिली हिस्ट्री होने पर कुछ बातों का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है। डॉ. कुमारदीप दत्ता ने उदाहरण देते हुए समझाया, ÷अगर परिवार में अगर मां को 43 साल की उम्र में कैंसर हुआ है और बहन को कैंसर 50 साल की उम्र में पता चला है, तो इस स्थिति में मां को सबसे कम उम्र में कैंसर हुआ है। ऐसे में परिवार की बाकी महिलाओं को 33 साल की उम्र से ब्रेस्ट कैंसर का चेकअप करवाना शुरू कर देना चाहिए। कहने का मतलब यह है कि 10 साल पहले से ही कैंसर की चेकअप शुरू कर देनी चाहिए।

**जेनेटिक टेस्ट के फायदेः** अगर परिवार में कैंसर की हिस्ट्री है, तो डॉ. कुमारदीप कहते हैं कि जेनेटिक टेस्ट कराना फायदेमंद रहता है। अगर रोगी का टेस्ट पॉजिटिव आता है, तो उसे कुछ दवाइयां दी जाती हैं, जिससे रोगी को लंबे समय तक फायदा मिलता है। इसके साथ ही, परिवार के लोगों को भी समय-समय पर कैंसर की स्क्रीनिंग कराते रहना चाहिए। परिवार में महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों को भी कैंसर स्क्रीनिंग जरूर करानी चाहिए। अगर परिवार में मां का जेनिटिक टेस्ट पॉजिटिव आया है, तो घर के पुरुषों को प्रोस्टेट कैंसर होने का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों को समय-समय पर स्क्रीनिंग करानी चाहिए।

**ब्रेस्ट कैंसर का जल्दी पता चलने के फायदेः** अगर स्टेज 1 पर पता चल जाए, तो रोगी को बहुत फायदे होते हैं। इस समय ब्रेस्ट में गांठ छोटी होती है, इसलिए पूरा ब्रेस्ट निकालने की जरूरत नहीं होती। सिर्फ गांठ को निकाल दिया जाता है। सर्जरी से पूरा इलाज हो जाता है, कीमोथेरेपी या रेडिएशन की जरूरत नहीं पड़ती।

### एक्सप्रेस विशेष

# पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम के मकड़जाल में मौजूदा पीढ़ी



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टेबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से गुस्सैल होते जा रहे हैं। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है।**

**आज** की पीढ़ी तेजी से न्यूरोप्लास्टिसिटी यानी पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम के मकड़जाल में उलझती जा रही है। बच्चे या युवा ही नहीं बल्कि इंटरनेट और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के प्रभाव से ग्रसित ज्यादातर लोग इन हालात से दो-चार हो रहे हैं। फोकस नाम की चीज खोती जा रही है, उसके स्थान पर मानसिक भटकाव जगह ले रहा है। होता यह है कि एक काम करने की सोचते हैं, उतनी देर में दूसरे काम पर ध्यान चला जाता है तो कुछ ही देर में तीसरे काम की सोचने लगते हैं। इसका बड़ा कारण इलेक्ट्रॉनिक गजेट्स और लैपटॉप के माध्यम से इंटरनेट की दुनिया को अत्यधिक समय देने का साइड इफेक्ट होने लगा है। टीवी पर बार-बार चैनल बदलना, एक गाने को पूरा होने से पहले ही दूसरे गाने को लगा देना, मस्तिष्क में एक ही समय कई चीजों का चलना, पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम की निशानी है। चिकित्सकीय भाषा में कहा जाए तो यह एडीएचडी यानी अटेंशन डेफिसिट हाईपर एक्टिविटी डिसऑर्डर की स्थिति होती है। बिना सोचे-समझे रिएक्शन, तनाव, काम में फोकस नहीं कर पाना, डिप्रेशन में रहना आदि का कारण मोटे रूप से पॉपकॉर्न ब्रेन के रूप में देखा जा सकता है। दरअसल, पॉपकॉर्न ब्रेन शब्द का उपयोग 2011 में वॉशिंगटन विश्वविद्यालय में उस समय शोध कर रहे डेविड लेवी ने किया था। यह एक तरह से भ्रमित मानसिकता को लेकर कहा जा सकता है। जिस तरह पॉपकॉर्न ब्रेन का विस्तार होता जा रहा है यानी जिस तरह से अधिक से अधिक लोग इसके मकड़जाल में उलझते जा रहे हैं वह अपने आप में गंभीर होने के साथ अत्यधिक चिंतनीय है। एक-दो नहीं इन हालातों का पूरे समाज पर असर पड़ रहा है। आज दूध पीते बच्चे को भी मोबाइल थमाकर शांत रखने की प्रवृत्ति आम होती जा रही है। उसके दुष्परिणाम सामने आने में देर नहीं लगेगी। बच्चे हाईपर होते जा रहे हैं। जब बच्चों में ही यह होने लगा है तो रात-दिन जिस तरह से सोशल मीडिया प्लेटफार्म में लगे रहते हैं उनकी क्या मनोदशा हो जाएगी यह किसी से छुपी हुई नहीं होनी चाहिए। मनोविश्लेषकों के अनुसार यह एक तरह की न्यूरोप्लास्टिसिटी है। देखा जाए तो स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव सीधे हमारी मनोदशा पर पड़ता है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में पहले कभी नहीं रहा। आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के सदस्य बच्चे को चुप कराने या मन बहलाने या उसे व्यस्त रखने के लिए मोबाइल फोन थमा देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टेबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से गुस्सैल होते जा रहे हैं। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि आज गेमिंग, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि समाज संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सैल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेश समान रूप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देशों में हो रहा है। कोई दो राय नहीं कि विकास समाज की आवश्यकता है। स्मार्टफोन व इंटरनेट की दुनिया का अपना महत्व है। पर इनके सामने आ रहे दुष्प्रभावों को समझना होगा। पॉपकॉर्न ब्रेन को लेकर मनोविज्ञानी और चिकित्सक दोनों समान रूप से चिंतित हैं। सुझाया जा रहा है कि दिनचर्या को नियमित कर समय प्रबंधन को बेहतर बनाकर कुछ हद तक इस समस्या को कम किया जा सकता है। इसके साथ सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक गजेट्स पर आवश्यकता से अधिक समय नहीं दिया जाना जरूरी है। जितना कम तकनीक का उपयोग होगा और अनावश्यक रूप से इन पर समय नहीं दिया जाएगा तो एक तरह से ब्रेन डिसआर्डर की इस समस्या से या कहें कि पॉपकॉर्न ब्रेन की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा। उलझनों के भ्रमजाल से बचा जा सकेगा। योग प्रक्रियाएं और नियमित दिनचर्या भी इस समस्या को एक हद तक दूर कर सकती है।

**गजेट्स पर आवश्यकता से अधिक समय नहीं दिया जाना जरूरी है। जितना कम तकनीक का उपयोग होगा और अनावश्यक रूप से इन पर समय नहीं दिया जाएगा तो एक तरह से ब्रेन डिसआर्डर की इस समस्या से या कहें कि पॉपकॉर्न ब्रेन की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा। उलझनों के भ्रमजाल से बचा जा सकेगा। योग प्रक्रियाएं और नियमित दिनचर्या भी इस समस्या को एक हद तक दूर कर सकती है।**

# अजमानी इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में लिटिल पिकासो का भव्य आयोजन हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** बाल दिवस' के उपलक्ष्य में अजमानी इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में 'लिटिल पिकासो' का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसका शुभारंभ प्रबंध निदेशिका हरविंदर कौर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीपप्रज्वलन तथा चाचा नेहरू को माल्यार्पण कर किया गया।इस अवसर पर प्रबंध निदेशिका हरविंदर कौर द्वारा बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी गई।साथ ही बच्चों को उत्साहित करते हुए ढेर सारा आशीर्वाद दिया गया।उन्होंने अपने वक्तव्य में चाचा नेहरू के जीवन दर्शन को बच्चों के साथ सांझा किया और उन्हें उत्साहित करते हुए अनुशासन और समर्पण के द्वारा जीवन को सार्थक करने की प्रेरणा दी। उनके द्वारा चाचा नेहरू पर कही गई एक छोटी सी कविता ने सभी बच्चों का मन मोह लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष जसमीत सिंह अजमानी, प्रबंधक ब्रह्मजीत सिंह अजमानी तथा प्रधानाचार्य प्रिंस सलूजा भी उपस्थित रहे।'लिटिल पिकासो' तीन वर्गों में विभाजित किया गया जिसमें प्रथम वर्ग में कक्षा 3 से 5 के बच्चों ने भाग लिया।जिनका विषय 'सेव एनर्जी था। द्वितीय वर्ग में कक्षा 6 से 8 के बच्चों ने भाग लिया। जिनका विषय 'माई विज़न फॉर इंडिया इन 2047' था। तृतीय वर्ग के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 के बच्चों ने भाग लिया। जिनका विषय 'फ्यूचर ऑफ ए.आई. अथवा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' रखा गया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रबंधक कमेटी द्वारा प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार के अंतर्गत क्रमशः रेंजर साइकिल, एयर फायर तथा सफारी ट्रॉली बैग तथा ट्रॉफी प्रदान करने की घोषणा की गई। साथ ही सांत्वना पुरस्कार देने की भी घोषणा की गई। 'लिटिल पिकासो' में लखीमपुर खीरी के विभिन्न स्कूलों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें राजकीय कन्या इंटर कॉलेज,आर्य कन्या इंटर कॉलेज, बेसिक शिक्षा स्कूल (पहाड़ापुर), गांधी विद्यालय, सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज, पंडित दीनदयाल, केंद्रीय विद्यालय, कुंवरखुशवक्त राय, लॉ माटिना, ग्रीन फील्ड, पॉल इंटरनेशनल स्कूल, आर.एम. ज्ञानदायिनी, सिटी मान्टेसरी, सेन्ट डॉन बास्कों, स्कॉलर वर्ल्ड, अजमानी पब्लिक स्कूल, अजमानी इंटरनेशनल स्कूल, सैक्रोसेन्ट पब्लिक स्कूल, एम.आर. जयपुरिया स्कूल, बी.पी. एस. पब्लिक स्कूल, गुरुकुल एकेडमी पलिया, गुरुगोविंद सिंह स्कूल लखीमपुर, चिल्ड्रेन्स एकेडमी आदि स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभागिता की। आज 'बाल दिवस' के शुभ अवसर पर अजमानी इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में अद्भुत कलाकारों द्वारा इंद्रधनुषीय रंग बिखेरे गए। जिसमें लगभग 750 बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रत्येक वर्ग के अंतर्गत दिए गए विषय पर आधारित बच्चों ने अपनी अद्भुत क्षमता का प्रदर्शन किया। 'लिटिल पिकासो' के दौरान पूरा प्रांगण बच्चों की रचनात्मकता से भर गया।

निर्णायक मंडल द्वारा 'लिटिल पिकासो' के अंतर्गत विजेता बच्चों को आगामी 25 नवंबर 2024 को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम समाप्ति पर अजमानी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों के जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का संचालन, रुचि अवस्थी तथा रंजू कुरील द्वारा किया गया। समस्त कार्यक्रम प्रधानाचार्य प्रिंस सलूजा की देखरेख में संपन्न हुआ।

# पीड़ित बेवा पुष्पा देवी को न्याय न मिलने पर धरना प्रदर्शन करेंगे नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



गुरुवार को मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि हमारी छोटी बहन पुष्पा देवी बेवा विजय कुमार शर्मा निवासी भूतनाथ कालोनी गोला जिला खीरी में आए दिन मानसिक रूप से प्रताड़ित की जा रही है।हमारे बहन के कोई संतान नहीं है। इनके सगे देवर विनोद कुमार पुत्र यदुनाथ, इनकी पत्नी रिंकी देवी जिला सीतापुर में रहते है। करीब 27 28 वर्ष से मकान बना कर भूतनाथ कालोनी गोला में विजय कुमार शर्मा रहते थे। जिनको मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के बाद दिनांक 21/10/2024 को मृत्यु हो गई थी। तथा मेरी बहन पुष्पा देवी बनाए हुए उसी मकान में रहती है। आज दिनांक 14/11/2024 को हमारी बहन पुष्पा देवी को सुबह 4 बजे जबरजस्ती जान से मार के गायब करने की नियत से विनोद कुमार अपनी मोटर साइकिल पर जबरजस्ती उनकी पत्नी रिंकी देवी, उनकी सगी बड़ी बहन गुड्डी देवी आदि बैठाल कर रहे थे। तो बहन ने सोर गुल करके मोटर साइकिल पर नहीं बैठी। यदि मोटर साइकिल पर पुष्पा देवी को विनोद को बैठा कर ले जाता तो जान से मार कर लाश गायब कर देता। किसी न किसी दिन हमारी बहन पुष्पा देवी को जबरजस्ती ले जाकर जान से मार कर लाश गायब कर देगा। उनकी हत्या करने के लिए विनोद कुमार अपनी बड़ी बहन गुड्डी देवी पत्नी कामता प्रसाद ग्राम खपूरा जिला सीतापुर से बुला लिया है।पुष्पा देवी के मकान में विनोद कुमार, रिंकी देवी, गुड्डी देवी जबरजस्ती विजय कुमार शर्मा के मृत्यु के बाद से रह रहे है।विशेष तौर से पता चला है। कि नानक चौकी इंचार्ज योगेश चौधरी को पैसे से खरीद लिया है। जिस मकान में पुष्पा देवी पिछले 27 28 वर्ष से रह रही है। उस मकान को 13 लाख रुपए में बेचने के लिए विनोद कुमार ने 40 हजार रुपए बतौर बयाना लिया है। इस लिय आए दिन मकान के अंदर रात दिन पुष्पा देवी को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। हमारी पुष्पा देवी को रिंकी देवी पत्नी विनोद कुमार, इनकी सगी ननंद गुड्डी देवी, रिंकी देवी की मां रामगुनी, रामनरेश, विनोद कुमार मानसिक रूप से प्रताड़ित करके जान से मार के गायब कर सकते है। अपनी बहन पुष्पा देवी की जान बचाने व सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, जिला अधिकारी खीरी, पुलिस अधीक्षक खीरी आग्रह किया है की आए दिन महिला पुलिस भेजकर बहन पुष्पा देवी की सुरक्षा व्यवस्था कराई जाए। यदि सुरक्षा व्यवस्था नहीं कराई जाती है। तो मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा मजबूर हो कर अपने कार्यकर्ताओं के साथ लखनऊ पहुंच कर विधानसभा के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे तथा बाद में आत्मदाह करने पर विचार करेंगे।जिसकी जिम्मेवारी राज्य व केंद्र सरकार की होंगी।

# समाजवादी छात्रसभा ने नॉर्मलाइजेशन को रद्द किए जाने की मांग ले सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । पलिया कला खीरी



समाजवादी छात्रसभा विधानसभा पलिया के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष प्रवीन यादव के निर्देश पर जिला उपाध्यक्ष ध्रुव सिंह विधानसभा अध्यक्ष शिवम रस्तोगी के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन आरती यादव तहसीलदार पलिया को सौंप कर समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा को एक दिन व एक पाली में आयोजित कर नॉर्मलाइजेशन को रद्द किए जाने की मांग ज्ञापन के माध्यम से की।ध्रुव सिंह ने ज्ञापन पत्र सौंपे जाने के दौरान कहा कि भर्ती परीक्षा को एक से अधिक दिन व एक से अधिक पालियों में आयोजित करने तथा नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया को आयोग द्वारा अपनाए जाने के निर्देश पर पूरे प्रदेश के छात्रों में रोष है। नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया द्वारा अभ्यर्थियों की वास्तविक योग्यता का सही मूल्यांकन संभव नहीं है।

यह प्रक्रिया अपारदर्शी होने के कारण छात्रों के लिए न्यायपूर्ण नहीं है।

हम समाजवादी छात्र सभा के सभी साथी इस ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल महोदया से मांग करते हैं कि प्रदेश सरकार को इस प्रक्रिया को वापस लेने का निर्देश दें अन्यथा की दशा में हम छात्र सभा के साथी लोग बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस

दौरान जिला सचिव अताउर रहमान ब्लाक महासचिव राजा खान मनोज शर्मा नितेश शुक्ला उमेश कुमार हिमांशु यादव सनी सिंह अर्जुन भास्कर हरेंद्र पाल रईस हरप्रीत रमेश गौतम शोभित अवस्थी तनवीर करण सिंह रोहित सिंह निर्मल सिंह जन्त सिंह समेत तमाम छात्र व युवा मौजूद रहे।

# महिला लेखपाल को कार से टक्कर मारने धमकाने वाले दबंग के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी




गोला तहसील की मूड़ा सर्किल मे तैनात महिला लेखपाल सरकारी काम से जा रही एक महिला लेखपाल को इलाके के एक युवक ने पहले कार से टक्कर मार दी। लेखपाल के विरोध करने पर गाडी बैककर दुबारा टक्कर मार दी। आरोप है कि इसके बाद जातिसूचक अपशब्दो से अपमानित किया। टक्कर से महिला लेखपाल जख्मी हो गई। जिसे साथी लेखपालों ने अस्पताल पहुंचाया। तहसील क्षेत्र के मूडाखुर्द की लेखपाल सिमरन शाक्य ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह 13 नवबंर को सरकारी कार्य से मूडा चौराहे बिजुआ अलीगंज सड़क मार्ग पर आर्यावर्त बैक के पास थी। उसी समय लखरावा निवासी तनसीर पुत्र शमीम, एक अज्ञात के साथ अपनी अर्टिगा कार से जानबूझकर उसे टक्कर मार दी। विरोध करने पर पुनः गाडी पीछे कर उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। मौके पर अनिल यादव, कई अज्ञात ग्रामीण मौजूद थे। घटना के बाद उसने मोबाइल से एसडीएम गोला को सूचना दी। जिस पर साथी लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया। यही नहीं आरोप है कि जब वह एसडीएम को फोनकर सूचना दे रही थी। तब उसने उसे जातिसूचक अपशब्द कहते हुए धमकी दी, कहा कि पुलिस कप्तान को भी बुला लो तब भी उसका कुछ नहीं कर पाओगी। तहरीर में कहा कि उक्त घटना में संलिप्त के खिलाफ कार्य सरकार में बाधा पहुंचाने, चोट पहुंचाने, जान से मारने का प्रयास सहित एससी एसटी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा एक ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**लहरपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित एक ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र परसेंडी पर किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेंद्र राजवंशी ब्लॉक प्रमुख एवं ऋषिकेश सिंह खंड विकास अधिकारी के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में परसेंडी ब्लॉक के प्रधान व प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को ब्लॉक प्रमुख बबलू सिंह के प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद राजवंशी ने देख भाल कर पूरा सहयोग किया और कहा कि शिक्षा जीवन का मूल उद्देश्य और लक्ष्य होना चाहिए जिससे हमारा देश विकसित बन सके आप सभी लोगों से अपेक्षा है कि शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए अपना योगदान दें। कार्यक्रम को ऋषिकेश सिंह खंड शिक्षा अधिकारी, राजेश गुप्ता एआरपी, मोहम्मद हारुन अंसारी, नवीन श्रीवास्तव, मनीष कुमार प्रधान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप मौर्य ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से धर्मेंद्र लोधी, ओमप्रकाश शुक्ल, रोशन लाल, प्रेमचंद लोधी, अनूप सिंह, फारूक अंसारी, चेतराम, पंकज कुमार, हरिवंश लोधी, मनीष रस्तोगी, मनोज कुमार त्रिवेदी, सहित ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### शातिर लकड़कट्टे बेखौफ कर रहे अवैध कटान अधिकारी नहीं ले रहे कोई सुध

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी। उत्तर खीरी वन प्रभाग की बेलरायां रेंज में शातिर लकड़कट्टे वन विभाग से सांठगांठ कर लगातार अवैध कटान कर रहे हैं। मंगलवार को भी शातिर लकडकट्टों ने वन विभाग के भ्रष्ट अफसरों व कर्मचारियों की मिली-भगत से क्षेत्र के सिंगहा कला गांव में बिना परमिट सागवन व आम के हरे भरे पेंड रात में काट डाले हैं। इस अवैध कटान की शिकायत किये जाने के बावजूद वन विभाग के उच्चाधिकारी अपने विभाग के भ्रष्ट कर्मचारियों व शातिर लकड़कट्टो के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।जानकारी के अनुसार उत्तर खीरी वन प्रभाग की बेलरायां रेंज के सिंगहा कला गांव में एक किसान के खेत मे लगे सागवन, आम व शीशम के पेड़ों को रात में काटकर उसे रातों रात ही गायब कर दिया गया। इस अवैध कटान को लेकर बेलरायां रेंजर भूपेंद्र सिंह व सिंगाही वन चौकी इंचार्ज राकेश कुमार से शिकायत की गई, लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त वन विभाग के अफसरों व कर्मचारियों ने शातिर लकडकट्टे के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। तथाकथित लोगों का आरोप है कि इन क्षेत्रीय वन विभागीयों ने जब से क्षेत्र का चार्ज संभाला है, तब से क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध कटान बे रोक टोक जारी है। इन क्षेत्रीय विभागीय अधिकारियों से शिकायत किये जाने के बाद भी लकड़कट्टो के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे क्षेत्र के सक्रिय लकड़कट्टो के हौसले बुलंद हैं। इन्ही बुलंद हौसलों के कारण ही ठेकेदार लगातार अवैध कटान कर पर्यावरण को क्षति पहुंचा रहे हैं।

### वृद्धाश्रम में संवासित 20 बुजुर्गों के बने आयुष्मान कार्ड

जन एक्सप्रेस । बहराइच। केंद्र सरकार की ओर से 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुज़ुर्ग महिला व पुरुष को आयुष्मान कार्ड बनाने के आदेश दिए हैं। इस आदेश के क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.संजय कुमार के आदेश पर अमीनपुर नगरौर स्थित वृद्धाश्रम में संवासित 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के शत-प्रतिशत वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के लिए सम्बन्ध में जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार द्वारा भेजी गई टीम द्वारा कैम्प लगाकर 20 वृद्धजनों के आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाये गये। उल्लेखनीय है कि वृद्धाश्रम में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के संवासित 45 बुज़ुर्गों के सापेक्ष 10 के पास पूर्व से ही आयुष्मान कार्ड उपलब्ध है। अवशेष बचे 35 के सापेक्ष शिविर के माध्यम से 20 वृद्धजनों के आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बना दिये गये हैं। जबकि 15 बुज़ुर्गों की केवाईसी पूर्ण न होने के कारण एक सप्ताह के अन्दर पुनः शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही की जायेगी। शिविर में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के संवासित बुज़ुर्गों यथा जनपद बहराइच निवासी कन्धई लाल, सुशीला, परमेश्वरी दयाल, कन्हैया लाल, केसरी देवी, मीरा देवी, सत्य प्रकाश, सियाराम, जगदीश, ननकऊ, राम लखन, तेज सिंह, मस्तराम मिश्रा, पंचम, श्यामलाल, सीतामाता, सलिक व अमृतलाल, गोण्डा के अवध सरन मिश्रा व श्रावस्ती के सियाराम दुबे के आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही की गई।

### दस वर्षीय बालिका से दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस । बहराइच। मोतीपुर थाना क्षेत्र निवासी 10 वर्षीय बालिका के साथ बुधवार को घर जाते समय अज्ञात व्यक्ति ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। बालिका की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अपराधी पुलिस की पकड़ से दूर है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 10 वर्षीय बालिका अपनी बहन के यहां नानपारा कोतवाली क्षेत्र में आई थी। दोनों के गांव आसपास कुछ दूरी पर है। बुधवार को बालिका बहन के घर से अपने घर के लिए रवाना हुई। रास्ते में अज्ञात व्यक्ति ने बालिका के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर मोतीपुर और नानपारा कोतवाली की पुलिस पहुंच गई। जांच के बाद मोतीपुर थाने में अज्ञात के विरुद्ध दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया है। वहीं देर शाम अधिक रक्तस्राव होने के चलते बालिका को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। महिला अस्पताल में पुलिस अभिरक्षा में बालिका का इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष आरके पांडेय ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जिला अस्पताल में वेबसाइट न चलने से नहीं बन पाए आयुष्मान कार्ड

■ जिला अस्पताल के छः नंबर कमरे में बुलाया गया था, फोन पर सूचना देकर बुलाने का मिला आश्वासन




जन एक्सप्रेस । बहराइच

केंद्र सरकार की ओर से 70 वर्ष के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने की घोषणा की गई है। डीएम मोनिका रानी की ओर से इस योजना की जिले में शुरुआत कर दी गई। योजना के क्रियान्वयन के लिए महर्षि बालार्क जिला अस्पताल के कक्ष संख्या 6 में आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था चिकित्सालय प्रशासन की ओर से की गई। बुधवार को आशा बहू की ओर से सूचना मिलने पर कुछ बुजुर्ग आयुष्मान कार्ड बनवाने के उद्देश्य से जब निर्धारित जिला अस्पताल के कक्ष में पहुंचे तो वहां तैनात महिला कर्मी की ओर से बताया गया कि वेबसाइट नहीं चल रही है इसलिए आयुष्मान कार्ड बनाना संभव नहीं है। महिला कर्मी की ओर से मिले इस जवाब से बुजुर्गों में निराशा व्याप्त हो गई। ऐसे में शहर के मोहल्ला घसियारी पुरा निवासिनी जयंती त्रिपाठी तथा सिविल लाइंस क्षेत्र के निवासी पूर्व विधायक इंद्र प्रताप सिंह के पुत्र राकेश प्रताप सिंह समेत आधा दर्जन से अधिक बुजुर्गों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। काउंटर पर तैनात महिला कर्मी ने बुजुर्गों से एक सादे कागज पर मोबाइल फोन नंबर लिखवाया और आश्वासन दिया कि जब वेबसाइट चलनी शुरू होगी तब आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए बुला लिया जाएगा, लेकिन देर शाम तक कोई फोन नहीं आया। इस मामले में सीएमएस से संपर्क का प्रयास किया गया लेकिन एक चिकित्सालय कर्मी की करंट से मौत होने के कारण वह व्यस्त थे।

# तीन स्मैक तस्कर गिरफ्तार, 1.20 किलोग्राम स्मैक बरामद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत दस करोड़ से अधिक

जन एक्सप्रेस । बहराइच

*पुलिस लाइन में पत्रकारों को जानकारी देते एएसपी नगर रामानंद कुशवाहा साथ में प्रभारी निरीक्षक दरगाह शरीफ शमशेर बहादुर सिंह व आरोपी।*



सीमावर्ती जिला मुख्यालय में नशे के तस्करों का नेटवर्क सक्रिय है। एसपी वृंदा शुक्ला को इसकी भनक लगी तो उन्होंने एसओजी और दरगाह थाने की पुलिस को अलर्ट किया। पुलिस व एसओजी टीम ने तीन स्मैक तस्करों को अलग अलग स्थान से पकड़ा है। इनके पास से एक किलो 20 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। बरामद स्मैक की कीमत दस करोड़ रुपये से अधिक है। पुलिस ने तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

शहर के कई क्षेत्रों में स्मैक की खरीद फरोख्त चल रही थी। इसकी जानकारी पुलिस टीम को लगी। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में सर्विलांस टीम और नवागंतुक प्रभारी दरगाह शमशेर बहादुर सिंह ने पुलिस टीम के साथ अभियान चलाया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि एसओजी प्रभारी दिवाकर तिवारी, हेड कांस्टेबल गड्डू पांडेय, अनंत यादव, विनय कनौजिया, सुरेंद्र वर्मा के अलावा दरगाह थाने के उप निरीक्षक दिवाकर मिश्रा, राहुल बाजपेई, सत्यपाल की टीम ने अलग अलग स्थानों पर दबिश दी।

एएसपी नगर ने बताया कि चांदपुरा तिराहा, बस स्टैंड और गोलवा घाट से तीन स्मैक तस्करों को पकड़ा गया। इनके पास से एक किलो 20 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। तीनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। तस्करों की पहचान दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला मंसूरगंज निवासी शहादत अली उर्फ पहलवान, पुत्र सलारू, बाराबंकी जिले के थाना जैदपुर अंतर्गत चंदौली गांव निवासी जावेद पुत्र मैनुद्दीन और शानू पुत्र अब्दुल हमीद के रूप में हुई है। बरामद स्मैक की कीमत एक करोड़ से अधिक है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 10 करोड़ रुपये है।

# प्रसिद्ध हरदेव राजा स्थान पर विधि विधान से कराया गया हवन पूजन



जन एक्सप्रेस । अमीरनगर खीरी

गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम राजगढ़ स्थित प्रसिद्ध बाबा हरदेव राजा के स्थान पर हम समस्त ग्राम वासियों के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विधि विधान से यज्ञ पूजन हुआ इस पावन मौके पर पुजारी निरंकार मिश्रा विजय नाहर मिश्रा के द्वारा हवन पूजन किया गया जवाहर पाल प्रधान ने चंदन लगाते हुए प्रसाद वितरण करवाया समस्त ग्रामवासी सूरज कश्यप, सौरभ पाल, गुड्डू कश्यप सतीश कटियार, शिवम कटियार, पुष्पेंद्र पाल, परमेश्वर दयाल मुन्ना सिंह, अनुराग कटियार द्रागपाल श्रीवास्तव राजेश भारती रामप्रसाद पाल समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### फर्नीचर की दुकान और गोदाम में लगी आग, लगभग पांच लाख का नुक़सान

जन एक्सप्रेस । बहराइच। शहर के मोहल्ला नाजिरपुरा बाईपास मार्ग स्थित फर्नीचर की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से सारा सामान जल गया। गोदाम और दुकान पूरी तरह से जल गया है। कोतवाली नगर के मोहल्ला चांदपुरा निवासी ठाकुर मसूद साबिर की दुकान कोतवाली देहात के नानपारा बाईपास नाजिरपुरा मोहल्ले में लिमरा फर्नीचर के नाम से संचालित है। बुधवार रात लगभग 11.30 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने रात में ही आग बुझाया। इसके बाद सभी कर्मचारी चले गए। वहीं दुकान में कहीं चिंगारी रह गई। जिसके चलते गुरुवार सुबह छह बजे बगल में स्थित गोदाम में आग लग गई। पुनः दोबारा दमकल कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। गोदाम और दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है।

# आधुनिक भारत के निर्माता थे पं.जवाहर लाल नेहरू

जन एक्सप्रेस । बहराइच

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 135 वीं जयंती गुरुवार को सेनानी के सभागार में मनाई गई। सेनानी उत्तराधिकारियों ने नये भारत के निर्माण में पं.नेहरू के योगदान और स्वतंत्रता आन्दोलन में उनकी भूमिका की चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन संरक्षक एवं किसान महाविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि पं. नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था,वे एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाई,वे पूरी दुनिया में अपनी तटस्थ नीतियों के लिए जाने जाते थे।वो कश्मीरी ब्राह्मण थे और स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दो बार अध्यक्ष चुने गए महान कानूनविद और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. मोतीलाल नेहरू के बेटे थे। पूज्य बापू महात्मा गांधी नेहरू के पिता समान थे और उनके मार्गदर्शक और राजनैतिक गुरु भी थे। पंडित नेहरू 56 वर्ष की उम्र में भारत के प्रधानमंत्री बने और 17 वर्ष (अपनी मृत्यु) तक इसी पद पर आसीन रहे। संगठन के प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को भारत की स्वतंत्रता के बाद नेहरू ने एक अत्यंत प्रशंसनीय भाषण दिया ÷ट्रिस्ट विद डेस्टिनी÷उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली, और दिल्ली के लालकिले पर भारतीय ध्वजा फहराया। उन्होंने ÷आराम हराम है÷ जैसा फेमस नारा दिया था। पंडित नेहरू द्वारा पूर्ण स्वराज की मांग पहली बार कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में 1929 को की गई।6 दिसम्बर 1921 को पं. नेहरू को सरकार विरोधी गतिविधियों में जेल में डाल दिया गया, वो जीवन में आठ बार जेल गए। उन्हें बच्चों के प्रिय चाचा नेहरू के रूप में भी जाना जाता है।

# तम्बाकू से हो रही हैं रक्तचाप, अनिद्रा, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां

जन एक्सप्रेस । बहराइच

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में ओरिएंटेशन ऑफ़ लॉ इनफोर्सर्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षा विभाग, रेल विभाग, पंचायती राज विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग के साथ साथ जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों से चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने कार्यक्रम में तम्बाकू से हो रहे रोगों, रक्तचाप, अनिद्रा, कैंसर आदि के बारे मे विस्तार से बताया। उन्होने कहा कि तम्बाकू उत्पादों के सेवन से उच्च रक्तचाप की समस्या अधिक उत्पन्न हो रही है। मुख रोग ज्यादा हो रहे है। तंबाकू मुक्त भविष्य के लिए युवाओं को आगे आना होगा। तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने के उपाए एवं कोटपा अधिनियम 2003 के बारे मे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि तम्बाकू उत्पाद छोड़ने हेतु टोल फ्रीनंबर 1800112356 पर बात कर सकते है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. परितोष तिवारी ने बताया कि समाज में विशेषकर युवा समुदाय जानकारी के अभाव में तंबाकू उत्पाद को अपनाकर बीमारी से ग्रसित हो रहे है। लोगों को बीमारियों से बचाना उन्हें जागरूक करना स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मियों का कर्तव्य है। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 4 के अन्तर्गत सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान को प्रतिबंधित किया गया है।

धारा 6 के अन्तर्गत सभी शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में, नाबालिगों द्वारा तम्बाकू के क्रय तथा विक्रय पर प्रतिबंध है। मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के डॉ.विजित जायसवाल ने बताया कि तम्बाकू की लत व्यक्ति के साथ साथ पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। तम्बाकू के सेवन से कई तरह की बीमारियां फैलती है, जो स्वास्थ्य एवं जीवन के लिए घातक है।

तम्बाकू जहर से भी ज्यादा घातक है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचनाधिकारी ने बताया कि भारत सरकार ने तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु वर्ष 2007 में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) का शुभारंभ किया।

इसका उद्देश्य तंबाकू नियंत्रण कानून और तंबाकू के उपयोग द्वारा होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में अधिक- से- अधिक जागरूकता प्रसारित करना है।

कार्यक्रम के अंत में डॉ0 परितोष तिवारी ने उपस्थित लोगो को तम्बाकू सेवन न करने एवं लोगो को तम्बाकू से होने वाली बीमारियों से जागरूक करने की शपथ भी दिलाई गयी।

# बरडीहा दल पशुपतिनाथ मठ भूमि पर बनी अवैध मस्जिद पर कब गरजेगा बुल्डोजर

- जिला जज हैं प्रशासक, फिर भी मठ भूमि पर हो गया अवैध मस्जिद निर्माण

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

जनपद देवरिया के रुद्रपुर तहसील अंतर्गत पकड़ी बाजार के समीप अवस्थित ग्राम पंचायत बरडीहा दल में पशुपति नाथ जी का आधुनिक मंदिर है जिसका निर्माण और मठ समिति का गठन 500 वर्ष से पहले हुआ है, लेकिन सरकार की उदासीनता का शिकार ग्रामीण और मठाधीश हो रहे हैं, आपको बताते चलें कि मठ के भूमि पर मुस्लिम समुदाय अवैध मस्जिद का निर्माण कर लिया हैं, यही नहीं जहां क्षेत्रीय विधायक और सांसद भी भाजपा के ही हैं जो बरसों इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं लेकिन मठ की भूमि से अवैध कब्जा रोकने और हटवाने के आश्वासन के शिवा ग्रामीणों को कार्रवाई देखने को नहीं मिली।

### बरडीहा दल मठ की भूमि पर अवैध कब्जा मुक्त कराने में सरकार विफल

ग्रामीणों ने कहा कि यह मंदिर रुद्रपुर के भोले बाबा के नाम से जुड़ा हुआ है वहां पर भी जमीन इस मठ का पड़ा हुआ है, महंत योगी आदित्यनाथ की सरकार धर्म की बात करती तो, वहीं दूसरी तरफ 5 सौ साल पुराने पशुपति नाथ मंदिर का उद्धार और समुदाय विशेष से कब्जा मुक्त कराने में विफल है।

### कब्जा मुक्त कराकर पर्यटन स्थल में परिवर्तित करे शासन

ग्रामीणों ने बताया कि राज्य कि वर्तमान सरकार आने के बाद अयोध्या राम मंदिर का मामला एक तरफ सुलझाया गया और वर्तमान सरकार के सहयोग से राम मंदिर का निर्माण भी कराया गया तो दूसरी तरफ बनारस के काशी विश्वनाथ का भी मामला छिड़ गया है , लेकिन जनपद के रुद्रपुर तहसील अंतर्गत बरडीहा दल गांव का है जहां पर लगभग 500 वर्ष पुराना पंचमुखी पशुपतिनाथ मंदिर और मठ स्थापित है प्राचीन समय के कच्चे मकान में स्थापित है, आपको बता दें कि इस मठ के पास 95 एकड़ कृषि योग्य भूमि है और इसी मठ की भूमि पर ही पूरा गांव बसा हुआ है, ग्रामीणों के अनुसार सन 1952 में मठाधीश के ब्रह्मलीन होने के बाद मठाधीश की गद्दी खाली है। जिलाधिकारी के देखरेख में चल रही थी मठ व्यवस्था पर मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बाद देवरिया जनपद के जिला जज के निगरानी में इस मठ का देख-रेख हो रहा है, मठ का भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका हैं जिसको लेकर ग्रामीण वर्तमान सरकार से यह मांग कर रहे है कि इस मठ का पुनरुद्धार कर इसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाए जिससे कि इस क्षेत्र की रूपरेखा बेहतर हो सके ।

### एक मुस्लिम परिवार से हुए सैकड़ों परिवारों ने मठ भूमि पर बनाया अवैध आशियाना

ग्रामीणों के अनुसार इस मठ में हाथी की रखवाली के लिए ब्रम्हलीन महंत द्वारा एक मुस्लिम परिवार को रखा गया जो कि आज इस मठ की भूमि अवैध रूप से मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों परिवारों का कब्जा हो गया है। ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि जैसे अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मुस्लिम समाज से मुक्त कराया है वैसे ही बरडीहा दल के भगवान पशुपतिनाथ मंदिर की भूमि कब्जा मुक्त कराएं।




### मठ की भूमि पर मुस्लिम समुदाय ने किया जबरन मस्जिद निर्माण

रुद्रपुर तहसील अंतर्गत पकड़ी बाजार के समीप बरडीहा दल ग्राम पंचायत में मठ के भूमि में अवैध मस्जिद का जबरन निर्माण कराया गया हैं ग्रामीणों ने बताया कि जब इस मठ का देख-रेख जिला जज और जिलाधिकारी कर रहे हैं तो यहां पर अवैध निर्माण कैसे हो रहे हैं अधिकारी इसका जांच कर उक्त निर्माण को खाली क्यों नहीं कराया जा रहा है, लोगों ने बताया कि मस्जिद का जबरन निर्माण हो रहा था तब इसका विरोध किया गया लेकिन बहुतायत की संख्या में एक समुदाय विरोध करने वालों पर प्रहार करने की नीयत से लामबंद हो गए, जबकि इसकी सूचना जिला प्रशासन को भी दिया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई, इस मस्जिद के निर्माण को लेकर हिन्दुओं में आक्रोश है, सबसे बड़ा सवाल खड़ा ये है कि प्रत्येक सप्ताह जिला जज निगरानी करने पहुंचते हैं तो इस अवैध मस्जिद निर्माण पर क्यों नहीं लगाए रोक क्या जिला जज भी मुश्किल समुदाय के पक्षधर बन गये है।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक तक पहुंची जिला अस्पताल में भ्रष्टाचार की शिकायत

- गोरखपुर एसआईसी राजेन्द्र ठाकुर पर होगी कार्रवाई, डिप्टी सीएम ने दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

गोरखपुर के अस्पताल में कार्यवाहक प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक (एसआईसी) डॉ. राजेंद्र ठाकुर पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। जिसके लिए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया है। मंत्री ने इस मामले को लेकर प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को तुरंत जांच करने का निर्देश दिया है।

### स्वास्थ्य मंत्री का सोशल मीडिया पर बयान

स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने ट्विटर हैंडल (अब ङ्क) पर एक पोस्ट के जरिए डॉक्टर. राजेंद्र ठाकुर और कुछ अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों पर भ्रष्टाचार के आरोपों का खुलासा



किया। मंत्री के इस बयान के बाद जिला अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग में हलचल मच गई है। मंत्री ने प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य को तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया।

### डॉक्टर. ठाकुर पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के गंभीर आरोप

डॉक्टर. राजेंद्र ठाकुर पर आरोप है कि उन्होंने जिला अस्पताल में सीनियर डॉक्टरों के साथ मिलकर करीब सवा दो करोड़ रुपए के टेंडर में गड़बड़ी की और चहेती फर्म से अत्यधिक कीमतों पर चिकित्सा उपकरण खरीदे। इसके अलावा, रेडियोलाजिस्ट रहते हुए उन्होंने कुछ मेडिको-लीगल मामलों में सीटी स्कैन रिपोर्ट में हेरफेर की। एडी हेल्थ की जांच में इन आरोपों की पुष्टि भी हो चुकी है।

### एसआईसी का बचाव और स्वास्थ्य मंत्री की नाराजगी पर प्रतिक्रिया

इस पूरे मामले पर डॉक्टर. राजेंद्र ठाकुर ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। उनका कहना है कि उन्हें स्वास्थ्य मंत्री की नाराजगी का कारण नहीं समझ आ रहा है। सोमवार की रात सीएमओ ने उन्हें फोन कर मंत्री के पोस्ट के बारे में जानकारी दी, और उन्होंने कहा कि वह इस मामले पर उचित मंच पर जवाब देंगे।

स्वास्थ्य मंत्री के आदेश और मीडिया में इस मामले के आने के बाद अब शासन स्तर पर भी मामले की गंभीरता बढ़ गई है। आरोपों की पुष्टि के बाद अब इस पर कार्रवाई करने का दबाव स्वास्थ्य विभाग और मुख्यमंत्री पर बढ़ गया है।

# पुलिस मुठभेड़ में एक पशु तस्कर घायल

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना तमकुहीराज क्षेत्रान्तर्गत सूचना प्राप्त हुई कि कुछ शातिर पशुतस्कर पिकप वाहन से सीमावर्ती क्षेत्रो के रास्ते गोवंशो को चोरी छिपे लादकर बिहार ले जा रहे है। इस सूचना पर तत्काल योजना बनाते हुए पुलिस टीमों जिसमें थाना तमकुहीराज, थाना तरयासुजान, थाना पटहेरवा एवं साईबर थाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना तमकुहीराज क्षेत्रान्तर्गत लतवा चट्टी नहर के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक पिकप वाहन आते दिखाई दिया ,जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन में सवार कुछ व्यक्तियों द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया जिसकी पहचान मुन्ना मियां पुत्र हमीद मियां निवासी मुफरी टोला थाना गोपालगंज जनपद गोपालगंज राज्य बिहार (घायल)के रुप में हुई है तथा एक उसका अन्य साथी गुड्डू यादव पुत्र राजेंद्र यादव निवासी सेमरा हरदो माफ़ी टोला थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर भागने का प्रयास कर रहा था जिसको पुलिस टीम द्वारा काम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। उसने कब्जे से 06 राशि गोवंशी पशु, एक अदद ठोस लकड़ी का गोलाकार ठिहा, रस्सी , दो अदद अवैध तंमचा व 06 अदद जिन्दा कारतूस व 04 अदद खोखा कारतूस आदि बरामद किया गया है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार मु0अ0स0 335/24 धारा 3/5ए/8/5बी गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधिनियम 109/61(2) बीएनएस व 3/4/25 /27 आर्म्स एक्ट थाना तमुकहीराज जनपद कुशीनगर पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पनियरा में रोजगार मेले का हुआ आयोजन



**जन एक्सप्रेस। पनियरा ( महराजगंज )**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार को पनियरा इन्टरमिडीएड कालेज मन्नान खां विद्यालय पर सेवायोजन कार्यालय महराजगंज व विद्यालय के संयुक तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन हुआ जिसमें 151 अभ्यर्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया जिसमे कम्पनी से आये लोगो ने उपस्थित अभ्यर्थियों का इंटरब्यू लिया। सेवायोजन अधिकारी ईशान प्रकाश ने बताया कि महक ग्रुप आफ कंपनीज बीजी आटो कम्बोनेट प्राइवेट लिमिटेड (अहमदाबाद गुजरात) द्वारा 114 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।इस मौके पर मो नसीम , प्रधानाचार्य आफताब आलम खां,प्रबंधक औसाफ आलम खान उर्फ सैफ खां,आषुतोष श्रीवास्तव , महक ग्रुप ऑफ कमानी से मधु पटेल। विद्यालय के प्रधानाचार्य आफताब आलम खां व विद्यालय के समस्त स्टॉप मौजूद रहे।

## बाल दिवस पर याद किए गए चाचा नेहरू, कांग्रेसियों ने की पुष्पांजलि

**जन एक्सप्रेस/आनन्दनगर महराजगंज।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 135 वीं जयंती बाल दिवस के रूप में आनंद नगर रेलवे स्टेशन के पीछे हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेसी विधायक विरेन्द्र चौधरी रहें। उन्होंने ने संबोधन में कहा कि पंडित नेहरू की नीतियां देश ही नहीं विदेश में प्रासंगिक हैं देश में आजादी के संग्राम में प्रमुख रूप से हिस्सा लेकर देश को आजाद कराया। सेठ आनंदराम जयपुरिया इंटर कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्ता आनंद पाठक, पीसीसी सदस्य विजय सिंह एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश लाल, राजन शुक्ला, राजेश मौर्य रहें आयोजित कार्यक्रम का संचालन/जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस डॉ0 रामनारायण चौरसिया ने किया।

# डिलीवरी बॉय की गोली मारकर हत्या

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

गोरखपुर के सहजनवा थाना क्षेत्र के भिटहां गांव में गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 32 साल के युवक की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### जोमैटो में डिलीवरी ब्वाय के रूप में करता था काम

मृतक की पहचान सीहापार निवासी धीरेंद्र दुबे उर्फ विशाल के रूप में हुई है, जो जोमैटो में डिलीवरी ब्वाय के रूप में कार्यरत था। जांच में सामने आया है कि युवक के सिर और दाएं कनपटी पर गोली मारी गई है, जो हत्यारों की क्रूरता को साफ दर्शाती है। पुलिस ने घटनास्थल से सुराग जुटाने शुरू कर दिए हैं और गहन जांच में लगी हुई है।

### स्थानीय लोगों ने बिना नंबर की नई बाइक और शव देखा

घटना के समय कुछ स्थानीय लोग भिटहा गांव के पास सुबह टहलने निकले थे। उन्होंने वहां एक नई, बिना नंबर की बाइक खड़ी देखी और उसके पास ही धीरेंद्र का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान की। बताया जा रहा है कि धीरेंद्र बुधवार शाम चार बजे बिना किसी को कुछ बताए घर से निकला था।

### जांच में जुटी पुलिस

धीरेंद्र अपने परिवार में सबसे छोटा था और उसके पिता घर पर ही खेती-बाड़ी का काम करते हैं। सहजनवा



थाना प्रभारी विशाल उपाध्याय ने बताया कि मामले की तहकीकात जारी है और तहरीर मिलते ही केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु बैंक प्रबन्धकों संग की बैठक



**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जनपद न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसंबर 2024 की सफलता हेतु समस्त बैंक प्रबन्धकों व फाइनेन्स कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गयी। समस्त बैंक/फाइनेन्स कम्पनियों के प्रबन्धकों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैकों के ऋण वसूली मामलों का निस्तारण किया जाना हैं जिसके लिए वे अधिक से अधिक संख्या में मामलों को चिन्हित करे जिसे सुलह समझौते के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराया जा सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि समस्त बैंक प्रबन्धक, बैंक में नोडल अधिकारी नियुक्त करें। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत में लगने वालें मामलों का चिन्हांकन एवं निस्तारण व्यापक पैमाने पर किया जा सकें। सचिव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु व्यापाक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के लिए पोस्टर, बैनर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स माध्यमों से आमजनमानस को जागरूक करें। बैठक में मुख्य रूप से यूपी बडौदा बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया, भारतीय स्टेट बैक, यूनियन बैंक आफ इण्डिया, पंजाब नेशनल बैंक, इण्डियन बैंक, इत्यादि बैंको के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### तैनात सचिव ने नहीं दे रहा नये सचिव को चार्ज,जनता हो रही परेशान

**जन एक्सप्रेस/फरेंदा/महराजगंज।** विकास खंड फरेंदा क्षेत्र में निरनाम पश्चिमी में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिव विवेक कुमार के गांव का चार्ज एक माह पहले हट जाने के बाद भी अब तक नए सचिव प्रदीप कुमार दुबे को चार्ज नहीं दिया गया जिससे गांव का काम बाधित हो रहा है। ग्रामीणों को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्टर की नकल के लिए चक्कर काटना पड़ रहा है। फिर भी निराशा के सिवाय कुछ नहीं हाथ नहीं लग रहा है।
ग्राम पंचायत सचिव का लगभग एक माह पहले उक्त गांव का चार्ज हट गया है। चार्ज हटने के आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। नवागत ग्राम पंचायत सचिव प्रदीप कुमार दुबे को चार्ज न मिलने से काम अवरुद्ध हो गया है। जिससे ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र ग्राम सचिव के स्तर से दिया जाता है नहीं मिल पा रहा है। ग्राम प्रधान दुर्गेश कुमार ने कहा कि गांव का चार्ज हटने के बाद भी सचिव विवेक कुमार द्वारा नए सचिव प्रदीप कुमार दुबे को चार्ज नहीं दिया गया है,जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण प्रभु सहानी,महेन्द्र, जितेन्द्र पांचू, गोरख सहानी आदि ने बताया कि एक माह से जरूरी कागजात के लिए चक्कर लगा रहा हूं,लेकिन नए सेक्रेटरी प्रदीप कुमार दुबे प्रमाण पत्र देने में असमर्थता जता रहे हैं। क्यों कि स्थानांतरित सचिव विवेक कुमार द्वारा अभी तक उक्त सचिव को चार्ज नहीं दिया गया है।

### वरासत के नाम पर लेखपाल का रिश्वत लेते वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस/पनियरा ( महराजगंज )।** पनियरा क्षेत्र के एक गांव में तैनात लेखपाल द्वारा



वरासत के नाम पर रिश्वत लेने का एक वीडियो बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है । वीडियो में रिश्वत लेते हुए जो ब्यक्ति दिख रहा है वह हल्का लेखपाल मिठाईलाल वर्मा का चेहरा बताया जा रहा है ।(जन एक्सप्रेस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता)लेकिन वीडियो में लेखपाल अपने हाथों में रुपये लेते हुए दिखाई दे रहे हैं जिसे देख यह चर्चा हो रही है कि वरासत के नाम पर लेखपाल द्वारा जब पूर्व प्रधान से खुलेआम रिश्वत लिया जा रहा है तो अन्य लोगों के साथ क्या करता होगा। इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है । वीडियो वायरल मामले में मोहम्मद शरीफ पुत्र सादिक अली निवासी ग्राम खजुरियां जो पूर्व ग्राम प्रधान थे ने 14 नवम्बर को जिलाधिकारी महराजगंज को एक शिकायती पत्र देकर यह आरोप लगाया गया है कि उनके पिता के निधन हो जाने के बाद वह वरासत दर्ज कराने के लिए हल्का लेखपाल के पास दौड़ते रहे लेकिन लेखपाल द्वारा 15 हजार रुपये डिमांड किया गया । जिसमे 8 हजार रुपये वह दे भी चुके थे लेकिन दो दिन बाद लेखपाल ने पुनः अपने मुंशी को बकाया रुपये लेने के लिए भेज दिया । मुंशी को भी 3 हजार रुपये दिया गया । फिर लेखपाल से जब भेंट हुई तो लेखपाल द्वारा यह कहा गया कि जब तक पूरा पैसा नही देंगे तब तक कार्य नही करूंगा ।
बृहस्पतिवार को जब लेखपाल द्वारा घूस लेने का वीडियो वायरल हुआ तो यह मामला सुर्खियों में आ गया । वीडियो वायरल होने के बाद जिलाधिकारी महराजगंज से लिखित शिकायत भी पीड़ित ने किया है । उन्होंने जिलाधिकारी महाराजगंज से न्याय की गुहार लगाई है।

### बच्चों में शिक्षा के साथ खेल के प्रति झुकाव जरुरी - आकांक्षा सिंह




**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** शिक्षा के साथ खेल आवश्यक है,खेल प्रतियोगिता से बच्चों में दबी प्रतिभा जागृति होती है। नौनिहालों को संवारने व निखारने के लिए प्रतियोगिता उचित माध्यम है। बेसिक स्कूल बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष आकांक्षा सिंह ने मंडलीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन में विचार व्यक्त किया। उन्होंने मंडल स्तरीय बाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किए बच्चों को उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जहां शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक होता है, वहीं प्रदेश व देश स्तर पर प्रतिभाग कर राष्ट्र का नाम रोशन कर सकतें हैं। बेसिक के नौनिहाल बच्चे ब्लाक, तहसील,जिला क्वालीफाई कर मंडल स्तर पर प्रतिभाग करना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना बच्चों को मुकाम तक पहुंचाता है। उन्होंने मंडल स्तर पर प्रतिभाग किए प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनी श्रीवास्तव, संगठन मंत्री रूपावली, उपाध्यक्ष ममता गिरि, ज्योति, संगठन मंत्री सुनीता साहनी, बबिता वर्मा सहित महिला शिक्षक संघ की शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# मूर्ति तोड़ने की सूचना पर परेशान रही पुलिस, जांच में निकला फर्जी

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**

श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर जरलहिया में वृहस्पतिवार की सुबह किसी व्यक्ति द्वारा पुलिस को गांव में स्थित डीह बाबा की मूर्ति तोड़ने की सूचना दी गई। सूचना पर तत्काल हरकत में आई पुलिस थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंच गई। गांव में छानबीन व पूछताछ के बाद सूचना गलत पाए जाने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर जरलहिया में सीमेंट का बना हुआ डीह बाबा का मूर्ति स्थापित है। वृहस्पतिवार को एक व्यक्ति की नजर मूर्ति पर पड़ी तो उसने देखा



कि मूर्ति खंडित हुआ है। उसने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी। ग्राम प्रधान श्याम पांडेय ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंच गई। एसडीएम सदर रमेश कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। जांच पड़ताल में पता चला कि मूर्ति पहले से खंडित हुआ है। जिसपर धूल गर्दा जमा हुआ है। नया टूटा रहता तो उसपर इस तरह से गंदगी नहीं रहती। प्रशासन ने गांव के लोगों के साथ बातचीत कर मामला शांत कराया। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि मूर्ति पहले से ही खंडित थी। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# गोरखपुर में दो पक्षों में चले लाठी डंडे, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

- घर के सामने मिट्टी पाटने को लेकर हुआ विवाद घायलों में एक की हालत नाजुक

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

गोरखपुर में दो पक्षों के बीच गुरुवार को जमकर मारपीट हो गई। एक पक्ष घर के सामने मिट्टी पाटने का विरोध कर रहा था। इसी बात को लेकर पहले दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ और फिर जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। जिसमें 6 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। वहीं एक युवक की हालत नाजुक है। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, लाठी-डंडे चलने का वीडियो भी सामने आया है। घटना खजनी इलाके से सरया तिवारी गांव की है। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों से कुछ लोगों को हिरासत में लेकर मामले की पड़ताल में जुट गई है।




### धारदार हथियारों से हमला

ग्राम सभा सरया तिवारी में किस्मती देवी और उनके पति सदानंद उर्फ भिखारी अपने घर के पास मिट्टी पाट रहे थे, जब उनके ही रिश्तेदारों जितेंद्र, प्रदुम, पिंटू, सन्नी, सुमित्रा, तीजा, हरिकेश, राम बदन सहित अन्य ने लाठी, डंडों और लोहे की छड़ों से उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियारों का भी इस्तेमाल किया, जिससे पीड़ितों को गंभीर चोटें आईं।

### नाली निर्माण के बाद हुआ विवाद

पीड़ित परिवार का कहना है कि प्रधान प्रतिनिधि ने गांव में पक्की नाली का निर्माण करवाया था, जिसके बाद दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी जमीन बांट ली थी। विवाद उस समय हुआ जब वे अपनी जमीन में मिट्टी पाट रहे थे और अचानक हमलावरों ने पूरी योजना के साथ उन पर हमला कर दिया।

### हमलावरों ने घर में घुसकर किया जानलेवा हमला और तोड़फोड़

पीड़ितों ने बताया कि हमला इतना अचानक और उग्र था कि उन्होंने जान बचाने के लिए घर में भागने का प्रयास किया, लेकिन हमलावर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि घर में घुसकर हमलावरों ने उन्हें बाहर घसीटते हुए बुरी तरह मारा और जान से मारने की धमकी दी।इस दौरान घर में तोड़फोड़ भी की गई और बीच-बचाव करने आई महिलाओं व नाबालिग लड़कों को भी बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया।

### मुकदमा दर्ज कर मामले की किया जा रहा जांच - थानाध्यक्ष

खजनी थाना अध्यक्ष सदानंद सिन्हा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर संबंधित आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कच्ची शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ी, एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/फ़िरोज़ाबाद।** नशीले पदार्थों की बिक्री और अवैध शराब एवं तस्करी करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत छापामार कार्रवाई की गयी। थाना सिरसागंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कच्ची शराब बनानेउ की फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई की। इसमें बड़ी मात्रा में लहन और अपमिश्रित कच्ची शराब बरामद की गई। थाना प्रभारी बैभव कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के तहत सक्रिय पुलिस को सूचना मिली कि मोहल्ला गिहार कालौनी कस्बा सिरसागंज में अवैध रूप से शराब बनाने की फैक्ट्री चल रही है। इस सूचना पर छापा मारकर 150 लीटर लहन, 80 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से बाबूराम को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि शराब की भट्टी पर जब्त 150 लीटर लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया।

### अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ कार्रवाई, खनन माफियाओं में हड़कंप

**जन एक्सप्रेस/फ़िरोज़ाबाद।** जसराना पुलिस और प्रशासन की सख्ती के बावजूद क्षेत्र में अवैध खनन के मामले थम नहीं रहे हैं। बुधवार की सुबह तहसीलदार जसराना ने एटा-शिकोहाबाद मार्ग पर अवैध रूप से मिट्टी भरकर ले जा रहे एक डंपर को रंगे हाथों पकड़ लिया। तहसीलदार ने डंपर को कब्जे में लेकर तहसील परिसर में खड़ा करवा दिया है, जिससे अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार, तहसीलदार रवीस कुमार को क्षेत्र में अवैध खनन की गतिविधियों की सूचना लगातार मिल रही थी। बुधवार को सूचना पाकर तहसीलदार ने कार्रवाई करते हुए मिट्टी से भरे डंपर को रोका और चालक से मिट्टी संबंधी कागजात मांगे, जो वह प्रस्तुत नहीं कर सका। अवैध खनन का मामला मानते हुए तहसीलदार ने डंपर को तहसील परिसर में खड़ा करा दिया और तत्काल इसकी सूचना जिलाधिकारी को दी। तहसीलदार रवीस कुमार ने बताया कि अवैध खनन की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की गई है। डंपर को कब्जे में लेकर जिलाधिकारी और खनन अधिकारी को रिपोर्ट भेज दी गई है।

### शंकर देवी इंटर कॉलेज में बाल दिवस पर लगा मेला

**जन एक्सप्रेस/आगरा!** .श्रीमती शंकर देवी इंटर कॉलेज करभना में चाचा नेहरू के जन्म दिन के अवसर पर विधालय प्रांगण में विशाल मेले का आयोजन किया गया !जिसका शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य ने किया ! उप प्रधानाचार्य वीएन मिश्रा ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि पं नेहरू आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे ! उनके बनाए गये योजनाओं का आज भी देश वासियों को मिल रहा ! पंडित नेहरू को बच्चो से अधिक पयार था इस लिए इनके जन्म दिन को बाल दिवस के रूप मे मनाया जाता है !चाचा नेहरू के जन्मदिन पर बच्चों ने पानी पूरी भेल पूरी चावमीन मोमोज आलू टिकिया छोले भटूरे चावल छोले चना तडका जलेवी कचौडी आदि की दुकाने सजाई और जब कर बिक्री की ! मेले मे उमड़ी भीड़ ने दुकान लगाने वाले बच्चों में जमकर उत्साह जगाया ! विधालय मे आयोजित मेले को सफल बनाने में शिक्षक गुरशरण सिंह अवधेश कुमार रबिंद्र सिंह दीपक कुमार उमेश चंद्र श्रीमती पांपिया गांगुली बबीता यादव रजिया सुलताना कआ सहयोग रहा!

### खुदाई से छतों और दीवारों में आई गहरी दरार

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** प्रदेश और केंद्र सरकार की नजर में वाहवाही लूटने का भरसक प्रयास कर रही उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन इन दोनों जिंदगी और मौत के साये में झूल रहे मोतीकटरा क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गई है। अंडरग्राउंड ट्रैक डालने से मोती कटरा के आधा दर्जन से ज्यादा मकानों की छतों और दीवारों में गहरी दरार आ गई है। घरों के फर्श तिनके की तरह उखड़ गए हैं। खुदाई के दौरान कुछ घर तो दूसरे मकान पर झुक गए हैं। अगर मौसम का मिजाज जरा भी बदल जाए और बेमौसम बारिश हो जाए तो वहां कई मकान न सिर्फ जमींदोज हो जायेंगे बल्कि इनमें रहने वाले लोगों का जीवन भी संकट में पड़ जाएगा हां! इतना जरूर है कि पीड़ितों की आवाज को दबाने के लिए उन्हें 10 दिन का 500 रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से मुआवजा दिया गया है।

# मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने मथुरा का किया निरीक्षण, ली बैठक

**जन एक्सप्रेस । मथुरा**

मंडलायुक्त / रोल प्रेक्षक श्रीमती रितु माहेश्वरी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता दिनांक 01-01-2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत तहसील गोवर्धन के प्राथमिक विद्यालय सतोहा (256 से 259) एवं तहसील सदर के पुलिस मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल पुलिस लाइन (372 से 374) में बने बूथों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में मंडलायुक्त ने बी.एल.ओ से फॉर्म 6, 7 एवं 8 के प्रयोग, उनमें दावे एवं आपत्तियों के लिए दिए जानी वाली समय अवधि आदि की जानकारी ली। बी.एल.ओ द्वारा गलत जवाब देने पर मंडलायुक्त ने नाराज़गी जाहिर की। उन्होंने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों की पुनः प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए।

बैठक

मंडलायुक्त / रोल प्रेक्षक श्रीमती रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अहर्ता दिनांक 1 जनवरी 2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान हेतु राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई संपन्न। बैठक में माननीय विधायक बल्देव श्री पूरन प्रकाश , जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, अपर आयुक्त प्रशासन आगरा राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी मांट अभिनव जे जैन, उप जिलाधिकारी छाता श्वेता, सदर वैभव गुप्ता, महावन आदेश कुमार, गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी तथा सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि दिनांक 28 नवंबर 2024 तक दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी तथा विशेष तिथियों पर कैंपों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे आगामी तिथि दिनांक 23 नवम्बर 2024 (शनिवार) व 24 नवंबर 2024 (रविवार) है। विशेष तिथियों में सभी बी.एल.ओ अपने अपने बूथों पर मौजूद रहेंगे। आप सभी लोग अपने अपने क्षेत्रों में लोगों को मतदाता सूची में नाम बढ़वाने, कटवाने तथा संशोधन करवाने के कार्य हेतु उक्त दिवसों में बूथों पर मौजूद होकर लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित करे। उन्होंने बताया कि दिनांक 29 नवंबर से 24 दिसंबर 2024 तक निर्वाचन कार्यालय द्वारा आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। दिनांक 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

मंडलायुक्त श्रीमती रितु माहेश्वरी जी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि उक्त कार्य को गंभीरता से लेते हुए लोगों को जागरूक करें, विशेष तिथियों में लगाए गए कैंपों के माध्यम से लोगों को लाभान्वित कराएं तथा अपने अपने दलों के बी.एल.ए (बूथ लेवल असिस्टेंट) को बूथों पर नियुक्त करें। आप सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के सहयोग से कार्यों में तेजी आयेगी तथा अधिकाधिक लोगों को मतदाता सूची में जोड़ने के कार्य में हम सभी को सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि आप ऑनलाइन माध्यम से भी उक्त कार्य को कर सकते हैं।

मंडलायुक्त महोदया ने कहा कि मतदाता सूची को और अधिक कैसे बेहतर बना सकते हैं, उसके लिए माननीय आयोग द्वारा साल में 4 बार उक्त प्रक्रिया को किया जाता है। उन्होंने बैठक में सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि फॉर्म 6, 7 एवं 8 को अधिक संख्या में प्राप्त करें। *गोवर्धन एवं मथुरा में कम फॉर्म प्राप्त होने पर मंडलायुक्त ने नाराज़गी जाहिर की तथा निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्रों में अधिकाधिक प्रचार प्रसार करें।*

## दूध व्यवसायी की सिर में गोली मारकर हत्या

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

फतेहाबाद में हमलावरों ने बुधवार रात सनसनीखेज हत्याकांड को अंजाम दिया। लखनऊ एक्सप्रेसवे की कैंटीन में दूध देकर लौट रहे दूध व्यवसायी की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के पीछे की वजह पता नहीं चल सकी है। पुलिस छानबीन में जुटी है। घटना बुधवार देर रात की है। फतेहाबाद के गांव प्रतापपुरा निवासी 30 वर्षीय मोनू शर्मा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की कैंटीन में दूध देकर बाइक से घर लौट रहे थे। उन्होंने सर्विस रोड से बाइक को गांव की तरफ कच्चे रास्ते पर मोड़ दिया। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने गोली की आवाज सुनी थी। इस पर वे मौके पर पहुंचे। देखा तो मोनू शर्मा खेत में पड़ा था। उनके सिर में पीछे की तरफ गोली लगी थी। वहीं, लगभग 100 मीटर की दूरी पर बाइक पड़ी मिली। बाइक पर बधी टंकी से दूध फैल रहा था। ग्रामीण आनन-फानन में मोनू को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटनाक्रम के अनुसार, हमलावरों ने पीछे से गोली मारी थी।

# ताजनगरी की सड़को पर 17 को दौड़ेंगे हजारों धावक



**जन एक्सप्रेस । आगरा**

ताजनगरी में आरोही सामाजिक संस्था की ओर से कुमार की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमे करीब तीन हज़ार धावक रामबाग़ स्थित नवीन गल्ला मंडी समिति से दौड़ेंगे। गुरुवार को जवाहर नगर स्थित कुमार आईएएस कोचिंग पर आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के पोस्टर व टीशर्ट का विमोचन किया। आयोजक मुकेश कुमार ने बताया कि शहर में 17 नवम्बर को कुमार की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। प्रतियोगिता में आगरा ही नहीं देशभर से लगभग तीन हजार से अधिक धावक 1600 मीटर की दौड़ में भाग ले रहे है। लगातार निःशुल्क ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हो रहे है। आरोही संस्था अध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि शहरवासियों को स्वास्थ्य की दृष्टि से दौड़ में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। दौड़ने से आपका स्वास्थ्य ठीक रहता है, ऐसी प्रतियोगिताओं से युवाओं में प्रतियोगी परीक्षाओ में दौड़ के प्रति रुचि बढ़ेगी। दौड़ में किसी भी उम्र का धावक प्रतिभाग कर सकते है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 11 हज़ार, द्वितीय स्थान को 5 हज़ार व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 3 हज़ार रुपए का पुरुस्कार दिया जायेगा। इस अवसर पर अंकित दूबे, अचल शर्मा, हरीश गौतम, काजल यादव आदि मौजूद रहे।

## अस्पताल में बच्चे की मौत के बाद हंगामा, शव सड़क पर रखकर लगाया जाम, डॉक्टर पर गंभीर आरोप

**जन एक्सप्रेस । आगरा**




कस्बा फतेहाबाद के जेपीएस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत से आक्रोशित परिजनों ने शव रखकर आगरा-फतेहाबाद मार्ग जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मुश्किल से समझा बुझाकर जाम खुलवाया। अजय निवासी कबीर नगर बाईपास रोड फतेहाबाद ने बताया कि चार दिन पूर्व चार वर्षीय बेटे नितिन को बुखार आया था, तभी इलाज के लिए कस्बा फतेहाबाद के जेपीएस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में तबीयत में सुधार न होने के चलते डॉक्टर से कहा कि छुट्टी कर दो, वो किसी दूसरी जगह इलाज कराएंगे। इसके बाद भी डॉक्टर के द्वारा बच्चे की छुट्टी नहीं की गई। बृहस्पतिवार दोपहर को नितिन की तबीयत ज्यादा खराब होने लगी और मुंह से झाग निकलने लगा। खून की उल्टी तक हो गई। तब डॉक्टर ने कहा कि इलाज के लिए आगरा अस्पताल ले जाओ। परिजन बच्चे को लेकर अस्पताल जाने लगे, तभी उसकी मौत हो गई। परिजनों द्वारा हॉस्पिटल के सामने रोड पर शव रखकर जाम लगा दिया। परिजनों ने डॉक्टर पर जहर का इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। जानकारी पर मौके पर पुलिस पहुंची। परिजनों को समझा-बुझाकर का जाम खुलवाया गया। परिजनों ने बच्चों का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

### रंगारंग कार्यक्रम कर मनाया बाल दिवस

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** चाचा नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर उपाध्याय पैरामाउंट क्लासेस में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित कर बाल दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष में बच्चों ने चाचा नेहरू वन कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित कि। इंस्टिट्यूट में निबंध ,कविता, पेंटिंग आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उपाध्याय पैरामाउंट इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ सुनील उपाध्याय ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देकर बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना की। शिक्षक पलाश अग्रवाल ने बताया कि बाल दिवस बच्चों के प्रति स्नेह की भावना पैदा करता है। इस अवसर पर उपस्थित रहे डॉक्टर सुनील उपाध्याय, पलाश अग्रवाल,दिव्या सोलंकी, यश प्रजापति, अतिशय जैन,वंशिका पाराशर, महक मित्तल, राधिका मोना जयसवाल, प्रतीक कोहली, आकृति बंसल, अनमोल लवानिया , सक्षम मित्तल, चिराग आदि।

# आगरा में सीजन का पहला कोहरा

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



सीजन के पहले कोहरे ने ट्रेनों और एक्सप्रेस-वे पर यातायात को प्रभावित किया। जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। गुरुवार सुबह ठंडी हवाओं के साथ तापमान में गिरावट आई और सुबह करीब 7 बजे 18 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। शहर में कोहरा कम था, लेकिन बाहरी क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता कम हो गई। इस कोहरे के कारण कई सुपरफास्ट ट्रेनें, जैसे वंदे भारत, शताब्दी और गतिमान, दो घंटे तक की देरी से चल रही हैं। नई दिल्ली-भोपाल ट्रेन लगभग 1 घंटा 46 मिनट की देरी से आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंची, और नई दिल्ली-खजुराहो वंदे भारत भी लगभग 1 घंटा 41 मिनट की देरी से आई। ट्रेन देरी के चलते यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। एक्सप्रेस-वे पर भी कोहरे का असर दिखा, जहां आगरा-नोएडा और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गाड़ियां धीमी गति से चलीं। वाहन चालकों को कम दृश्यता के कारण हेडलाइट्स और इंडिकेटर्स का इस्तेमाल करना पड़ा, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। हालांकि शहर के भीतर कोहरे का प्रभाव कम रहा, लेकिन बाहरी क्षेत्रों और एक्सप्रेसवे पर यात्रा करने वालों के लिए कोहरे का यह अनुभव चुनौतीपूर्ण साबित हुआ।

## संगनियों ने किया डायबिटीज से लोगों को जागरूक




**जन एक्सप्रेस । आगरा**

लायंस क्लब संगिनी कि ओर से विश्व मधुमेह दिवस पर करकुंज रोड स्थित महाराजा अग्रसेन फार्मेसी सेंटर पर निःशुल्क जाँच शिविर और जागरूकता कार्यकम आयोजित किया गया। शुभारम्भ लायंस क्लब मंडलाध्यक्ष स्वाति माथुर ने किया। मंडलाध्यक्ष स्वाति माथुर ने कहा कि भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। कई युवा भी इस बीमारी का तेजी से शिकार हो रहे हैं जिसकी सबसे बड़ी वजह लोगों की गलत लाइफस्टाइल और खानपान है। डायबिटीज के मरीजों को अपने आहार पर खास ध्यान रखना चाहिए।

अध्यक्ष रितु गोयल ने कहा कि मधुमेह एक तरह का मेटाबोलिक डिसऑर्डर होता है। इस बीमारी के बारे में सामाजिक संस्थाओ द्वारा इस तरह से शिविर लगा कर ही जागरूकता फैलाई जा सकती है। ताकि सब लोगों को इसके लक्षणों और कब से उपचार करवाना शुरू करना है, इस बारे में पता चल सके। शिविर में करीब 488 मरीजों ने अपनी डायबिटीज की जाँच कराई। लोगो से एक बेहतर समाज बनाने के लिए और खुद को स्वस्थ रखने के लिए शपथ भी दिलवाई।

# देव दीपावली पर दीपों की श्रृंखला से जगमगाया श्रीजगन्नाथ मंदिर

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



श्रद्धा और भक्ति की रोशनी हर ओर जगमगा रही थी। भगवान जगन्नाथ के जयकारों संग हर ओर झिलमिलाते दीपों की अलौकिक आभा बिखरी थी। कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर में आज उत्साह व उमंग के साथ देव दीपावली (बैकुण्ठ चतुर्दशी) मनाई गई। कहीं सतरंगी रंगों से रंगोली सजी थी तो कहीं गेरू और खड़िया से परम्परागत अल्पना सजी थी। मंदिर परिसर ही नहीं मंदिर के आस-पास का भी पूरा क्षेत्र दीपों की झिलमिल रोशनी से जगमगा रहा था।

इस्कॉन मंदिर, आगरा के अध्यक्ष अरविन्द स्वरूप ने बताया कि आज के दिन ही गज-ग्राह लीला (हाथी और मगर की लीला) में श्रीहरि के परम भक्त गज (हाथी) का बैकुण्ड गमन हुआ था। इसलिए आज दीपदान का विशेष महत्व है। बताया कि श्रीजगन्नाथ जी वर्ष में एक बार ही आज के दिन लक्ष्मी नरसिंह रूप में दर्शन देते हैं। श्रीहरि का यह रूप भक्तों को आर्शीवाद प्रदान करने वाला है। नीले रंग की पोशाक में भगवान जगन्नाथ, बहन सुहन सुभद्रा व भाई बलराम संग अलौकिक छवि के दर्शन को हर भक्त उत्साहित था। हर (भगवान शिव) हरि (भगवान विष्णु) की रात्रि भी आज ही के दिन मानी जाती है। संध्या आरती के बाद हरे राम, हरे कृष्णा... का मृदंग और मंजीरों पर कीर्तन किया, जिसमें सैकड़ों भक्त श्रीहरि की भक्ति में झूमते रहे। इसके उपरान्त भक्तों द्वारा 21 हजार दीपदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से शैलेन्द्र अग्रवाल, कामता प्रसाद अग्रवाल, राहुल बंसल, संजीव मित्तल, सुशील अग्रवाल, सुनील मनचंदा, संजीव बंसल, ओमप्रकाश अग्रवाल, राजेश उपाध्याय, संजय कुकरेजा, विकास बंसल, शैलेन्द्र बंसल, शाश्वत, नन्दलाल दास आदि उपस्थित थे।

## दुष्कर्म के आरोपी के साथ पुलिस की मुठभेड़ अवैध तमंचा और कारतूस बरामद



**जन एक्सप्रेस । मथुरा**

पुलिस ने नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी के पैर में गोली लगने से वो घायल हुआ है, जिसे पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मथुरा के थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन के समीप एक नाबालिग बच्ची के साथ एक दरिंदे ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना के बाद बच्ची की हालत खराब होने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई और आरोपी की तलाश करने लगी। बच्ची के पिता ने इस मामले को लेकर थाना कोतवाली में नामित रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश के लिए लगातार दबिश दे रही थी। सीओ सिटी प्रवीण कुमार मलिक ने बताया कि देर रात सूचना मिली कि नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी मथुरा जंक्शन के माल गोदाम रोड पर है। इस सूचना पर पुलिस की टीम ने उसकी घेराबंदी की। आरोपी ने अपने आपको घिरता हुआ देख पुलिस टीम पर फायर कर दिया, जिसके चलते पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। पुलिस की गोली आरोपी के पैर में जाकर लगी।

# मथुरा पुलिस ने किया घरों में हुई चोरियों का खुलासा

**जन एक्सप्रेस । मथुरा**



दिवाली की रात को रिफाइनरी थाना क्षेत्र में चार घरों में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने एक चोर को पकड़कर उसके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया है जबकि उसके साथी की तलाश की जा रही हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सोनू सिंह ने बताया कि 3 नवंबर को कृष्णा टाउन निवासी मनोज कुमार आगरा स्थित ससुराल गए थे। 5 नवंबर को लौटकर आए तो उनके घर में सामान बिखरा पड़ा था। घर में से चोर एक लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए थे।

पुष्पांजलि द्वारका निवासी अश्वनी शर्मा दिवाली का त्योहार मनाने गांव नोएडा गए थे। पीछे से चोर लाखों रुपये के जेवरात, 65 हजार रुपये चोरी कर ले गए। आजमपुर रोड निवासी संगम सिटी निवासी पूनम भाई दूज पर मायके गई थीं। पीछे से चोरों ने चोरी की वारदात कर दी। पुलिस ने हाथरस के गांव मीतई एवं हाल निवासी ग्राम नगला मट्टू थाना खंदौली निवासी मोनू को बलदाऊ टाउन में कृष्णा टाउन की बाउंड्री के पास से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि माल बरामदगी के बाद पीड़ितों को जानकारी दी गई है जिससे वह अपने सामान की पहचान कर सकें। बताया कि पकड़ा गया चोर शातिर है। उसके ऊपर आगरा, हाथरस मथुरा के थानों में विभिन्न धाराओं के 20 मुकदमे दर्ज हैं।

# मधुमेह से लड़ना है, रोज़ व्यायाम करना है, डायबिटीज को हराना है

**जन एक्सप्रेस । आगरा**




डायबिटीज दिवस पर ,सुबह भोर होते ही ,जोनल पार्क,शास्त्रीपुरम में सिकंदरा बदला डॉक्टर्स एसोसिएशन के चिकित्सकों ने लगाया स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया। एसबीडीए एवं द्वद्वु के अध्यक्ष निर्वाचित डा पंकज नगायच ने बताया कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कई पार्कों एवं हॉस्पिटल्स में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत कैंप लगा रहा है।डा योगेश सिंघल आईएमए उपाध्यक्ष ने कहा कि सभी को मीठा कम खाने के लिए एवं वजन घटाने के लिए हम प्रेरित कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सचिव डा मुकेश चौधरी ने कहा कि इंडिया डायबिटीज की राजधानी बनता जा रहा है। नियमित व्यायाम एवं दवाइयां ही इसका इलाज प्रभावी कर सकती हैं। वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ सीमा सिंह ने चार्ट्स के माध्यम से समझाया कि डायबिटीज एक बारात जैसी है जो अपने साथ कई और बाराती जैसे उच्च रक्तचाप,लिवर डिजीज,आंखों ,किडनी की अन्य परेशानियां लेकर आती है। वरिष्ठ पैथोलॉजिस्ट डा संध्या जैन ने बताया कि खाली पेट और खाना खाने के डेढ़ से दो घंटे बाद की शुगर जांच के साथ ॥ड्ढड्ड1ष् जांच भी अब बहुत महत्व पूर्ण है। इसके साथ लीवर की जांच भी होनी चाहिए। स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ अर्चना सिंघल ने समझाया कि सभी सफेद चीजें जैसे चीनी,मैदा,नमक इत्यादि का अपने खाने में स्तिमाल कम करदेना चाहिए। डा बीएस बघेल ने कानों पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ निधि दीक्षित ने गर्भावस्था के दौरान डायबिटीज के होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ फिजिशियन डा अरुण चतुर्वेदी ने योग भगाएं रोग,पर बोलते हुए विभिन्न आसान जो डायबिटीज में कारगर हैं। डा विकास ने बताया कि कैसे अधिक शर्करा इन्फेक्शन के ठीक होने में देर करवाता है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डा अंजना ने डायबिटीज के मरीजों को वजन नियंत्रित रखने के साथ खान पान मै विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। डा हर्ष सक्सेना ने आंखों पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे मैं बताया। कोषाध्यक्ष डा अमित ने बताया कि धूम्रपान एवं नशाखोरी से लोगों को दूर रह कर,हेल्थी लाइफ स्टाइल अपनाना चाहिए। वैज्ञानिक सचिव डा ज्योति ने सभी का धन्यवाद दिया। निशुल्क ड्ड्यश्शस्त्र शुगर का कैंप भी संध्या पैथोलॉजी के सहयोग से लगाया गया।

# उप्र रोडवेज कर्मचारी संघ ने पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था को दिया धन्यवाद

■ रोडवेज बस स्टैंड के जीर्णोद्धार के प्रयास के लिए जताया आभार

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**



उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ ने रोडवेज बस स्टैंड परिसर के भवन के जीर्णोद्धार के लिए धनराशि मंजूर कराए जाने पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है। कर्मचारी संघ के पदाधिकारी नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे और उन्होंने रोडवेज बस स्टैंड के जीर्णोद्धार के प्रयास के लिए डॉ आस्था अग्रवाल को स्मृति चिन्ह व पत्र देकर धन्यवाद ज्ञापित किया और पालिकाध्यक्ष से भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा की। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल के अनुरोध पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने जीर्ण शीर्ण अवस्था में पीलीभीत रोजवेज बस अड्डे और वर्कशॉप के जीणोद्धार के लिए शासन से 36 लाख रुपए जारी करवाए हैं। इस संबंध में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा टेंडर भी निकाल दिया गया। जल्द ही पीलीभीत रोडवेज बस स्टैंड पर बस स्टेशन और डिपो कार्यशाला में विशेष मरम्मत कार्य आरंभ हो जाएगा। सितंबर माह में पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मिली थी।इस मौके पर उन्होंने जिला मुख्यालय पर स्थित रोडवेज बस स्टेशन के जर्जन भवन और यात्रियों की सुविधाओं के संबंध में परिवहन मंत्री से चर्चा की। पालिकाध्यक्ष ने परिवहन मंत्री को पत्र देकर बताया कि पीलीभीत नगर पालिका के अंतर्गत बने परिवहन निगम के बस स्टेशन से प्रतिदिन लगभग 110 बसों का संचालन दिल्ली, लखनऊ उत्तराखंड राज्य को आने जाने के लिए होता है। लेकिन बस स्टैंड के जर्जर भवन होने के कारण यात्रियों और संबंधित अधिकारियों को बैठने तक की उचित व्यवस्था नहीं है। यात्रियों को बैठने के लिए मात्र दो सीमेंट बेंच ही बनी है। जिला मुख्यालय के इस स्टेशन पर यात्रियों के लिए वेटिंग हॉल, शौचालय, पंखे, पानी आदि की सुविधा होना अत्यंत आवश्यक है। स्टेशन में बरसात के समय जल भराव रहता है, जिससे यात्री स्टेशन के अंदर तक नहीं पहुंच पाते हैं। पूरा बस स्टैंड पूर्ण रूप से जर्जर हो चुका है। इस संबंध में रोडवेज बस स्टैंड को मॉडल बस स्टैंड के रूप में विकसित करने की जरूरत है। पालिकाध्यक्ष के अनुरोध के बाद परिवहन मंत्री ने प्रबंध निदेशक को पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पालिकाध्यक्ष के लगातार उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम के अधिकारियों से संपर्क में रहने के बाद बिल्डिंग डिविजन के अधिशासी अभियंता (पश्चिम) ने लगभग 36 लख रुपए का टेंडर जारी कर दिया। जिसमें पीलीभीत में बस स्टेशन और डिपो कार्यशालय की विशेष मरम्मत का कार्य किया जाएगा। अब इधर रोडवेज बस स्टैंड के जीर्णोद्धार के संबंध में निगम द्वारा टेंडर जारी किए जाने के बाद उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ ने पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल से मिलकर खुशी का इजहार किया और पालिका अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु शपथ ग्रहण की

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**



यातायात माह नवम्बर के अंतर्गत यातायात टीम के द्वारा विद्यालय चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज पीलीभीत में छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने व सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें जनपदीय सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी इन्तजार खान ने यातायात नियमों के प्रति छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि अगर हम दुर्घटनाओं के आंकड़ों को देखें तो कोरोना काल में भारत में इतनी मौतें नहीं हुई, जितनी प्रतिवर्ष सड़क दुघर्टनाओं में मौतें हो रही हैं। सड़क दुघर्टना में सबसे अधिक शिकार 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच की युवा पीढ़ी हो रही है। सड़क दुघर्टना का सबसे बड़ा कारण यातायात नियमों का पालन न करना व लापरवाही से वाहन चलाना एवं ग़लत तरीके से ओवरटेकिंग करना प्रमुख कारण है। टीएस आई सुभाष चन्द्र ने छात्रों को सड़क सुरक्षा से संबंधित विषय पर जानकारी प्रदान करते हुए कहा है कि कोई भी छात्र जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है व जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है वह वाहन कदापि न चलाएं। यातायात हेड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार ने भी छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जिसमें हेल्मेट व सीटबेल्ट सही से प्रयोग करने व छात्रों को अपने परिवार के हर व्यक्ति को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों व शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कराने हेतु सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराने के उपरांत सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# ट्रैवल एजेंसी संचालक से 4.65 करोड़ रुपये ठगे

**जन एक्सप्रेस | मेरठ**

1070 लोगों को थाईलैंड की ट्रिप पर भेजकर ट्रैवल एजेंसी संचालक अंकित कुमार गुप्ता से 4.65 करोड़ रुपये की ठगी की गई। अब रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। अंकित कुमार गुप्ता ने नोएडा सेक्टर-58 स्थित एजेड बैंक फाइनेंस सर्विसेज कंपनी के सीईओ समीर मुस्तखान दीवान और प्रबंध निदेशक वसीम अकबर, वरुण कुमार व प्रदीप चौधरी के खिलाफ जानी थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी। बागपत रोड ग्रीनवुड कॉलोनी निवासी अंकित कुमार गुप्ता की एकेजी ट्रैवल्स के नाम से कंपनी है। एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में उन्होंने बताया कि तीन जून 2024 को उनकी कंनी की एजेड बैंक फाइनेंस सर्विसेज कंपनी था।

# गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में बाल दिवस का आयोजन





**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**

गोस्वामीज मॉम्स स्कूल में बाल दिवस पर एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों ने मनोरंजन के साथ-साथ प्राकृतिक सिंद्धातों को भी जाना यह शैक्षिक भ्रमण न्यूरिया हुसैनपुर में मैंगो डेयरीज पर हुआ जहॉ बच्चों ने दूध से बने उत्पादक तथा दूध में हो रही मिलावट को कैसे पहचाने और वनस्पतियॉ, पेड़-पौधे फसल उत्पन्न करने के जैविक तकनीकियों को समझा। इसका प्रमुख उद्देश्य छात्रों में प्रकृति मिट्टी और कृषि के प्रति कृतज्ञता उत्पन्न करना है क्योंकि यह हमें स्वस्थ जीवन जीने के लिए आवश्यक है, इसके साथ-साथ बच्चों को कार्बनिक फार्म, डेयरी फार्म और दूध प्रसंस्करण मे ले जाया गया। मैंगो डेयरीज के प्रबंधक निक्की चौधरी और गौरव चौधरी से इससे संबंधित कई प्रश्न पूछे तथा संतोषजनक उत्तर प्राप्त किए इस शैक्षिक भ्रमण में जीत अमन, पार्थ, रिद्धिमा बकुर, अन्मता आदि बच्चे रहे, तथा शिक्षागण में विष्णनुप्रिया, ऋतिक सिंह उपस्थित रहे।
यहॉ पर बच्चों ने जैविक शिक्षा के साथ साथ खेलो का भी आंनद लिया।आज के कार्यक्रम में शैक्षिक खेलों को खेला और नृत्य संगीत से आज के दिन का आंनद लिया। शिक्षकों ने मिलकर विद्यार्थियों के लिए नित्य प्रस्तुत किया बच्चों के साथ खेल खेलें। बच्चों का दिन मनमोहक रूप से भर दिया।
कक्षा (ढ्ढ) के बच्चों ने क्लेक्ट दॉ बॉल खेला जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस खेल में विकुल चौहान, समायरा, घनिया, कौस्तुभ गोस्वामी।
कक्षा (ढ्ढ) बच्चों ने चेयर रेस खेला। इस कार्यक्रम में रूद्र, गायित्री, हिमांशी प्रथम स्थान पर रहे।
कक्षा (ढ्ढढ्ढ) के बच्चों ने कलेक्ट दॉ कॉन खेल खेला जिसमे नवदीप, झलक और आर्या सिंह, संभवी शुक्ला प्रथम स्थान पर रहे।
इसके साथ (ड्ढ) से (ड्ढ) तक के बच्चों ने टीम द्वारा अनेक खेल खेले जिसमे क्रिकेट, खो-खो, निशानेबाजी, दौड़ प्रतियोगिता कलेक्ट दॉ ओवजेक्ट, ओल्हा हूप, स्टेक एंड रन चैलेंज, सर्कल दा लॉग जम्प आदि। खेल खेले इसके साथ-साथ बच्चों ने नृत्य संगीत के कार्यक्रम की अति सुंदर प्रस्तुति की आज बच्चों के मुख पर बाल दिवस की खुशी देखी जा सकती हैं बच्चों ने बड़े उत्साह और प्रसन्नता से आज के दिन का आनंद लिया। विद्यालय के संस्थापक निशांत गोस्वामी व संरक्षिका डॉ सोनिया गोस्वामी जी ने बच्चों नेहरू जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके संदेश दिया कि आप अपने हर दिन को बाल दिवस के रूप में मनाए जिस तरह से आप अपने खेलो को रोमांचित ढंग व लगन पूर्वक खेलते हैं उसी प्रकार अपनी शिक्षा को भी विधिवत्त व मंनोरजक बनाकर नई-नई चीजों को सीख सकते है। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यलाय की प्रधनाचार्या जया घोस ने किया जिसमें अक्षांशी, रुचि अगरवाल, नीता तथा समस्त शिक्षकगण ने सहयोग दिया व उपस्थित रहें।

# बालिका विद्या मंदिर में बाल मेले का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**



गुरुवार को अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कालेज के प्रांगण में बाल मेले व विषय सम्बन्धी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्राओं ने बड़े ही हर्षोल्लास से कार्यक्रम को मनाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चारू अग्रवाल, विशेष अतिथि परमजीत कौर ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। छात्राओं ने संस्कृत व हिन्दी प्रदर्शनी में भिन्न-भिन्न मॉडल प्रस्तुत कर हिन्दी, संस्कृत विषय की उपयोगिता को बताया। छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी में भी मॉडल प्रोजेक्ट द्वारा विज्ञान की तकनीकी के बारे में बताया व हस्तकला प्रदर्शनी लगाकर सभी का मन मोह लिया। छात्राओं ने रंगोली, विज्ञान, संस्कृत, हिन्दी, गणित, अंग्रेजी सामाजिक व हस्तकला प्रदर्शनी के साथ-साथ खेल व फूड के विभिन्न आकर्षक स्टॉल भी लगाये। प्रबन्ध समिति से नेहा गुप्ता, डॉ0 पूनम कटियार और बृजेन्द्र कुमार अग्रवाल और प्रधानाचार्य (चिरौंजी लाल वीरेन्द्र पाल स0 वि0 मं0 इं0 कालेज) चन्द्रभान शर्मा ने बाल मेला व प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रशंसा की। जूनियर वर्ग में स्टॉल नं0-2 प्रथम व सीनियर वर्ग में स्टॉल नं0-15 प्रथम रहा। जूनियर वर्ग में स्टॉल नं0 -1 , सीनियर वर्ग में स्टॉल नं0-11 द्वितीय रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या उपासना शर्मा ने विद्यालय में आये सभी अतिथिगण का आभार व्यक्त किया। छात्राओं को सूक्ष्म जलपान कराकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# 10 महीने 434 बार फोन कर बुलाई पुलिस

**जन एक्सप्रेस | मेरठ**

हेलो ... मैं रजपुरा गांव से राहुल चौधरी बोल रहा हूं। गांव में झगड़ा और एक युवक लहूलुहान हो गया है, आप तुरंत आइये। कंट्रोल रूम में कॉल आते ही पुलिस लोकेशन ट्रेस करती और गांव पहुंच जाती। कॉल करने वाले युवक को पुलिस फोन करती तो वह उनको खूब गाली-गलौज करता। दस महीने में 434 बार किया कॉल ऐसा एक बार नहीं, दस महीने में 434 बार हुआ। अब तो पुलिस भी कॉल आते ही समझ जाती कि गालीबाज युवक की सूचना है। युवक की बढ़ती हरकतों से परेशान होकर डायल-112 के प्रभारी इंस्पेक्टर बलराम यादव ने गंगानगर थाने में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया।

# शिवदेई बालिका विद्यालय में मनाया गया बाल दिवस



■ प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर किया माल्यार्पण

**जन एक्सप्रेस | बीसलपुर**

प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया और इस अवसर बाल दिवस मनाया गया तथा बाल मेले का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य पारुल गंगवार ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया तथा उनके जीवन पर प्रकाश डाला और बाल मेले का आयोजन किया गया। स्टाफ ने मेले में आए बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान सुरजीत यादव, ऊषा वर्मा पिंकी रानी, फूल बी, प्रियंका, मैना, प्रेमसागर आदि उपस्थित रहे। उधर प्राथमिक विद्यालय अकोड़ा नौगमियां में भी बाल मेले का आयोजन किया गया। विद्यालय में पहुंचे अभिवावकों का इंचार्ज अध्यापिका जसोदा देवी द्वारा स्वागत किया गया और बच्चों के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और उनके बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान इंचार्ज अध्यापिका जसोदा देवी, सहायक अध्यापक धनंजय कुमार, शिक्षामित्र मुनेंद्र कुमार, मीना देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुमन लता मौजूद रहीं।

# राज्यमंत्री ने कल्यानपुर चक्रतीर्थ में गंगा स्नान मेले का फीता काटकर किया शुभारम्भ





■ मेले में मेलाथियों के लिए समुचित व्यवस्थायें करने को दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**

गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज गुरूवार को जहानाबाद क्षेत्र के सुप्रसिद्ध एंव ऐतिहासिक कल्यानपुर चक्रतीर्थ में गंगा स्नान मेले का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस मौके पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने चक्रतीर्थ मेले में मेला कमेठी के लोगों से व्यवस्था के बारे में जानकारी हासिल की और मेलाथियों के लिए समुचित व्यवस्थायें किए जाने के लिए कहा। खास तौर पर उन्होनें मेले में आने वाली महिलाओं के लिए अलग से चेंजिग रूम (टेन्ट) की व्यवस्था करने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होनें पुलिस अधिकारियों को मेले में समुचित सुरक्षा व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए साथ ही मेला कमेठी के लोगों से कहा कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस को सहयोग करें। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कल्यानपुर चक्रतीर्थ में स्थित प्राचीन शिव मन्दिर में जाकर भगवान भेले शंकर की पूजा अर्चना की और जल अभिषेक कर भोले बाबा से आर्शीवाद के कामना की एंव लोक कल्याण की प्रार्थना की। मालूम रहें कि कल्यानपुर चक्रतीर्थ का यह मेला क्षेत्र का प्राचीन एंव ऐतिहासिक महत्व का स्थल है जहॉ दूर-दराज से बडी संख्या में मेलाथी गंगा स्नान एंव पूजा अर्चना करने आते है साथ ही चक्रतीर्थ स्थित सरोवर में स्नान कर पूण्य कमाते है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कल्यानपुर चक्रतीर्थ के इस पौरणिक स्थल के जीर्णोद्वार के लिए 1 करोड़ 10 लाख की राशि शासन से उपलब्ध कराई थी जिससे ऐतिहासिक महत्व के इस स्थल का कायाकल्प हो सकें। इस धनराशि से जहॉ चक्रतीर्थ स्थित सरोवर स्थल के चारों ओर पैकड़ियों का निर्माण हुआ है वही प्राचीन शिव मन्दिर का भी कायाकल्प हुआ है और यहॉ आने वाले मेलाथियों को भी इसका लाभ मिल रहा है। इस मौके पर क्षेत्र के प्रमुख लोग और मेला कमेठी के सदस्यगण शामिल रहें।

# ईको गाड़ी खरीदने के नाम पर 3.70 लाख रुपये हड़पे

■ कोर्ट के आदेश पर थाना सुनगढ़ी में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

■ रुपये वापस मांगने पर घर के बाहर फेंके ईट-पत्थर, मोबाइल पर धमकाया

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम रूपपुर कृपा निवासी साधना सिंह पत्नी रामऔतार सिंह ने थाना सुनगढ़ी पुलिस को तहरीर दी।
जिसमे कहा गया कि उसके पति रामऔतार ने कुलदीप कुमारे कश्यप उर्फ लालू व प्रदीप कुमार कश्यप पुत्रगण शिवराज सिंह निवासी शारदा अस्पताल के पीछे वार्ड नंबर एक पकड़िया नौगंवा व उनके भाई रिंकु सिंह से उसकी ईको कार खरीदने के लिए तीन लाख 70 हजार रुपसे में सौदा किया था।
उपरोक्त लोगों के कहने पर पांच मार्च 2024 को तीन लाख 70 हजार रुपये उपरोक्त लोगों को दे दिए। उक्त लोगो ने आश्वासन दिया कि वह लोग इन रूपयों से गाड़ी को लोन समाप्त करके एनओसी लेकर गाड़ी उसके नाम करा देगें। काफी दिनों तक जब आरोपी पक्ष टाल मटोल करते रहे तो आरोपियों ने उसके पति को बुलाकर 3.70 लाख रुपये का एक चेक भरकर व शपथ पत्र लिखकर दे दिया। इसके बाद भी न तो गाड़ी उसके नाम की गई और न ही रुपये वापस किए। 15 मई 2024 को कुलदीप कुमार ने नशे की हालत में एसके पास फोन करके गाली गलौच की। जिसकी रिकार्डिंग उसके मोबाइल में मौजूद है।
इसके बाद 16 मई को रात्रि करीब 9 बजे उपरोक्त लोगों ने उसके घर के दरवाजे पर ईंट पत्थर मारे। जिसकी वीडियो रिकार्डिंग भी है। उपरोक्त लोगो ने जो चेक दिया था, वह भी खाते में धनराशि न होने के कारण निरस्त कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बच्चे हमारे देश के भाग्य विधाता- प्रो. वंदना सिंह

■ जे.पी.इंटरनेशनल स्कूल के बाल मेले में बच्चों ने लगाया कई स्टाल

**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**



बाल दिवस के अवसर पर बाल मेले के आयोजन में पहुंची प्रो, बंदना सिंह कुलपति पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर ने अपने बतौर मुख्य अतिथि के संबोधन में बताया कि सभी बच्चों को एक गुरु मंत्र देती हूँ कि आप हर रोज सुबह उठकर योग और व्यायाम अवश्य करे, जिससे आप मानसिक रूप से स्वस्थ रहे, फिर आप शिक्षा प्राप्त करे, और अपने माता पिता के साथ स्कूल का नाम रोशन करे, उक्त बातें मुख्य अतिथि प्रो वंदना सिंह कुलपति पूर्वांचल विश्विद्यालय ने जेपी इंटरनेशनल स्कूल सुजानगंज में आयोजित बाल मेला में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं होती उनमें उन्हें निखारने की जरूरत होती है, और बच्चे हमारे देश के भविष्य है, वहीं पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मुंगरा बादशाहपुर की पूर्व विधायक सुषमा पटेल ने कहा कि अध्यापक बच्चों को उचित मार्गदर्शन दें तो बच्चों में सफलता पाने की होड़ लगी रहती है, चाचा नेहरू बच्चों से बहुत प्रेम करते थे, जिसके कारण उनका जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है, अध्यापकों को बच्चों से प्यार करना चाहिए ना कि डराना चाहिए जिससे बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि पैदा हो, स्कूल के बाल मेले में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाई गई थी जिसमें खाने-पीने की चीजें एवं स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल, न्यायालय घर एवं मंदिर के चित्र नक्शे बंगले आदि बनाए गए थे। इस मेले की विशेषता यह थी कि सभी सामग्री विद्यालय के ही छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई थी इन सामग्रियों को देखने के बाद लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी मछलीशहर शैलेन्द्र कुमार तथा बाल रोग विशेषज्ञ डॉ, मुकेश शुक्ला ने बच्चों के द्वारा स्टाल पर सजाया गई सामग्रियों का अवलोकन किया. और प्रथम द्वितीय और वहीं पर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया जिसमें देश भक्ति गीत एवं राष्ट्रभक्ति गीत दहेज गीत बाल विवाह आदि का मंचन किया गया। इस अवसर पर प्रभाकर मणि त्रिपाठी,मुन्ना मिश्र,डॉ विनय कुमार त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख कमला शंकर मिश्र ने स्कूल के प्रबंधक तथा सभी अध्यापकों का उत्साहवर्धन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.जय प्रकाश तिवारी एवं प्रधानाचार्या प्रीति सिंह ने आए हुए आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# दबंगों ने युवक को पीट-पीट कर की निर्मम हत्या, शव को फेंका सड़क किनारे





**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**

■ बदलापुर थाना क्षेत्र के सराय त्रिलोकी मोड़ पर मिला युवक का शव

बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के भलुआही स्थित सराय त्रिलोकी मोड़ पर एक युवक का शव दिन दहाड़े शव फेंककर बदमाश हुए फरार मचा हडकंप।वही सूचना मिलते ही मौके पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिसकी शिनाख्त ऊदपुर घाटमपुर निवासी के रूप में करते हुए पुलिस आवश्यक कार्यवाई में जुट गई है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के ऊदपुर घाटमपुर निवासी करीब 27 वर्षीय हर्षित उर्फ साहिल सिंह की गुरूवार शाम करीब 4 बजे भलुआही स्थित सराय त्रिलोकी मोड़ पर सड़क के किनारे शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।उधर सूचना मिलते ही मौके पर पहुचें कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिनोद कुमार मिश्र ने शव को कब्जे में लेकर बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुचें जहां डाक्टर द्वारा उसकी मृत्यु की पुष्टि की गई।फिर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वही सूचना लगते ही मृतक के परिजन परिजन भी मौके पर पहुच गएं, पीड़ित के परिजनों का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर साहिल को कुछ बदमाशों द्वारा उसके घर के पास से साहिल को उठाकर ले गए और उसे लाठी- डंडे व सरिया से मार पीट कर उसकी हत्या कर शव को भलुआही स्थित सराय त्रिलोकी मोड़ के पास सड़क किनारे फेंक दिया।फिलहाल शव मिलने के घटनास्थल के कुछ आस पास के लोगों द्वारा बताया गया कि एक अज्ञात पिकअप से उक्त युवक की लाश को कुछ लोगों द्वारा यहां फेककर भाग गए।

# कोहरे के कारण खड़े ट्रक में घुसी बस

**जन एक्सप्रेस | मेरठ**

मेरठ करनाल हाईवे पर भूनी टोल प्लाजा के पास कोहरे के कारण यात्री बस खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे में छह साल के बच्चे की मौत हो गई, जबकि एक सिपाही की हालत गंभीर है। मेरठ करनाल हाईवे पर बुधवार देर रात यात्रियों से भरी बस लुधियाना, पंजाब से बहराइच जा रही थी। जैसे ही बस सरूरपुर क्षेत्र में भूनी टोल प्लाजा के पास पहुंची तो घने कोहरे के चलते खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई।
आगे की सीट पर बैठा कृष्णा (6) पुत्र आशीष निवासी धर्मपुर इकौना श्रावस्ती खिड़की शीशे में से निकलकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।
बस में सवार यूपी पुलिस का सिपाही सुरेन्द्र कुमार पाठक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर चीख पुकार मच गई।

# नौकरी सरकार की, चाकरी बेलहरा चेयरमैन के बाग की

■ चेयरमैन की बाग में मजदूरी कर रहे सफाई कर्मी, सरकारी धन का हो रहा बंदरबांट

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी



नगर पंचायत बेलहरा के चेयरमैन प्रतिनिधि अयाज खान का विवादों से पुराना नाता रहा है। अपने उलूल जुलूल कार्य के जरिये अक्सर सुर्खियों में रहा करते हैं। ज्ञात हो नगर पंचायत में किये गये भ्रष्टाचार की शिकायत तथा फर्जी रसीद काटने के अलावा शिकायतकर्ता पर झूठे मुकदमे लिखाया जबकि चेयरमैन प्रतिनिधि स्थानीय थाने की दुराचारी की लिस्ट टाप टेन की सूची में है। मालूम हो कि कुछ वर्ष पूर्व पुलिस प्रशासन ने इनको जिला बदर भी किया किन्तु उसके बाद भी इनके व्यवहार व आचरण में आज तक कोई सुधार नहीं हुआ बल्कि गुण्डा एक्ट लगने के बाद नगर पंचायत में गुण्डे के भांति शासन करते हुए चले आ रहे हैं। इन सबके बीच स्थानीय जनता इनके गलत कृत्यों पर भी डर व दशहत के कारण मुखर नहीं हो पाती है। ऐसे में अपनी दबंगई का पूरा पूरा लाभ चेयरमैन प्रतिनिधि धड़ाधड़ उठा रहे हैं। ताजा मामला नगर पंचायत के कर्मचारियों से फर्जी मुकदमा लिखवाना आदि इनका पुराना खेल रहा है, बेलहरा के निर्वाचित सभासद सुभाष जायसवाल ने देखा कि ब्लॉक सूरतगंज के ग्राम छेदा के पास चेयरमैन प्रतिनिधि की एक बाग लगी हुई है। उसमें नगर पंचायत के सफाईकर्मी निराई और गुड़ाई का काम कर रहे हैं। संवाददाता से पूछे जाने पर उन कर्मचारियों ने बताया कि हमको अयाज भैया ने भेजा है। उनके कहने पर यहां काम करना पड़ता है, अगर उनके कहने पर काम नहीं करते हैं तो वह नौकरी से निकालने की धमकी देते हैं और कहते हैं हमारे कहने से काम करो नहीं करोगे तो बुरा अंजाम भुगतोगे। हम मजबूरी में काम कर रहे हैं, जबकि हमे निर्धारित मानदेय से भी कम पैसा मिल रहा है। यदि हम काम नहीं करेंगे तो नौकरी से भी हाथ धोना पड़ेगा और परिवार का पालन पोषण भी नहीं हो पाएगा। पीड़ित सफाईकर्मियों ने बताया कि शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई है देखना है क्या कार्रवाई होती है। वहीं सूत्रों से पता चला है कि चेयरमैन प्रतिनिधि ने नगर पंचायत के अधिकारी व कुछ सभासदों को अपने पक्ष में कर लिया है

और आपस में सांठ गांठ करके कई अनैतिक कार्य कर रहे हैं लेकिन प्रशासन इस नगर पंचायत में फैले भ्रष्टाचार पर कोई कार्यवाही करने से कतरा रहा है जिस कारण भ्रष्टाचारियों के हौसले बढ़ते ही जा रहे हैं।

# बिना प्रशासन की अनुमति से नगर में चल रहा मेला, जिम्मेदार बने अनजान

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी



फतेहपुर। नगर में मखदूमशाह दरगाह मेले का चार दिन पहले आतिशबाजी के साथ समापन हो गया। मेला संचालन की अनुमति 10 नवम्बर तक थी। लेकिन धड़ल्ले से चल रहा मेला जाम लगने के साथ कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बना हुआ है।

मालूम हो नगर क्षेत्र स्थित मेन रोड पर मखदूमशाह की प्राचीन दरगाह है। हर वर्ष दरगाह के आसपास लगने वाला मेला सामाजिक एकता की मिसाल माना जाता है। इस साल भी प्रशासन द्वारा मेला समिति अध्यक्ष को 1 से 10 नवम्बर तक 12 बिंदुओं की सशर्त अनुमति प्रदान की गई थी। इसी के बाद दस दिवसीय मेले का 10 नवम्बर को परम्परागत ढंग से आतिशबाजी के साथ समापन कर दिया गया। लेकिन इसके बावजूद लगातार चल रहा मेला अब नागरिकों के लिए सिरदर्द बन गया है। जिसे लेकर अब नगर में तरह तरह की चर्चाएं है। बेहद व्यस्त मेन रोड के दोनों ओर दुकानें और मेलार्थियों की भीड़ नगर में दिन भर जाम लगने का बड़ा कारण बन चुकी है। बीते दिनों रात में ग्राम जरखा व हैदरगंज के युवकों के साथ मारपीट की घटना हुई। म्यूजिक कांफ्रेस में कुर्सियां तोड़ी गई। मेला समाप्ति के कारण पुलिस के शिथिल होने से महिलाओं से छीटाकशी के मामले सामने आ रहे है। गुरुवार शाम को भी झूले व दुकानों पर भारी भीड़ मौजूद दिखी। इस संबंध में एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि अनुमति 10 दिनों तक थी। उनके द्वारा मेला संचालन बढ़ाये जाने सम्बन्धी कोई आदेश नही दिया गया। इस संबंध में एलआइयू अधिकारी दीपक सिंह से बात की गई, तो उन्होंने बताया, मामला हमारे संज्ञान में नहीं है जानकारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## साइकिल सवार बुजुर्ग किसान को ट्रक ने कुचला, मौत

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

उन्नाव जिले के बछरावां-मौरावां मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार वृद्ध को रौंद दिया। इससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने चालक को जमकर पीटा और जाम लगा दिया। सूचना पर कई थानों की फोर्स पहुंची। एसडीम और सीओ ने चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई और आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन देकर शांत कराया।

पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया है। हिलौली कस्बे के मोहल्ला अभईसागर निवासी कृष्णचंद्र पांडेय (60) शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे साइकिल से खेत जा रहे थे। बछरावां-मौरावां मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद दिया।

घटना से गुस्साए लोगों ने मार्ग पर जाम लगा दिया। मौके पर मौरावां और पुरवा कोतवाली पुलिस के साथ एसडीएम उदित नारायण सेंगर और सीओ ऋषिकांत शुक्ला मौके पर पहुंचे।

# सात किसानों पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी




मसौली। बैंक को गुमराह कर दूसरी बैंको से भी लोन लेने वाले क्षेत्र के 7 किसानो के विरुद्ध आर्यावर्त ग्रामीण बैंक मसौली के शाखा प्रबंधक ने थाना मसौली में धोखाधडी का मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम देवकलिया निवासी रामफल पुत्र हजारी ने आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा मसौली से 23 मई 2015 को अपनी कृषि भूमि रकबा 2.261 हे0 को बंधक बनाकर 5 लाख की केसीसी बनवाने के बाद बगैर अदायगी के 29 मार्च 2017 को आई डी बी आई बैंक शाखा नाका सतरिख से 9 लाख 71 रुपये ले लिया देवकलिया गांव के ही अखिलेश कुमार व अरविन्द कुमार पुत्रगण राधेश्याम ने अपनी कृषि भूमि रकबा 2.104 को बैंक मे बंधक बनाते हुए 21 अक्टूबर 2018 को 4 लाख 90 हजार का केसीसी लोन लेने के बाद बगैर अदायगी के अखिलेश कुमार ने 29 सितंबर 2019 को बैंक आफ बड़ोदा शाखा जीआईटीएम लखनऊ से 5 लाख 65 हजार का ऋण ले लिया वही अरविन्द ने 31 जुलाई 2019 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा सुल्तानपुर से 7 लाख का ऋण ले लिया। भूलीगंज कस्बा मसौली निवासी मयंक सिंह पुत्र नागेष्वर ने अपनी भूमि को बैंक से बंधक करते हुए 4 लाख 10 रुपये का केसीसी लोन लेने के बाद ऋण की अदायगी किये बगैर बिक्री कर दिया। कटरा मसौली निवासी राधेश्याम पुत्र छेदा ने 28 जून 2014 को बैंक से 2 लाख 62 हजार का केसीसी लोन लिया जिसकी अदायगी किये बगैर उत्तर प्रदेश सहकारी ग्रामीण विकास बैंक शाखा बाराबंकी से 1 लाख का ऋण ले लिया। ग्राम मलौली के मीरपुर निवासी पिता पुत्र रामसरन व राजेश ने 17 नवंबर 2017 को बैंक 3 लाख का केसीसी लोन लिया और 27 जून 2019 को कुटरचित अभिलेखो के जरिये उत्तर प्रदेश सहकारी ग्रामीण विकास बैंक शाखा रामनगर से 4 लाख का ऋण के लिया। उक्त किसानो द्वारा की गयी धोखाधड़ी की जानकारी वसूली करने गये अधिकारियों को हुई तो न्यायालय के आदेश से किसान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। आर्यावर्त बैंक के शाखा प्रबंधक त्रिपुरेश शुक्ल का आरोप है कि भूमि को बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र लिये दूसरी बैंक से लोन ले लिया गया। यह हेराफेरी की गई। इस मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई। तब संबंधित किसानो के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए थाना मसौली मे तहरीर दी गयी जिसपर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सोनिक मोड़ पर जारी रहेगा 200 मीटर दायरे में ट्रैफिक डायवर्जन

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

सोनिक। कानपुर-लखनऊ हाईवे पर सोनिक मोड़ पर रूट डायवर्जन का समय बढ़ा दिया है। डायवर्जन के लिए कोई तय समय सीमा नहीं है। बाकी बचे 16 गर्डर रखे तक यह डायवर्जन लागू रहेगा। बुधवार को भी यातायात दिन भर रेंगता रहा।

गंगा एक्सप्रेसवे में जंक्शन का निर्माण सोनिक मोड़ पर चल रहा है। इसके लिए कानपुर लखनऊ हाईवे पर दोनों तरफ 32 लोहे के भारीभरकम कंक्रीट गर्डर रखे जाने हैं। इसके लिए 20 अक्तूबर को सोनिक मोड़ से करीब 200 मीटर का रूट डायवर्जन लागू किया था। तबसे एक ही लेन से वाहन निकाले जा रहे हैं।

अब तक लखनऊ लेन जाने वाली सड़क पर 16 कंक्रीट गर्डर रखे जा चुके हैं। अभी भी इतने ही गर्डर और रखना बाकी है।

# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में त्रिवेदीगंज ने मारी बाजी

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी



गुरुवार को दो दिवसीय जनपद स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन समारोह संपन्न हुआ। समापन संध्या पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार उपस्थित रहे। जिला विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय ने संपूर्ण प्रतियोगिता में विजेता रही विकास खंड त्रिवेदीगंज की टीम को विजई शील्ड एवं दूसरे स्थान पर रही विकास खंड निंदूरा की टीम संपूर्ण प्रतियोगिता में रनर रही। मुख्य अतिथि ने रनर टीम को भी शील्ड प्रदान की। पी.टी विशेष प्रदर्शन में विकास खंड निंदूरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर कबड्डी में विकासखंड त्रिवेदीगंज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में विकासखंड दरियाबाद के सत्यदेव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, प्राथमिक स्तर लंबी कूद में विकासखंड सिरौलीगौसपुर के साथ हसनैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में विकासखंड सूरतगंज के छात्र शहाबुद्दीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग कबड्डी में विकासखंड सिद्ध और ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में खो-खो में विकासखंड निंदूरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में विकासखंड दरियाबाद की छात्रा सोनी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में विकासखंड त्रिवेदीगंज की छात्रा सिमरन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया लंबी कूद में विकासखंड सिद्ध और की छात्रा काव्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, उच्च प्राथमिक स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में विकासखंड फतेहपुर में पत्र में स्थान प्राप्त किया, कुछ प्राथमिक स्तर बालिका बड़की खो खो प्रतियोगिता में निंदूरा विकासखंड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर पलक भर की योगासन प्रतियोगिता में विकासखंड देवा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कबड्डी प्रतियोगिता में विकासखंड त्रिवेदीगंज में प्रथम स्थान प्राप्त किया खो खो प्रतियोगिता में विकासखंड प्राप्त किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी देवा राम नारायण यादव, चंद्र शेखर यादव, संजय राय, सुषमा सैंगर, प्रमोद उपाध्याय, जैनेंद्र कुमार, सुनील गौड़ प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश मीडिया प्रभारी अभिषेक सिंह, अरुणेंद्र वर्मा, राजेंद्र त्रिपाठी, अनिल सिंह, मनोज चौधरी, ऋतु पाठक, ऋतु अग्निहोत्री, पुनीत श्रीवास्तव, राकेश सिंह, अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### समर्पण फाउंडेशन ने किया निशुल्क दन्त परीक्षण

**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल दिवस के अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित विनायक डेंटल क्लीनिक पर समर्पण फाउंडेशन के सहयोग से नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में बच्चों और उनके अभिभावको का दंत परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां वितरित कर साफ सफाई के गुण सिखाए गए डॉक्टर आर के कटियार ने बताया कि स्वस्थ्य शरीर के लिए दांतो की एक अलग भूमिका होती है। बच्चों में पान मसाला व तंबाकू खाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है जिस कारण उनके दांतो में कई प्रकार की बीमारियां जन्म ले लेती हैं, ज्यादा तर बच्चे तो दांतो की सही से सफाई ही नहीं करते,जिस कारण उनके दातों में कैरीज लगने की समस्या बढ़ जाती है,इसके लिए उन्होंने बच्चों को साफ सफाई के गुण सिखाए और बच्चों को पान मसाला न खाने की सलाह दी। शिविर में उनके सहयोगी डॉ आर के मौर्या विपिन कटियार, राहुल गुप्ता,कनक अनिकेत, संतोष आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर बाल दिवस के अवसर पर डॉ वरुण सिंह कटियार (चिकित्साधिकारी, मुख एवं दंत सर्जन) द्वारा कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय नाहरघाटी विकास खंड कन्नौज में उपस्थित 122 छात्र छात्राओं को मंजन वितरित कर उन्हें मुख स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सलाह दी गई एवं मंजन करने की सही विधि के बारे में अवगत कराया गया। विद्यालय के अध्यापकगण मंजू देवी (प्रधानाध्यापिका), सुनिधि सचान (सहायक अध्यापिका) द्वारा सहयोग और बच्चों को बाल दिवस मनाए जाने के बारे में अवगत कराया गया। डॉ कटियार द्वारा विगत 12 वर्षों से लगातार ग्रामीण बच्चों को बाल दिवस के अवसर पर मंजन का वितरण और नि:शुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन कर मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### पिता जी के अधूरे सपनों को करुंगा पूरा- हर्षित राजकुमार

**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**। तहसील हैदरगढ़ क्षेत्र के एसबीएस पब्लिक इंटर कॉलेज नरौली में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन स्टाल लगाया। जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक हर्षित राज कुमार ने माता सरस्वती एवं चाचा नेहरू और संस्थापक अशोक कुमार सिंह की चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि मैं अपने पिताजी के पद चिन्हों पर चलकर उनके अधूरे सपनों को पूरा करने में जी जान लगा देंगे उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष पिताजी इस मेले का आयोजन करते थे इसलिए यह परंपरा आगे भी चलती रहेगी। मेले में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा लगाए गए खूबसूरत स्टाल लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे, जहां बेवफ़ा गोलगप्पे, चना जोर, बिहार की मशहूर लिट्टी चोखा, गुड़ की जलेबी, वेज बिरयानी, नेपाल के मोमोज सहित विभिन्न प्रकार बच्चों द्वारा लगाई गई दुकानों पर परिसर में उपस्थित अभिभावक एवं अतिथियों तथा विद्यालय के बच्चों शिक्षक शिक्षिकाओं ने जमकर खरीदारी की। इस दौरान प्रधानाचार्य अरुण कुमार श्रीवास्तव, शशि प्रकाश शुक्ला, उत्सवी सिंह, राम लखन पाल, आनन्द वैश्य, महेंद्र प्रताप सिंह, अय्यूब कुरैशी, मो. वसीम, फैज अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

### बच्चों ने किया चाचा नेहरू को याद


**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**। शहर के सेन्ट्रल एकेडमी विद्यालय में गुरुवार को चिल्ड्रेन डे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व पं. जवाहर लाल नेहरू जी के चित्र का माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय की प्रार्थना सभा का संचालन शिक्षकों द्वारा संपन्न किया गया। तत्पश्चात एक सुंदर स्पीच के साथ-साथ कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। एक छोटी सी आशा.... गीत ने सभी का मन मोह लिया। शिक्षकों द्वारा एक हास्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई, जिसका प्रमुख उद्देश्य समय का महत्व बताना था। इस नाटिका ने बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक राकेश पाल, जुबिन जॉय तथा आराधना शर्मा द्वारा बच्चों के बीच कई प्रतियोगिताएं कराई गई। जिसका शुभारंभ विद्यालय की प्रशासिका वीना पांडे तथा प्रधानाचार्या संचिता श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इसमें लगभग 500 बच्चों ने प्रतिभा किया। विभिन्न खेल जैसे 50 मीटर रेस, रिले रेस, शॉर्ट पुट वाली बाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस जैसे खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल तथा प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया।

## एडीजी और डीआईजी ने परखी महादेवी घाट की सुरक्षा व्यवस्था

जन एक्सप्रेस | कन्नौज

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन व उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र द्वारा कार्तिक पूर्णिमा पर्व के दृष्टिगत महादेवी घाट का आज निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, आलोक सिंह तथा उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, जोगेन्द्र कुमार ने आज कार्तिक पूर्णिमा मेले के अवसर पर मेंहदीघाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा संबंधी सभी तैयारियों का जायजा लिया तथा सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था,कंट्रोल रूम, पार्किंग और रूट डायवर्सन की समीक्षा की गई। गोताखोरों की उपयुक्त तैनाती सुनिश्चित की गई। अपर पुलिस महानिदेशक एवं उपमहानिरीक्षक ने सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) कुलवीर सिंह तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बहुचर्चित रेप काण्ड की सह आरोपी पूजा की जमानत याचिका खारिज



जन एक्सप्रेस | कन्नौज

चर्चित रेप कांड की सह आरोपी की गैंगस्टर एक्ट में जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी। शासकीय अधिवक्ता के पक्ष को सुनने के बाद पूजा के अपराध को गम्भीर मानते हुए कोर्ट ने ये फैसला दिया है। सपा नेता नवाब सिंह यादव द्वारा नाबालिग से रेप मामले के तीन आरोपियों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। मामले में तीनों आरोपी जिला जेल में बंद हैं।

इस केस में पूजा तोमर सह आरोपी है। पूजा तोमर के वकील अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने 8 नवम्बर को गैंगस्टर एक्ट कोर्ट में उसकी ओर से जमानत याचिका दाखिल की थी। जिस पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने 13 नवम्बर की तारीख मुकर्रर कर दी थी। गैंगस्टर एक्ट कोर्ट के स्पेशल जज नन्द कुमार ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुना और फिर अभियोजन पक्ष को सुना। अभियोजन पक्ष की ओर से कहा गया कि पूजा तोमर ने दबंग किस्म के राजनैतिक व्यक्तियों के साथ गैंग बनाकर गम्भीर अपराध किया है।

आर्थिक और भौतिक लाभ लेने के लिए ऐसे गम्भीर अपराध को अंजाम दिया है। जिससे इस कदर आतंक और भय व्याप्त है कि डर की वजह से कोई उसके खिलाफ गवाही देने को तैयार नहीं है। यदि पूजा तोमर को जमानत मिली तो वह साक्ष्यों को समाप्त करने का प्रयास करेगी और जमानत की शर्तों को दरकिनार कर भाग सकती है। मामले की जानकारी देते हुए शासकीय अधिवक्ता सुधीर पांडेय ने बताया कि धारा 3 (1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम 1986 में प्रस्तुत पूजा तोमर का जमानत प्रार्थना पत्र स्पेशल जज नन्द कुमार ने खारिज कर दिया है।

### नीलू की जमानत भी हो चुकी खारिज

रेप केस में साक्ष्य मिटाने का प्रयास करने के आरोपी गैंगस्टर नीलू यादव की ओर से उनके वकील ने पहले ही जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायधीश नन्द कुमार ने जमानत याचिका 28 अक्टूबर को खारिज कर दी थी। रेप केस मामले में मुख्य आरोपी नवाब सिंह यादव, सह आरोपी पूजा तोमर और नीलू यादव जिला जेल में निरुद्ध हैं।

### 19 नवम्बर को होंगे पीड़िता के बयान

कन्नौज का चर्चित रेप केस अब ट्रायल पर है। इसके लिए नाबालिग पीड़िता के 12 नवम्बर को पाक्सो एक्ट कोर्ट में बयान होने थे, लेकिन न्यायिक अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण उसके बयान नहीं हो सके। अब नाबालिग किशोरी के बयान के लिए 19 नवम्बर की तारीख मुकर्रर की गई है, जबकि आरोपियों की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग से होगी।

### 11 अगस्त की रात हुआ था कथित रेप

कन्नौज के चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय में नाबालिग भतीजी को उसी की बुआ नवाब सिंह के पास ले गई थी। जहां उसके साथ नवाब सिंह ने रेप किया। इसके बाद उसने बाहर निकलकर 112 पर कॉल कर के पुलिस बुला ली और नवाब सिंह यादव अपने ही डिग्री कॉलेज में आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए। 12 अगस्त को पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया था। तब से वह लगातार जेल में हैं।

## बाल कार्निवाल का समापन समारोह सम्पन्न




जन एक्सप्रेस | कन्नौज

महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा सम्मान तथा स्वालंबन हेतु मिशन शक्ति 5.0 के विशेष अभियान के अंतर्गत10 से 14 नवम्बर तक बाल कार्निवल का आयोजन किया। जिसमें महिला कल्याण विभाग सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज और माया देवी इंटर कॉलेज जनपद कन्नौज में बाल कार्निवाल के अंतर्गत बाल दिवस के उपलक्ष्य पर कार्निवल समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के मध्य खेलकूद प्रतियोगिता विभिन्न कार्यक्रमों यथा म्यूजिक नाटक और बच्चों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

और वर्तमान में सरकार की तरफ से चलाई जा रही बिभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा चाइल्ड हेल्पलाइन न0 1098 एवं बच्चों के अधिकारों, बच्चों के उज्जवल भविष्य निर्माण में माता-पिता के सहयोग

बाल विवाह एवं बाल श्रम जैसे विषयों पर चर्चा कर सभी को जागरूक किया गया।

साथ ही सरकार द्वारा चलाये जा रहे हेल्पलाइन नंज़ 181, 1090, 112, 102, 1098, 1076, आदि के प्रति जागरूक भी किया गया।

कार्यक्रम में, वन स्टॉप सेंटर कि केंद्र प्रशासक विनीता, गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्राचार्य दिव्या शर्मा एवं शिक्षक गण और माया देवी इंटर कॉलेज से प्राचार्य योगेंद्र पाल शिक्षक गण प्रियंका मिश्रा, सारिका, संगम, सत्यम समस्त शिक्षक गण, चाइल्ड हेल्पलाइन से स्टाफ छाया, श्रीमती मीना देवी, सूरज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पीएलबी शुभा, बच्चे आदि उपस्थित हुए।

# कांग्रसियों ने धूमधाम से मनाई नेहरू की 135वीं जयंती

जन एक्सप्रेस | कन्नौज

आज जिला कांग्रेस कार्यालय मकरंद नगर में जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल की अध्यक्षता में देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न एवं स्वतंत्रता सेनानी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का 135 व जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया और सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मौके पर गोमती देवी प्राथमिक पाठशाला मकरंद नगर कन्नौज में बच्चों के बीच जाकर कॉपी पेन पुरस्कार के रूप में वितरण किया। जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने स्वर्गीय पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें याद कर बताया की पंडित नेहरू जी को बच्चों से काफी लगाओ और स्नेह था वह अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में प्रोटोकॉल को तोड़कर बच्चों को खिलाने लगते थे और बच्चों के बीच जाकर उन्हें गुब्बारे दिया करते थे तभी बच्चे उन्हें चाचा के नाम से पुकारते थे अगर देश की आजादी में किसी का सबसे बड़ा योगदान था तो वह पंडित नेहरू जी थे जो आजादी की लड़ाई में सबसे ज्यादा अंग्रेजी हुकूमत की प्रताड़ना सहते हुए अपना समय जेल में काफी समय बिताया था उन्होंने ही देश में भाईचारा को कायम करते हुए ÷हिंदू मुस्लिम सिख इसाई हम सब है भाई भाई का नारा देकर देश को एक मजबूत राष्ट्र की बुनियाद रखी थी वर्तमान सत्ताधारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी बटोगे तो कटोगे का नारा देकर देश में सांप्रदायिकता का माहौल बनाने का कार्य कर रहे है सत्ता के लालच में इतने नीचे स्तर पर गिर गए हैं कि देश में आम जनमानस को जाति पात में बांटने का कार्य कर रहे हैं जिस कारण देश हमारा काफी पीछे होता जा रहा है जो यह चिंता का विषय है अगर विपक्ष का कोई नेता देश हित में आवाज उठाता है तो उसके ऊपर सरकारी अधिकारियों का दबाव डलवा कर उसे जेल भिजवा दिया जाता है जो लोकतंत्र की सरेआम हत्या की जा रही है। नेहरू जी के जन्म दिवस मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष तारीक बशीर, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद शाक्य, जिला अध्यक्ष रीना सिंह वर्मा, पूर्व शहर अध्यक्ष एहसान उल हक, यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष इमरान अली जिला महासचिव रमाशंकर राठौर, सहित दर्जनों कांग्रेसी मौके पर उपस्थित रहे।

# महिला महाविद्यालय में आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएँ

जन एक्सप्रेस | कन्नौज

आज राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर के तत्वावधान में रीतू सिंह के निर्देशन एवं संरक्षण में सड़क सुरक्षा बढ़ाने हेतु जनपद स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में आज क्विज, पोस्टर निर्माण और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम में जनपद के चार महाविद्यालयों के महाविद्यालय स्तर पर विजयी छात्रों ने प्रतिभागिता में भाग लिया। चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय मकरंद नगर से प्राचार्य डॉ आर एन मिश्रा एवं आरती, नेहरू कॉलेज छिबरामऊ से सर्वेश एवं राघवेंद्र, राजकीय महिला महाविद्यालय से भोजराज एवं राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर से समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। पी एस एम डिग्री कॉलेज से आमंत्रित प्रवक्ता लक्ष्मीनारायण, प्रवक्ता रामनारायण तथा डॉ. प्रियंका मिश्रा ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्राचार्य ने सर्वप्रथम अन्य महाविद्यालयों से पधारे हुए सम्मानित अतिथियों का औपचारिक स्वागत अभिनन्दन किया एवं सभी प्रतिभागियो का उत्साहवर्धन किया। पोस्टर प्रतियोगिता का विषय 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' था। इस प्रतियोगिता में चौ.चन्दन सिंह महाविद्यालय मकरंद नगर कन्नौज की बी. एससी. द्वितीय वर्ष की छात्रा नीतू ने प्रथम, बी. एससी. द्वितीय वर्ष की छात्रा तृतीय वर्ष की छात्रा लक्ष्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# रिलायंस-डिज्नी का मर्जर

## देश का सबसे बड़ा एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म बना, 120 चैनल, दो ओटीटी के साथ 75 करोड़ दर्शक, नीता अंबानी चेयरपर्सन होंगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




डिज्नी और रिलायंस एंटरटेनमेंट अब एक हो गए हैं। रिलायंस इंड्स्ट्री लिमिटेड, वायकॉम-18 और डिज्नी इंडिया ने गुरुवार, 14 नवंबर को इसका ऐलान किया। इस मर्जर के बाद डिज्नी और रिलायंस देश की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन गई है। डिज्नी-रिलायंस एंटरटेनमेंट के पास अब 2 ओटीटी और 120 चैनल के साथ 75 करोड़ दर्शक हो गए हैं। रिलायंस ने इस जॉइंट वेंचर के लिए 11,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस डील को लेकर पिछले एक साल से बातचीत चल रही थी। दोनों कंपनियों ने अपने जॉइंट स्टेटमेंट में बताया, ये डील 70,352 करोड़ रुपए में हुई है। मर्जर के बाद बनी कंपनी में रिलायंस की 63.16 प्रतिशत और डिज्नी की 36.84 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। इस नई कंपनी की चेयरपर्सन नीता अंबानी होंगी। वाइस चेयरपर्सन उदय शंकर होंगे। ये कंपनी को स्ट्रैटेजिक गाइडेंस देंगे।

### बिजनेस को तीन सीईओ लीड करेंगे

स जॉइंट वेंचर को तीन सीईओ लीड करेंगे। केविन वाज़ एंटरटेनमेंट ऑर्गनाइजेशन के प्रमुख होंगे। किरण मणि डिजिटल ऑर्गनाइजेशन की जिम्मेदारी संभालेंगी। संजोग गुप्ता स्पोर्ट ऑर्गनाइजेशन को लीड करेंगे। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा, इस जॉइंट वेंचर के साथ, इंडियन मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री एक ट्रांसफॉर्मेशनल एरा में प्रवेश कर रही है। मैं जॉइंट वेंचर के भविष्य को लेकर बहुत उत्साहित हूं और इसकी कामयाबी की कामना करता हूं। रिलायंस भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट सेक्टर कंपनियों में से एक है। इसका मार्केट कैप 17,15,498.91 करोड़ है। रिलायंस अभी हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन और प्रोडक्शन, पेट्रोलियम रिफाइनिंग और मार्केटिंग, पेट्रोकेमिकल्स, एडवांस मटेरियल और कंपोजिट, रिन्यूएबल एनर्जी (सोलर और हाइड्रोजन), डिजिटल सर्विस और रिटेल सेक्टर में काम करती है।

### जॉइंट वेंचर के पास 2 डिजिटल प्लेटफार्म

इस मेगा मर्जर में डिज्नी स्टार के 80 चैनल और रिलायंस के 40 चैनल जुड़ जाएंगे। यानी, कुल 120 चैनल हो जाएंगे। हालांकि इनमें से कुछ चैनल्स को बंद किया जा सकता है। दोनों के पास ओटीटी ऐप भी है- डिज्नी हॉटस्टार और जियो सिनेमा। वायाकॉम 18 के पास बीसीसीआई मैनेज्ड क्रिकेट मैचों के टीवी अधिकार भी हैं, जबकि डिज्नी स्टार के पास 2027 तक आईपीएल ब्रॉडकास्ट करने के टीवी अधिकार हैं। वहीं रिलायंस के पास उसके ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर आईपीएल दिखाने के अधिकार हैं। रिलायंस के न्यूज चैनल्स इस डील का हिस्सा नहीं होंगे, क्योंकि वो नेटवर्क 18 ग्रुप के तहत आते हैं। जॉइंट वेंचर को 30,000 से अधिक डिज्नी कंटेंट एसेट के लाइसेंस के साथ भारत में डिज्नी फिल्मों और प्रोडक्शन को डिस्ट्रीब्यूट करने के एक्सक्लूसिव राइट भी दिए जाएंगे।

- इस जॉइंट वेंचर का वित्त वर्ष 2024 में 26,000 करोड़ का रेवेन्यू रहा।
- जॉइंट वेंचर सालाना 30,000+ घंटे टीवी कंटेंट तैयार करता है।
- जियोसिनेमा और हॉटस्टार डिजिटल प्लेटफॉर्म के 5 करोड़ सब्सक्राइबर्स हैं।

### नीता अंबानी होंगी संयुक्त उद्यम की अध्यक्ष

नीता मुकेश अंबानी संयुक्त उद्यम की अध्यक्ष होंगी, जबकि उदय शंकर उपाध्यक्ष होंगे, जो संयुक्त उद्यम को रणनीतिक मार्गदर्शन देंगे। वहीं, केविन वाज , किरण मणि, संजोग गुप्ता नए स्टार इंडिया का सह-नेतृत्व करेंगे। संयुक्त उद्यम भारत में टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सबसे प्रतिष्ठित और आकर्षक मीडिया ब्रांड्स का संचालन करेगा। टेलीविजन की बात करें तो स्टार और कलर्स और डिजिटल मोर्चे पर जियोसिनेमा और हॉटस्टार का एकीकरण भारत और दुनिया भर में दर्शकों को मनोरंजन और खेल से जुड़ी सामग्री का व्यापक विकल्प प्रदान करेगा। संयुक्त उद्यम बनने से उपभोक्ताओं के लिए भारत के मनोरंजन उद्योग में एक नए युग की शुरुआत होगी। रिलायंस और डिज्नी का यह अनूठा संयुक्त उद्यम कंपनियों की कंटेंट क्रिएशन और क्यूरेशन क्षमता, विश्व स्तरीय डिजिटल स्ट्रीमिंग क्षमताओं के साथ-साथ डिजिटल फर्स्ट दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह दृष्टिकोण संयुक्त उद्यम को भारतीय दर्शकों और वैश्विक स्तर पर भारतीय प्रवासियों को सस्ती कीमतों पर बेजोड़ कंटेंट मुहैया कराने का विकल्प देगा।

### विलय हुई कंपनियों का संयुक्त राजस्व 26000 करोड़ रुपये

यह संयुक्त उद्यम भारत की सबसे बड़ी मीडिया और मनोरंजन कंपनियों में से एक होगी, जिसका संयुक्त राजस्व मार्च 2024 में समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के आंकड़ों के अनुसार लगभग 26,000 करोड़ रुपये (रु.3.1 बिलियन) है। संयुक्त उद्यम 100 से अधिक टीवी चैनल संचालित करता है और सालाना 30,000+ घंटे की टीवी मनोरंजन सामग्री तैयार करता है। जियोसिनेमा और हॉटस्टार डिजिटल प्लेटफॉर्म का कुल सब्सक्रिप्शन बेस 50 मिलियन से अधिक है। संयुक्त उद्यम के पास क्रिकेट, फुटबॉल और अन्य खेलों में खेल अधिकारों का पोर्टफोलियो है।

### 'भारतीय मनोरंजन उद्योग नए युग में प्रवेश कर रहा'

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 27 अगस्त 2024 को इस सौदे को मंजूरी दी थी। सीसीआई के अलावा, इस सौदे को यूरोपीय संघ, चीन, तुर्की, दक्षिण कोरिया और यूक्रेन के एंटी-ट्रस्ट अधिकारियों ने भी मंजूरी दी है। संयुक्त उद्यम के बारे में बात करते हुए, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा, इस संयुक्त उद्यम के गठन के साथ, भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग एक परिवर्तनकारी युग में प्रवेश कर रहा है। हमारी गहरी रचनात्मक विशेषज्ञता और डिज्नी के साथ संबंध, साथ ही भारतीय उपभोक्ता की हमारी बेजोड़ समझ भारतीय दर्शकों के लिए किफायती कीमतों पर बेजोड़ सामग्री विकल्प सुनिश्चित करेगी। मैं संयुक्त उद्यम के भविष्य को लेकर बहुत उत्साहित हूं और इसकी सफलता की कामना करता हूं।

# आप के महेश कुमार बने दिल्ली के महापौर



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार महेश कुमार ने जीत दर्ज की है। उन्होंने बीजेपी के शकूरपुर वार्ड पार्षद किशन लाल को मात दी। मेयर चुनाव के कड़े मुकाबले में आप ने भाजपा को तीन मतों से शिकस्त दी। मतगणना के दौरान वैध पाए गए 263 मतों में से महेश कुमार को 133 वोट प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी किशन लाल को 130 वोट मिले। वहीं, दो मत अवैध करार दिए गए। उधर, चुनाव में आठ सदस्यों ने भाग नहीं लिया। इनमें आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल और कांग्रेस के आठ में से सात पार्षद शामिल थे।

### कौन है महेश कुमार?

महेश कुमार करोल बाग विधानसभा क्षेत्र के देव नगर के वार्ड 84 से पार्षद हैं। महेश ने डीयू के मोतीलाल नेहरू कॉलेज से बीकॉम की पढ़ाई की है। दिल्ली के नए मेयर चुने जाने पर महेश कुमार खींची ने कहा, ÷बहुत खुशी का दिन है। सबसे पहले मैं हमारे पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का दिल से धन्यवाद करता हूं। जिन्होंने छोटे से कार्यकर्ता को इतने बड़े पद पर बैठाया। हम दिल्ली की भलाई के लिए काम करेंगे।

### दिल्ली को हर साल मिलता है एक नया मेयर

एमसीडी नियमों के अनुसार, दिल्ली में हर साल महापौर के चुनाव होते हैं। यह चुनाव अप्रैल में होते हैं। पहला कार्यकाल महिलाओं के लिए, दूसरा ओपन कैटेगरी के लिए, तीसरा आरक्षित श्रेणी के लिए और आखिरी दो कार्यकाल फिर से ओपन कैटेगरी के लिए निर्धारित हैं। आप को था क्रॉस वोटिंग का डर आप को क्रॉस वोटिंग होने का डर सता रहा था। उसकी राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल उससे नाराज चल रही हैं। वह पिछले कई माह से अपनी पार्टी की दिल्ली और एमसीडी सरकार को घेरने में लगी हैं। लिहाजा उनके चुनाव में आप उम्मीदवारों को मत देने की संभावना नहीं दिख रही थी, लेकिन उन्होंने मतदान ही नहीं किया। वहीं वार्ड समितियों के चुनाव में आप को तीन जोनों में क्रॉस वोटिंग का सामना करना पड़ा था। उसके कुछ पार्षदों ने पार्टी उम्मीदवारों के बजाए भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान कर दिया था। साउथ जोन में उसके उम्मीदवार हारते-हारते बचे थे।

### आप सासंद स्वाति मालीवाल और सात कांग्रेस पार्षदों ने नहीं डाला वोट

आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल और कांग्रेस के सात पार्षदों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। जबकि कांग्रेस की पार्षद सबीला बेगम ने पार्टी से इस्तीफा देते हुए आप को समर्थन देने का एलान किया। इस्तीफा पत्र में लिखा है कि मेयर चुनाव से दूर रहकर हम भाजपा का समर्थन नहीं कर सकते हैं।



# जातीय हिंसा के मद्देनजर केंद्र सरकार का बड़ा फैसला मणिपुर के छह थाना क्षेत्रों में फिर से अफस्पा लागू



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मणिपुर के छह थाना क्षेत्रों में फिर से सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) लागू कर दिया है। इस अधिनियम के तहत किसी क्षेत्र को अशांत घोषित किया जाता है, जिससे सुरक्षा बलों को वहां प्रभावी रूप से कार्रवाई करने में सुविधा मिलती है। इन क्षेत्रों में जिरिबाम भी शामिल है, जहां हाल ही में हिंसा हुई थी।

### इन छह थाना क्षेत्रों दोबारा अफस्पा लागू

केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना में कहा गया कि यह फैसला मणिपुर में जारी जातीय हिंसा और अस्थिर स्थिति को देखते हुए लिया गया है। अफस्पा को जिन क्षेत्रों में फिर से लागू किया गया है, उनमें इंफाल पश्चिम जिले के सेकमई और लमसांग, इंफाल पूर्व जिले का लमसाई, जिरिबाम जिले का जिरिबाम, लेइमाखोंग, बिष्णुपुर जिले का मोइरंग क्षेत्र शामिल हैं।

### मणिपुर ने 19 थाना क्षेत्रों को अफस्पा से बाहर रखा था

मणिपुर सरकार ने एक अक्तूबर को राज्य के अधिकांश हिस्सों में अफस्पा लागू कर दिया था। हालांकि, उस समय 19 थाना क्षेत्रों को इससे बाहर रखा गया था, जिनमें ये छह थाना क्षेत्र भी शामिल थे। इसके बाद गृह मंत्रालय ने नई अधिसूचना में इन छह थाना क्षेत्रों को भी शामिल किया है। जिन 19 थाना क्षेत्रों को अफस्पा से बाहर रखा गया था, उनमें इंफाल, लंफाल, सिटी, सिंजामेई, सेकमई, लमसांग, पटसोई, वांगोई, पोरोमपट, हेइंगंग, लमलाई, इरिलबुंग, लेइमाखोंग, थौबल, बिष्णुपुर, नामबोल, मोइरांग, ककचिंग और जिरिबाम शामिल थे।

### सुरक्षा बलों ने मार गिराए 11 संदिग्ध उग्रवादी

मणिपुर में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से स्थिति गंभीर बनी हुई है। पिछले सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 11 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। इन उग्रवादियों ने काले कपड़ने पहने हुए थे और अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे। उन्होंने जिरिबाम जिले के एक थाने और एक सीआरपीएफ शिविर पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। इसके एक दिन बाद उग्रवादियों ने जिरिबाम जिले के छह नागरिकों का अपहरण किया, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे।

### मई में शुरु हुई थी हिंसा, मारे जा चुके 200 से ज्यादा लोग

राज्य में मई 2023 में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से अब तक 200 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और हजारों बेघर हो चुके हैं। हिंसा इंफाल घाटी में रहने वाले मेइती समुदाय और आसपास के पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी-जो समुदाय के बीच शुरू हुई थी। जिरिबाम जिला शुरू में इस संघर्ष से प्रभावित नहीं था। लेकिन जून 2024 में एक किसान का शव मिलने के बाद इस जिले में भी हिंसक झड़पें शुरू हुईं।

### छह लोगों के अपहरण के खिलाफ मानव श्रृंखला बनाई

जिरिबाम जिले में उग्रवादियों द्वारा तीन महिलाओं और तीन बच्चों के कथित अपहरण के खिलाफ इंफाल घांटी के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों ने मंगलवार को मानव श्रृंखला बनाई और अपना विरोध जताया। छात्रों ने काले झंडे और काले बैज पहने हुए थे। उन्होंने आज बच्चों का दिन है, निर्दोष बच्चों को छोड़ो, हमारे दोस्तों को रिहा करो जैसे नारे लिखी हुई तख्तियों को पकड़ा हुआ था। इस विरोध प्रदर्शन का आयोजन कोकोमी स्टुडेंट फंट ने किया था, जो कि मणिपुर में मैतई समुदाय का एक संगठन है।

# पंजाब-हरियाणा का जमा 'जहर' पहुंच रहा दिल्ली

## राजधानी का एक्यूआई 424, मौसम विभाग ने आज के लिए जारी किया यलो अलर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



राजधानी में हवा की गति व दिशा बदलने से वायु प्रदूषण गंभीर श्रेणी में बरकरार है। गुरुवार को सीजन में पहली बार वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 424 दर्ज किया गया। इसमें बुधवार की तुलना में छह सूचकांक की वृद्धि देखने को मिली। इससे हवा और दमघोंटू हो गई है। हालांकि, कोहरा व स्मॉग से मामूली राहत मिली। इससे पालम हवाई अड्डे पर मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहा। यहां सुबह सात बजे से साढ़े आठ बजे तक सबसे कम दृश्यता 300 मीटर दर्ज की गई। हवा की गति में सुधार के बाद साढ़े नौ बजे दृश्यता 500 मीटर हो गई। उधर, सफदरजंग हवाई अड्डे पर सुबह सात से आठ बजे तक सबसे कम दृश्यता 400 मीटर दर्ज की गई, जो बाद में बिगड़कर एक घंटे बाद 250 मीटर हो गई। हालांकि, मुख्य रूप से धुंध की स्थिति रही। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान घने से घना कोहरा छाए रहने की आशंका है। वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार 16 इलाकों में हवा अति गंभीर, नौ इलाकों में हवा गंभीर, छह इलाकों में बेहद खराब और एक इलाके में हवा खराब रही। मौसम विभाग के मुताबिक, गुरुवार दिन भर दृश्यता कम होने और घने कोहरे से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, दिन में सूरज बादलों के बीच छुपा रहा। इससे ठीक तरह से धूप नहीं निकली।

### दिन भर स्मॉग की चादर छाई रही

धुंध व स्मॉग की वजह से सड़कों पर वाहनों की गति धीमी रही। वहीं, लोगों को वाहनों की हैडलाइट्स ऑन करके सफर करना पड़ा। उधर, हवा की सेहत गंभीर होने के साथ ही लोगों को दमघोंटू हवाओं में सांस लेना पड़ा। कोहरे के साथ प्रदूषकों के मिलने से दिल्ली में दिन भर स्मॉग की चादर छाई रही। इससे लोगों को दूर तक देखने में परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि हिमालय क्षेत्र में पश्चिम विक्षोभ सक्रिय है। इसकी वजह से हवा की दिशा उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने लगी है। इससे दिल्ली से सटे पंजाब और हरियाणा के ऊपर जमा हुआ प्रदूषण दिल्ली की तरफ रुख कर गया है। इस दौरान सतह पर चलने वाली हवाओं की गति भी धीमी रही। इससे प्रदूषक दूर तक नहीं फैल सके और दिल्ली में प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में पहुंच गया।

# राजनाथ सिंह 20-22 नवंबर तक करेंगे लाओस दौरा, आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में लेंगे भाग



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 20 से 22 नवंबर तक लाओस का दौरा करेंगे। वे यहां पर 11वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। एडीएमएम-प्लस आसियान के सदस्य देशों में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलयेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम हैं। इसके आठ संवाद साझेदार भारत, अमेरिका, चीन, रूस, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड हैं। आसियान सुरक्षा और रक्षा सहयोग को मजबूत करने का एक मंच है। भारत 1992 में आसियान का संवाद साझेदार बना। इसके अलावा एडीएमएम-प्लस का पहला आयोजन 12 अक्तूबर 2010 को वियतनाम के हनोई में हुआ था। 2017 से आसियान और प्लस देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एडीएमएम-प्लस मंत्रियों की हर साल बैठक होने लगी। इससे मंगलवार को राजनाथ सिंह ने कहा था कि भारत पारंपरिक सीमा संबंधी खतरों से लेकर आतंकवाद, साइबर हमले और हाइब्रिड युद्ध जैसे अपरंपरागत मुद्दों तक विविध प्रकार की सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था चुनौतियों के बावजूद बेहतर तरीके से आगे बढ़ रही: शक्तिकान्त



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ''सुचारू तरीके से'' आगे बढ़ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने गुरुवार को यह बात कही। एक कार्यक्रम के दौरान बोल रहे दास ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की ओर से ब्याज दरों में कटौती के सुझाव पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) दिसंबर में होने वाली अपनी अगली बैठक में इस बारे में उचित निर्णय लेगी। अक्तूबर में महंगाई दर केंद्रीय बैंक के छह प्रतिशत के लक्ष्य से अधिक रही है। इस पर दास ने कहा कि मुद्रास्फीति में ''समय-समय पर उतार-चढ़ाव के बावजूद इसके कम होने की उम्मीद बनी हुई है।'' भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था ने हाल के दिनों में लंबे समय तक जारी उथल-पुथल के दौर में भी बहुत अच्छी तरह से काम किया है और जुझारू क्षमता दिखाई है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अभी कई तरह की बाधाएं हैं, जैसे बॉण्ड प्रतिफल में वृद्धि, जिंस कीमतों में उतार-चढ़ाव और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिम, लेकिन इसके बावजूद वित्तीय बाजारों में मजबूती है। आरबीआई गवर्नर ने इस बात पर जोर दिया कि देश के पास दुनिया का चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है। 31 अक्तूबर तक 682 अरब अमेरिकी डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार पूरे विदेशी कर्ज और एक साल के आयात भुगतान के लिए पर्याप्त है।

### सेवा निर्यात के मामले में भी वृद्धि मजबूत बनी हुई है

दास के अनुसार, ''भारतीय अर्थव्यवस्था सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है, जिसे मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे.. स्थिर वित्तीय प्रणाली और मजबूत बाह्य क्षेत्र की वजह से बल मिल रहा है।'' रुपये के नये निचले स्तर पर पहुंचने पर दास ने कहा कि भारत के बाह्य क्षेत्र ने हाल की अवधि में ''मजबूती व स्थिरता''दिखाई है। चालू खाते का घाटा यानी कैड प्रबंधन के स्तर पर बना हुआ है। इसके अलावा वस्तुओं का निर्यात बढ़ा है जबकि सेवा निर्यात के मामले में भी वृद्धि मजबूत बनी हुई है।

# एसडीएम थप्पड़ कांड: नरेश मीणा समर्थकों के उपद्रव में दो पत्रकारों पर हमला, कैमरा छीनकर लगाई आग



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। टोंक

टोंक जिले में एसडीएम थप्पड़ कांड के बाद शुरू हुए उपद्रव में एक पत्रकार के साथ मारपीट का मामला भी सामने आया है। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा की गिरफ्तारी के बाद फैली हिंसा में की कवरेज कर रहे पीटीआई के रिपोर्टर और कैमरामैन पर भीड़ ने हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। रिपोर्टर अजीत शेखावत और कैमरापर्सन धर्मेंद्र कुमार इस हमले में बुरी तरह से घायल हो गए। हमलावरों ने उनका कैमरा भी छीन लिया और उसे आग के हवाले कर दिया। पत्रकार अजीत शेखावत की बाईं आंख के नीचे चोट आई है। खून बहते हुए का एक वीडियो उन्होंने दिल्ली मुख्याल में अपने संपादकों को भेजा। वीडियो में बताया कि उनके साथी धर्मेंद्र को सिर पर गंभीर चोट लगी है। उनकी बांह टूटने का भी संदेह है। दोनों घायल पत्रकार एक सहयोगी के वाहन से अस्पताल की ओर रवाना हुए। यह हमला उस समय हुआ जब वे कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा का इंटरव्यू लेने की तैयारी कर रहे थे, जो घटनास्थल पर स्थिति का जायजा लेने पहुंचे थे। इस हिंसा की शुरुआत बुधवार शाम को हुई थी। पुलिस ने कांग्रेस के बागी उम्मीदवार नरेश मीणा के समर्थकों को धरना देने से रोकने का प्रयास किया। इसके पहले बुधवार को नरेश मीणा ने चुनावी ड्यूटी पर तैनात एसडीएम मालपुरा अमित चौधरी को कैमरों के सामने थप्पड़ मार दिया था।



# तीनों सेनाओं, डीआरडीओ और रक्षा उद्योग के अधिकारियों की बैठक, संयुक्त अभियानों और नई तकनीकों पर हुई चर्चा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तीनों सेनाओं, डीआरडीओ और रक्षा उद्योग से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों की एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में संयुक्त अभियानों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, सिग्नेचर प्रबंधन, स्पेक्ट्रम प्रबंधन, मानव संसाधान प्रबंधन और उभरती हुई तकनीकों जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। संयुक्त इलेक्ट्रमैग्नेटिक बोर्ड (जेईबीएम) की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता एकीकृत रक्षा स्टाफ (अभियान) के उप प्रमुख एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा ने की। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बैठक में एआई-समर्थित ई-तरंग प्रणाली का भी शुभारंभ किया गया, जो रक्षा क्षेत्र की प्रभावी योजनाओं और प्रबंधन में मदद करेगी। यह प्रणाली उच्च आवृत्ति बैंड में नई तकनीकों के विकास को समर्थन देगा और युद्धकाल व शांति काल में रक्षा उपकरणों के संचालन को बिना किसी परेशानी के सुनिश्चित करने में मदद करेगा। इस सॉफ्टवेयर को भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना संस्थान (बीआईएसएजी-एन) के सहयोग से विकसित किया गया है। इसके अलावा, इस बैठक में टेक्निकल न्यूज लेटर-2024 (टीएनएल) भी जारी किया गया, जो भविष्य की उन तकनीकों पर जोर देता है, जो आधुनिक युद्ध की धारा को बदलने की क्षमता रखती हैं।

# आर्मी, वायु सेना और नौसेना के इन कर्मियों के लिए बोनस की घोषणा, मिलेगा 40 दिन का वेतन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना के पात्र रक्षा नागरिक कर्मचारियों के लिए बोनस की घोषणा की है। इसके तहत 40 दिन के वेतन का भुगतान किया जाएगा। इस बोनस को उत्पादकता से जुड़ा बोनस (पीएलबी) कहा जाता है। वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए तीनों सेनाओं के सभी पात्र जीपी बी (अराजपत्रित) और जीपी सी (अराजपत्रित) कर्मचारी, जो लेखा वर्ष 2023-2024 के लिए पीएलबी योजना के अंतर्गत आते हैं, उन्हें बोनस का फायदा मिलेगा। रक्षा मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए सेना आयुध कोर (एओसी) / भारतीय सेना के पात्र रक्षा नागरिक कर्मचारियों के लिए उत्पादकता से जुड़े बोनस की घोषणा की है। एओसी/भारतीय सेना के पात्र औद्योगिक नागरिक कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए बतौर उत्पादकता से जुड़े बोनस (पीएलबी) के रूप में 40 दिनों के वेतन का भुगतान किया जाएगा। एओसी/भारतीय सेना के सभी पात्र जीपी बी (अराजपत्रित) और जीपी सी (अराजपत्रित) कर्मचारी, जो लेखा वर्ष 2023-2024 के लिए पीएलबी योजना के अंतर्गत आते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)